संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे
- 12

भारत के स्वदेशी एआई मॉडल के लिए वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई
- 12

गाजा युद्ध : मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण
- 13

कुलदीप अब शीर्ष बाएं हाथ के कलाई के स्पिनरों के क्लब में शामिल
- 14

आज का मौसम

31.0° अधिकतम तापमान

18.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.12

सूर्यास्त 05.45

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

कार्तिक कृष्ण पक्ष सप्तमी 12:24 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025, वर्ष 6, अंक 324, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

मंधाना ने एक साथ दो विश्व रिकॉर्ड बनाए

विशाखापत्तनम। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला वर्ल्ड कप मैच में एक और वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन बनाने वाली क्रिकेट इतिहास की पहली महिला खिलाड़ी बन गईं। साथ ही वनडे क्रिकेट में सबसे युवा और सबसे तेज पांच हजार रन बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। मिताली राज के बाद 5000 रन की यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह दुनियां की पांचवीं और दूसरी भारतीय बल्लेबाज बनीं। मंधाना ने 112 पारियों और 5,569 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की जिससे उन्होंने महिला क्रिकेट की स्टेफनी टेलर की 129 पारियों और सूजी बेट्स की 6,182 गेंदों की संख्या को पीछे छोड़ दिया। मंधाना ने पारियों के मामले में पुरुष टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली 114 पारी और धवन 118 पारियों को पीछे छोड़ दिया।

1000
रन एक कैलेंडर वर्ष में पूरा करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं

5000
सबसे तेज रन बनाने वाली युवा बल्लेबाज बनीं भारतीय उपकप्तान

रविवार को मंधाना ने 66 गेंद में 80 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की और प्रतिका रावल के साथ 155 रन की साझेदारी की जो इस प्रतियोगिता में सलामी बल्लेबाजों के बीच पहली शतकीय साझेदारी भी थी। इस मैच से पहले मंधाना के 17 मैच में 982 रन थे। मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया की बेलिंडा क्लार्क (1997 में 970 रन) का एक कैलेंडर वर्ष में सबसे ज्यादा रन बनाने का पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया।

रन फॉर यूनिटी से एकता व अखंडता की अलख : योगी

सीएम बोले-31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक 'सरदार @150 यूनिटी मार्च'

- लोकसभा क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा, अभियान से जुड़ेंगे खिलाड़ी-कलाकार व युवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारत रत्न और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए प्रदेश सरकार ने सरदार@150 यूनिटी मार्च का एलान किया है। बताया कि रन फॉर यूनिटी 31 अक्टूबर से 26 नवंबर तक प्रदेशभर में एकता और अखंडता के प्रतीक इस अभियान को चलाया जाएगा। सभी क्षेत्रों में तीन दिवसीय पदयात्रा होगी और अभियान से खिलाड़ी, कलाकार व युवा जुड़ेंगे।

आवास पर रविवार को प्रेस ब्रीफिंग में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती पर पूरे प्रदेश में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन होगा। साथ ही 31 अक्टूबर से 26 नवंबर (संविधान दिवस) तक सरदार@150 यूनिटी मार्च चलेगा। इसमें यूपी के खिलाड़ी, कलाकार और युवा भाग लेंगे। प्रत्येक जिले से चुने गए पांच-पांच युवा गुजरात की धरती पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 150 किमी की पदयात्रा करेंगे। ये दल चार प्रमुख पड़ावों से गुजरते हुए सरदार साहब की जन्मभूमि तक पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल केवल स्वतंत्रता सेनानी नहीं, भारत की एकता के शिल्पी थे। जब हम विकसित भारत की ओर बढ़ रहे हैं, उनके आदर्श हमें नई दिशा देते हैं। कहा कि प्रदेश के हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर लंबी पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी। यात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर निबंध, वाद-विवाद, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, योग शिविर और वोकल फॉर लोकल अभियान जैसे कार्यक्रम होंगे। युवाओं को नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई जाएगी।

सरदार वल्लभभाई पटेल के 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पत्रकार वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

पटेल के आगे नहीं चली नवाब व निजाम की मनमानी

योगी ने कहा कि जूनागढ़ के नवाब और हैदराबाद के निजाम की मनमानी उस समय सरदार पटेल के दृढ़ निश्चय के आगे टिक नहीं सकी। लौहपुरुष की दूरदर्शिता से ही आज का अखंड भारत संभव हुआ। कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से सरदार पटेल जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष देशभर में 'सरदार @150 यूनिटी मार्च' आयोजित होगा।

आईपीएस आत्महत्या में प्राथमिकी में जोड़ी धाराएं

चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार की आत्महत्या मामले में एससी/एसटी अधिनियम के संबंधित प्रावधान जोड़ने की उनकी पत्नी की अपील के बाद, पुलिस ने इस मामले में दर्ज प्राथमिकी में और आरोपों को शामिल किया है।

पूरण की पत्नी एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अमनीत पी कुमार ने पुलिस को लिखे पत्र कर कमजोर धाराओं को संशोधित किए जाने की बात कही थी। एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3 (2) (पांच) इस मामले में लागू होने वाली उपयुक्त धारा है।

बीएसएफ की वायु शाखा की पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर बनीं भावना

नई दिल्ली, एजेंसी

- 50 साल से अधिक पुराना इतिहास बदला, बीएसएफ डीजी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए

बीएसएफ की वायु शाखा को अपने 50 साल से अधिक के इतिहास में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर मिली है। वायु शाखा में पहली महिला फ्लाइट इंजीनियर की नियुक्ति आंतरिक प्रशिक्षण पूरा होने के बाद हुई है।

इंस्पेक्टर भावना चौधरी व चार पुरुष अधीनस्थ अधिकारियों को हाल में बीएसएफ डीजी दलजीत चौधरी ने फ्लाइंग बैज प्रदान किए। सीमा सुरक्षा बल को 1969 से गृह मंत्रालय की विमानन इकाई का संचालन करने का दायित्व सौंपा गया है और यह सभी अर्द्धसैनिक बलों व एनएसजी व एनडीआरएफ जैसे विशेष बलों की अभियानगत आवश्यकता को पूरा करता है। पांचों अधीनस्थ अधिकारियों को बीएसएफ वायु शाखा के प्रशिक्षकों द्वारा शुरू से ही प्रशिक्षित किया गया था और उन्होंने हाल में अपना दो महीने का प्रशिक्षण पूरा किया है।

भाजपा-जदयू 101-101 सीटों पर लड़ेंगी चुनाव

नई दिल्ली/पटना, एजेंसी

बिहार चुनाव : राजग दलों में सहमति के बाद सीटों का एलान

- लोजपा (रामविलास) 29, रालोमो 6 और हम – 06 सीट पर लड़ेंगे चुनाव

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सीटों का एलान आधिकारिक रूप से रविवार शाम को कर दिया गया। दलों में हुए समझौते के तहत भाजपा 101, जनता दल (यूनाइटेड) जेडीयू- 101 लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) लोजपा (आर) - 29, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (आरएलमो) - 06 और हिंदुस्तानी अवामी मोर्चा (हम) - 06 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरेंगी। यह जानकारी बिहार चुनाव के भाजपा प्रभारी एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने एक पोस्ट में दी।

बिहार के उपमुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी ने भी सीट बंटवारे की जानकारी एक्स पर दी थी। धर्मेंद्र प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, हम राजग के साथियों ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूर्ण किया। राजग के सभी दलों के कार्यकर्ता और नेता इस सीट बंटवारे हर्षपूर्वक स्वागत करते हैं। प्रधान ने अपने पोस्ट में लिखा बिहार है तैयार, फिर से राजग सरकार। गौरतलब है कि बिहार सीट बंटवारे को लेकर राजग के सभी दलों के बीच पिछले कई दिनों में कई दौर की बैठक दिल्ली और बिहार में हुई थी। लेकिन रविवार शाम को राजग दलों में आपसी सहमति के बाद सीटों की सूची जारी कर दी गई। वहीं रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने अपने एक्स हैंडल सीट बंटवारे को शेयर करते हुए लिखा कि राजग साथियों ने मिल-बैठकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सीटों का वितरण पूरा किया। हम पार्टी के प्रमुख मांझी ने सीट बंटवारे की आधिकारिक घोषणा से पहले ही एक्स पर एक पोस्ट में यह साफ कर दिया था कि वह राजग सहयोगी के तौर पर चुनाव में उतरने जा रहे हैं।



अमृत विचार

बरेली, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

शाहजहांपुर

न्यूज ब्रीफ

खोया मोबाइल पाकर खिला चेहरा

पीलीभीत, अमृत विचार : मिशन शक्ति अभियान के तहत जीआरपी टीम प्लेटफार्म, ट्रेन के भीतर महिला यात्रियों को जागरूक कर रही है। हेल्पलाइन नंबर और योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी दौरान एक महिला का 20 हजार रुपये का मोबाइल गिर गया। इसकी जानकारी करने के बाद टीम ने मोबाइल को तलाश किया और महिला यात्री माधोटांडा थाना क्षेत्र के ग्राम शाहगढ़ निवासी सरिता पत्नी गंगाराम को दिया। इस पर महिला ने राहत महसूस की और टीम का आभार जताया।

मकान दिलवाने के नाम पर ठगी, दो पर रिपोर्ट

पीलीभीत, अमृत विचार : कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने ग्राम खपरैल गोटिया निवासी सीमा उपाध्याय की ओर से धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें बताया कि उसने रवि मौर्य से एक मकान खरीदा था। जिसे कॉलोनाइजर पिंटू यादव ने पूरी तरह विवाद रहित बताकर दिलवाया। यह मकान लोन कराकर लिया गया था। इसमें वह रहने लगी लेकिन कुछ महीने बाद बरेली की एक फाइनेंस कंपनी की ओर से नरेश पुत्र प्रभचरन निवासी ग्राम धुंधरी थाना जहानाबाद के नाम से एक लोन बकाया होने का नोटिस चस्पा कर दिया गया। इस संबंध में जब पिंटू यादव और रवि मौर्य से संपर्क किया तो उन्होंने गलती से नोटिस लगने की बात कहकर टाल दिया। कुछ समय बाद फाइनेंस कंपनी और पुलिस के लोग दोबारा घर के बाहर पहुंचे और नोटिस लगाकर घर खाली करने की चेतावनी दी। फिर पता चला कि कॉलोनाइजर पिंटू यादव और रवि मौर्य ने उसके साथ धोखाधड़ी की है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

महिला आयोग के आदेश पर एफआईआर

बिलसंडा, अमृत विचार : राष्ट्रीय महिला आयोग के आदेश पर पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम मरौरी खास निवासी मुख्तयार की ओर से 10 लोगों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की। जिसमें बताया कि उसने पुत्री गुरमीत कौर की शादी 8 साल पहले शाहजहांपुर के थाना खुदागंज क्षेत्र के मोहल्ला दीपनगर निवासी गुरुमीत सिंह से की थी। कुछ समय बाद से ही पति, सास रंजीत कौर, रक्षपाल सिंह, ननद संदीप कौर, ससुर सुखविंदर सिंह आदि दहेज में पांच लाख रुपये व बुलेट बाइक की मांग करने लगे। मानसिक और शारीरिक रुप से पुत्री को प्रताड़ित किया। फिर कर्ज लेकर बुलेट बाइक व रुपये दे दिए। मगर इसके बाद भी मारपीट की जाती रही। फरवरी 2025 में पुत्री को ससुरालिये मायके छोड़ गए ।

पुलिस की निगरानी में हुई पीसीएस परीक्षा

प्रथम पाली की परीक्षा में 3987 और द्वितीय पाली में 4012 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः यूपीपीसीएस परीक्षा रविवार को जिले भर में बनाए गए 18 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कराई गई, जिसमें दोनों पालियों की परीक्षा में कुल 15360 अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। प्रथम पाली की परीक्षा में 7680 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3693 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, शेष 3987 अभ्यर्थी परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे। द्वितीय पाली में भी 7680 अभ्यर्थियों को परीक्षा देनी थी, लेकिन 3638 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 4012 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।

राजकीय इंटर कॉलेज खिरनी बाग, इस्लामिया इंटर कॉलेज बहादुरपुरा जेल रोड, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज मालखाना मोड़, आर्य महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय सदर बाजार, आर्य महिला इंटर कॉलेज कटिया टोला, हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज दलेलगंज, जनता इंटर कालेज सिंजई, स्वामी शुकदेवानंद कालेज बरेली मोड आदि कालेजों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ उमड़ने लगी। गेट पर तैनात पुलिस कर्मियों ने अभ्यर्थियों की गहनता से जांच के बाद प्रवेश दिया।

प्रथम पाली की परीक्षा में पंजीकृत 7680 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 50 फीसदी से कम 3693 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 3987 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। कमोवेश यही स्थिति दूसरी पाली में भी देखने को मिली, जब पंजीकृत 7680 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 4012 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। यहां भी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 50 फीसदी से कम 3628 रही। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि यूपीपीसीएस परीक्षा सभी 18 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और अपरान्ह 2:30 से 4:30 बजे तक सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। इस दौरान कहीं भी कोई गड़बड़ी नहीं हुई और न ही कोई नकलची पकड़ा गया। दोनों पालियों में पंजीकृत कुल 15360 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 7331 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि दोनों पालियों में कुल 7999 अभ्यर्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

परीक्षा केंद्र के गेट पर अभ्यर्थी की जांच करता पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे देखते डीआईओएस। ● अमृत विचार

● जिले भर में बनाए 18 परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हुई परीक्षा

आधे से ज्यादा अभ्यर्थी रहे नदारद

तिलहर, अमृत विचार : तीन परीक्षा केंद्रों पर कुल 1152 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन केवल 551 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 601 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। तिलहर क्षेत्र में परीक्षा के लिए एलबीजेपी इंटर कॉलेज, आरवीएम इंटर कॉलेज और लाला बुलॉकी दास हिंदू महिला इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। एलबीजेपी इंटर कॉलेज में 186, आरवीएम इंटर कॉलेज में 173 और लाला बुलॉकी दास इंटर कॉलेज में 192 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या नकल की घटना न हो, इसके लिए सुरक्षा के सख्त इंतजाम किए गए थे। कोतवाल राकेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ सभी केंद्रों पर दिनभर गश्त करते रहे और परीक्षा शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराई गई।

डेढ़ हजार से अधिक परिवारों को नहीं मिली आर्थिक मदद

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 828 परिवारों को मिला लाभ

अमृत विचारः पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता से जिले में करीब डेढ़ हजार पीड़ित परिवार वंचित है और अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं। अधिकारी बताते हैं कि बजट के अभाव में आवेदकों को धनराशि भेजी नहीं जा सकी है। बजट मिलने पर पीड़ित परिवारों को लाभ मिलेगा, लेकिन कब तक इंतजार करना पड़ेगा। यह अभी पीड़ित परिवारों के लिए सवाल बना हुआ है।

पारिवारिक लाभ योजना के तहत जिन परिवारों के मुख्य कमाने वाले व्यक्ति की मृत्यु हो गई है तो परिवार के अगले मुखिया को राज्य सरकार से वित्तीय सहायता मिलेगी। मुआवजे के रूप में एकमुश्त 30 हजार रुपये दिए जाते हैं। मुआवजे का दावा करने के लिए व्यक्ति को योजना के तहत पंजीकरण के लिए आवेदन करना होगा। संपूर्ण आवेदन प्रक्रिया केवल ऑनलाइन उपलब्ध है। योजना के लिए ऑफलाइन आवेदन करने का प्रावधान नहीं है। योजना का लाभ लेने के लिए परिवार की वार्षिक आय शहरी क्षेत्रों में 56,450 रुपये और ग्रामीण क्षेत्रों में 46,080 रुपये अधिक नहीं होनी चाहिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ऐसी पात्रता वाले जिले में करीब 2400 पीड़ित परिवार हैं, जिन्होंने वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए आनलाइन आवेदन कर रखा है। इनमें से 828 पीड़ित परिवारों को 30-30 हजार रुपये वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है, लेकिन 1500 से अधिक परिवारों को वित्तीय सहायता नहीं मिल पाई है। ऐसे परिवारों के सदस्य जानकारी प्राप्त करने के लिए विकास भवन स्थित जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। वित्तीय सहायता जल्द पाने के लिए अधिकारियों से फरियाद कर रहे हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 1500 से अधिक पात्र लाभार्थियों के खाते में वित्तीय सहायता भेजी जानी है, लेकिन बजट के अभाव में प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों का वित्तीय सहायता के लिए चयन हो चुका है, वह किसी दलाल या बिचौलिए के बहकावे न आएं और न ही किसी को पैसे दें, क्योंकि बजट मिलते ही वित्तीय सहायता उनके खाते में भेजी जाएगी।

खाद्य विभाग ने खराब छेना कराया नष्ट

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचारः जिला प्रशासन के सख्त रुख के चलते क्षेत्र के गंगसरा गांव में रविवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने छापेमारी कर घटिया क्वालिटी के छेने से बनी मिठाइयों को नष्ट कराया। टीम ने एक दुकान से रसगुल्ले का सैंपल भी जांच के लिए लिया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई के दौरान मिठाई दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानों पर अचानक हुई जांच से अफरातफरी का माहौल रहा। अधिकारियों ने दुकानदारों को साफ चेतावनी दी कि मिलावटी या घटिया सामग्री बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सहायक खाद्य आयुक्त चंद्र शेखर मिश्रा के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी बागीश मणि त्रिपाठी व क्षेत्रीय खाद्य सुरक्षा अधिकारी मानवेन्द्र सिंह की टीम ने गंगसरा में बालाजी मिष्ठान पर छापेमारी कर छेना का सैम्पल लिया साथ ही खराब क्वालिटी के 20 किलो माल नष्ट कराया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि गंगसरा गांव में एक मिठाई की दुकान पर छापा मारते समय पाया गया कि मिठाइयों में इस्तेमाल किया गया छेना बेहद खराब गुणवत्ता का था, जिसे तुरंत नष्ट कर दिया गया। साथ ही, रसगुल्ले का नमूना प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। खाद्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद मिठाई दुकानदारों में दहशत है। अधिकारियों ने सभी व्यापारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि त्योहारों के मौसम में किसी भी तरह की मिलावट या खराब सामग्री के प्रयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्रवाई करती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ● अमृत विचार

● रसगुल्ले का सैंपल जांच के लिए भेजा गया

स्वदेशी मेले में अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दिखेगी झलक

शाहजहांपुर, अमृत विचारः यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला में अब सांस्कृतिक कार्यक्रमों की झलक दिखेगी, जिसके लिए अलग-अलग दिनों के लिए जिला प्रशासन की ओर से कई कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है।

जीआईआसी ग्राउंड खिरनी बाग में चल रहे स्वदेशी मेला में सोमवार शाम 5 बजे से भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिसमें स्थानीय स्तर के कलाकार भी शामिल रहेंगे। अगले दिन यानी मंगलवार को लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम कराए जाएंगे। 15 को महिलाओं द्वारा डांडिया उत्सव मनाया जाएगा। 16 को कवि सम्मेलन कराया जाएगा। वहीं 17 को दीपोत्सव एवं सांस्कृतिक के साथ कार्यक्रमों की श्रृंखला समाप्त हो जाएगी। इसके बाद 18 को स्वदेशी मेला का समापन किया जाएगा।

डॉ. राम मनोहर लोहिया को दी श्रद्धांजलि

डॉ. लोहिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः सपा ने रविवार को प्रखर समाजवादी विचारक डॉ. राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने की। उन्होंने कहा डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कम समय में अपनी प्रतिभा और समाजसेवा से देश की राजनीति में अमिट छाप छोड़ी। वे मात्र दो वर्षों में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त कर देश लौटे और स्वतंत्रता संग्राम में स्वयं को समर्पित कर दिया। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान और उसके बाद लोहिया ने अपने विचारों से राजनीति की दिशा बदल दी। इस अवसर पर सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख महासचिव सय्यद रिजवान अहमद, नगर अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, प्रदेश सचिव विकास चंद्र, उपाध्यक्ष जिवेन्द्र कुमार बाजपेई, अजफर अली खान, ओंकार सिंह, अवधेश कुमार पाल, सत्येंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में सपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनता से विकास के लिए राय साझा करें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः जीआईसी खेल मैदान में चल रहे यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले में रविवार को सहयोग संस्था की ओर से जागरूकता कैंप की शुरुआत की गई। कैंप का उद्घाटन एडीएम एफआर अरविंद कुमार ने फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा सहयोग संस्था द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। संस्था जनजागरूकता के माध्यम से प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है।

संस्था के संरक्षक अनिल गुप्ता और प्रधान शाहनवाज खां एडवोकेट ने बताया कि इस जागरूकता कैंप का उद्देश्य जनपदवासियों को "विकसित उत्तर प्रदेश 2047" के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि "आपका सुझाव लाएगा बदलाव, आपकी राय प्रगति लाएगी," इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने विचार सरकार के साथ साझा करने चाहिए।इस अवसर पर संस्था की डायरेक्टर तराना जमाल, अध्यक्ष रजनी गुप्ता, महासचिव विकास सक्सेना, शालू यादव, नुजहत अंजुम, स्तुति गुप्ता, ममता यादव, संगीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, शिवम वर्मा, अंकुश गुप्ता, रामजी गुप्ता और मुकेश दीक्षित सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

जागरूकता कैंप का उद्घाटन करते एडीएम अरविंद कुमार, साथ में संस्था के पदाधिकारी।

● यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेले में लगाया गया जागरुकता कैंप

महिला से मारपीट का वीडियो वायरल

शाहजहांपुर, अमृत विचारः जमीन के विवाद को लेकर महिला से मारपीट की गई। जिसका वीडियो वायरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पैनाखुर्द निवासी सुमन का जमीन को लेकर दूसरे पक्ष से विवाद चल रहा था। दूसरे पक्ष ने उसकी जमीन पर फसल बोई थी, जो फसल काटने गया तो उसने विरोध किया। इस दौरान दूसरे पक्ष की महिलाएं आ गई और सुमन से मारपीट करना शुरु कर दिया। पुलिस ने वीडियो को संज्ञान में लिया और सिंधौली थाना को कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया दोनों पक्षों को हिरासत में ले लिया है।

छात्राओं को दी हेल्पलाइन की जानकारी

संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचारः मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत रविवार को पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया।

एसपी के निर्देश में सभी थाना क्षेत्रों की महिला सुरक्षा दलों एवं पुलिस टीमों ने विद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं से संवाद किया। उन्हें सरकारी योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। साथ ही, पम्पलेट, बैनर और पोस्टर के माध्यम से मिशन शक्ति के उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि "मिशन शक्ति अभियान का लक्ष्य सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निरंतर प्रयासरत है। प्रत्येक थाना क्षेत्र में महिला सुरक्षा दल सक्रिय हैं और सभी प्रकरणों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। महिलाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। शाहजहांपुर पुलिस महिलाओं की

पुलिस टीम महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा पर छात्राओं को जानकारी देती हुई।

● साइबर सुरक्षा और आत्मरक्षा उपायों की दी जानकारी

दहेज हत्या में पति और ससुर गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचारः कनिष्का को दहेज के लिए मार डालने के मामले में मदनापुर पुलिस ने पति और ससुर को गिरफ्तार कर लिया और दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। मदनापुर थाना के उप निरीक्षक उदयवीर सिंह ने बताया 7 अक्टूबर को मंजू निवासी भम्मापुरवा थाना बेहटा गोकुल जिला हरदोई ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी पुत्री कनिष्का को ससुराल वालों ने गला दबाकर मार डाला था। पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने दोपहर चंदोखा गांव के सामने पति आशुतोष मिश्रा और ससुर नन्हें मिश्रा को गिरफ्तार करके चालान कर दिया।

पराली जलाने पर किसान पर पांच हजार का जुर्माना

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचारः पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रशासन सख्त होता जा रहा है। डीएम के निर्देश पर पराली जलाने के मामले में एक किसान पर जुर्माना लगाया गया। रविवार को गांव बगडेर में पराली जलाने की शिकायत मिली। जानकारी के अनुसार, गाटा संख्या 44 पर लगभग 0.567 हेक्टेयर खेत में पराली जलाने की सूचना मिलने पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर जांच की। सत्यापन के बाद पाया गया कि खेत में पराली जलाई गई थी, जिससे वायु प्रदूषण और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा। जिस पर किसान लालमन निवासी बड़ागांव पर 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

जिला प्रशासन ने पराली जलाने को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि फसल अवशेषों को जलाना गैरकानूनी है और इससे प्रदूषण फैलता है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि पराली प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों का उपयोग करें, ताकि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके।

खेत में जलती पराली। ● अमृत विचार

छात्रवृत्ति के लिए करें आवेदन

शाहजहांपुर, अमृत विचारः जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर (कक्षा 11 व 12 को छोड़कर) छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने से वंचित छात्र-छात्राओं को पुनः आवेदन करने के लिए समय सारिणी जारी कर दी है, जिसके मुताबिक 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक छात्र आनलाइन पंजीकरण करेंगे।

इसके बाद एक नवंबर 2025 को छात्र अपने आवेदन का फाइनल प्रिंट आउट हार्ड कापी के रूप में प्राप्त कर सकेंगे और इसे वांछित संलग्नकों सहित उसी दिन अपने शिक्षण संस्थान में जमा करना होगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि दो नवंबर को संबंधित शिक्षण संस्थान आवेदन पत्रों का आनलाइन सत्यापन करके अग्रसारित करेंगे।

पराली न जलाने को लेकर प्रशासन सक्रिय

संवाददाता, पुवायां

अमृत विचारः पर्यावरण संरक्षण और वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर पुवायां क्षेत्र में राजस्व विभाग की टीम ने रविवार को पराली जलाने के खिलाफ व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।

नायब तहसीलदार पंकज कुमार ने बगडेर, कोटावारी, कटोल, बड़ागांव समेत कई गांवों का भ्रमण कर किसानों को समझाया कि पराली जलाना न केवल गैरकानूनी है, बल्कि इससे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को गंभीर नुकसान होता है। उन्होंने किसानों से पराली जलाने से बचने और वैकल्पिक उपाय अपनाने की अपील की। प्रशासन की सख्ती और जागरूकता साथ-साथ राजस्व टीम ने ग्रामीणों को बताया कि पराली जलाने पर जुर्माना और अन्य दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है। साथ ही, सरकार की ओर से उपलब्ध कराई जा रही मशीनों और योजनाओं की जानकारी भी दी गई, जिससे किसान पराली का उचित प्रबंधन कर सकें।

● राजस्व टीम ने किया गांवों में जागरूकता अभियान

किसानों को जानकारी देते नायब तहसीलदार पंकज कुमार ● अमृत विचार

कंबाइन चालकों को भी दिए निर्देश

नायब तहसीलदार ने कंबाइन हार्वेस्टर चालकों को स्पष्ट निर्देश दिए कि धान की कटाई केवल उन्हीं मशीनों से की जाए जिनमें स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम लगा हो। बिना एसएमएस वाली कंबाइन से कटाई करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

शिखर का मॉडल राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में चयनित

संवाददाता, जैतीपुर/तिलहर

अमृत विचारः इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के अंतर्गत तिलहर की द रेनेंस एकेडमी के मेधावी छात्र शिखर त्रिपाठी का मॉडल चयनित हुआ है। शिखर ने दिव्यांगों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए डिजिटल बैसाखी तैयार की है।

शिखर के पिता गौरव त्रिपाठी ने बताया वह 14 अक्टूबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में शाहजहांपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन में पूरे प्रदेश के चयनित विद्यार्थी अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत करेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने शिखर को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह विद्यालय और जिले दोनों के लिए गर्व का क्षण है। मार्गदर्शक जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि शिखर का मॉडल पारंपरिक बैसाखी की तुलना में उन्नत सुविधाओं से लैस है, जिसमें स्मार्ट फीचर्स, सेंसर, जीपीएस और अलार्म शामिल हैं।

शिखर त्रिपाठी मॉडल के साथ।

● दिव्यांगों के लिए डिजिटल बैसाखी मॉडल से करेंगे शाहजहांपुर का प्रतिनिधित्व

न्यूज ब्रीफ

भाई ने धारदार हथियार से किया हमला घायल

खुटार, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव खमरिया गदियाना निवासी रोहित वर्मा ने पुलिस को बताया शनिवार शाम 7 बजे वह घर में मौजूद था। तभी उसका भाई आया और बेवजह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की नीयत से धारदार हथियार से हमला कर कर दिया। इससे सिर पर गंभीर चोट आई है। शोर की आवाज सुनकर बचाने आया छोटा भाई सोहित के कंधे पर उसने दांत से काट लिया और घायल हो गया। बाद में उक्त ने कहीं भी शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। रात को ही पीड़ित रोहित वर्मा थाने पहुंचे और पुलिस को विवाद की जानकारी देने के बाद तहरीर दी। पुलिस ने घायल का इलाज कराया।

खाई में पलटा ट्रक बाल-बाल बचा चालक

खुटार, अमृत विचार : खुटार-पुवायां बाइपास रोड पर हरदेव बाबा स्थान के समीप शनिवार शाम 8 बजे अनियंत्रित होकर ट्रक खाई में पलट गया। चालक मैनपुरी निवासी नेपाल सिंह ट्रक के केबिन में फंस गए। राहगीरों ने मौके पर पहुंच कर चालक को ट्रक से जैसे-तैसे बाहर निकाला तो राहत की सांस ली। चालक नेपाल सिंह ने बताया कि वह एटा से ट्रक में सीमेंट लादकर खीरी के कस्बा पलिया आया था। सीमेंट की बोरियां उतारने के बाद शनिवार को वापस एटा जा रहा था। खुटार-मैलानी रोड से बना ओवरब्रिज से पुवायां रोड की तरफ जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। हालांकि, जान बच गई है।

बेहोशी की हालत में मिला युवक

तिलहर, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के गांव बलेमा में शनिवार शाम 8 बजे एक युवक पप्पू के मकान के सामने बेहोशी की हालत में तड़पता मिला। यह देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौके पर उपस्थित मुकेश और रामकुमार ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से युवक को प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर अवस्था देखते हुए उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि युवक की पहचान गांव जोगीपुर निवासी के रूप में हुई है। उसके परिजन मेडिकल कॉलेज पहुंच चुके हैं, जहां उसका इलाज जारी है।

अज्ञात व्यक्ति की अस्पताल में मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि चार दिन पहले एक अज्ञात व्यक्ति मोहल्ला दिलाजाक में सड़क के किनारे बीमारी की हालत में पड़ा था। लोगों की सूचना पर उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। उसकी उम्र 60 साल है। शनिवार शाम इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया और शव की पहचान नहीं हो पाई।

कार चालक अवनीश का हत्यारोपी गुरुसेवक लखनऊ में मारा गया

कार लूटने के लिए साथियों के साथ मिलकर गला दबाकर की थी हत्या

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर

अमृत विचार: पुवायां के कार चालक अवनीश हत्याकांड में फरार आरोपी गुरु सेवक लखनऊ में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। बता दें कि पुवायां थाना क्षेत्र के कार चालक अवनीश दीक्षित की हत्या करके कार को लूटकर ले गए थे। कार चालक का शव रोजा क्षेत्र में झाड़ी में मिला था।

आरोपी गुरु सेवक कार की बुकिंग करा कर ले गया था, शुक्रवार को उसका साथी अजय सिंह लखनऊ में पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया था। आरोपी गुरु सेवक फरार हो गया था। आरोपियों ने उन्नाव के एक व्यक्ति की कार लूटकर सीतापुर में हत्या कर दी थी। पुवायां के प्रभारी निरीक्षक रवि किरन सिंह ने बताया कि फरार आरोपी गुरु सेवक लखनऊ में पुलिस मुठभेड़ में अभी घायल हो गया था और केएमसी अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

आठ दिन में दो कैब चालकों की हत्या कर लूटी थी कार

- मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश फरार,दो असलहे, कारतूस व लूटी गई कार बरामद

लखनऊ, अमृत विचार : लखनऊ व शाहजहांपुर में आठ दिन में दो कैब चालकों की हत्या कर कार लूटने वाले गिरोह के सरगना व डेढ़ लाख के इनामी गुरुसेवक को पारा पुलिस ने रविवार रात लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे स्थित जीरो प्वाइंट के पास मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस ने मौके से कई कारतूस, 38 बोर की पिस्टल, 32 बोर की रिवॉल्वर और शाहजहांपुर में लूटी गई कार समेत अन्य सामान बरामद किया गया है। रविवार सुबह पुलिस ने गिरोह के साथी विकास कनौजिया को दुबग्गा चौराहे के पास से गिरफ्तार किया था। इससे पहले पुलिस ने दो दिन पहले मुठभेड़ में अजय सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि 10 अक्टूबर की रात बदमाश अजय सिंह को किसान पथ के पास मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था। तब गुरुसेवक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी की तलाश में पारा पुलिस, क्राइम टीम, सर्विलांस सेल समेत चार टीमों का गठन किया गया था। रविवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि गुरुसेवक अपने एक साथी के साथ कार से लखनऊ होते हुए हरदोई की तरफ जाने वाला है। इस पर क्राइम टीम ने पारा पुलिस के साथ मिलकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के जीरो प्वाइंट की सर्विस लेन पर चेकिंग शुरू की। संदिग्ध कार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। लेकिन बदमाशों ने कार सर्विस लेन की ओर मोड़ दी। अपने को फंसा देख दो बदमाश कार से उतरे और पुलिस पर फायरिंग करने लगे। जवाबी फायरिंग में गुरुसेवक मारा गया। लेकिन उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। डीसीपी ने यह भी बताया कि गुरुसेवक ने 29 सितंबर को पारा से कैब बुक की थी। उसके बाद साथियों संग मिलकर चालक योगेश पाल की हत्या कर शव सीतापुर में फेंक दिया था। छह अक्टूबर को गुरुसेवक और उसके गिरोह ने शाहजहांपुर के पुवायां से सितारगंज (उत्तराखंड) जाने के लिए कैब चालक अवनीश दीक्षित को बुक किया था। गिरोह ने अवनीश की हत्या कर उसकी कार भी लूट ली थी। फिर उसके शव को शाहजहांपुर-बरेली मार्ग पर फेंक दिया था। गुरुसेवक पर आठ से ज्यादा लूट, हत्या समेत अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपी पर डीआईजी रेंज बरेली ने भी 50 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

जिले में एक सप्ताह में चार बाइक चोरी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुलिस की सुस्त कार्यप्रणाली से वाहन चोर सक्रिय

अमृत विचार: जिले में वाहन चोर गिरोह सक्रिय है। एक सप्ताह में चोरों ने विभिन्न स्थानों से चार बाइक चुरा ली है। जलालाबाद थाना क्षेत्र से दो, सदर बाजार थाना से एक और पुवायां से एक बाइक चोरी हुई है। पुलिस चोरी गई बाइकों को तलाश नहीं पाई है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र को मोहल्ला महमंद जलालनगर निवासी अमित वर्मा ने बताया 5 अक्टूबर की शाम 7:30 बजे ओसीएफ रामलीला में दोस्त अंकित से दुकान लगाने के संबंध में बात करने गया था। उसने अपनी बाइक रामलीला के पश्चिमी गेट पर खड़ी कर दी थी। वाहन स्टैंड संचालक ने उससे कहा कि स्टैंड में बाइक खड़ी करो वरना बाइक उठवा देंगें। वह दस मिनट बाद लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। उसने वाहन स्टैंड वाले से पूछा कि यहां पर बाइक खड़ी थी और कहां है। उसने कहा कि उसको नहीं जानकारी है। उसका आरोप है कि वाहन स्टैंड ठेकेदार ने किसी और से बाइक उठवा दी है। पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज की है। जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर निवासी सुमित पांच दिन पूर्व सुबह मंडी में सब्जी लेने गया था। उसने बाइक एक स्थान पर खड़ी कर दी थी और लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। वह तलाश करता रहा और बाइक नहीं मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसी थाना के मोहल्ला सिकंदरपुर अफगान निवासी वागेश कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि छह दिन पूर्व सुबह 9 वजे मंडी गया था। उसने एक स्थान पर बाइक खड़ी कर दी और एक आढ़ती से बात करने लगा। उसकी बाइक स्टार्ट करके एक व्यक्ति लेकर भाग गया। पुवायां थाना क्षेत्र के मोहल्ला कसभरा निवासी प्रशांत अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि छह दिन पूर्व दोपहर को खुटार रोड पर बैंक के निकट खड़ी कर दी थी। वह लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। वह तलाश करता रहा और बाइक नहीं मिली। पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

खुली शराब बिक्री का वीडियो वायरल करना पड़ा महंगा

- दुकान मालिक और बेटों ने युवक को पीटकर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार: कस्बे से गांव रौरा जाने वाले मुख्य संपर्क मार्ग पर स्थित देशी शराब की दुकान पर खुलेआम शराब बिक्री का वीडियो वायरल करने पर दुकान मालिक और उसके बेटों ने युवक की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस को देखकर आरोपी भाग निकले। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा निवासी अमित सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया 6 अक्टूबर की शाम वह फोटोग्राफी करने गांव रौरा जा रहा था। रास्ते में देशी शराब की दुकान पर खुली शराब बिक्री देख उसने वीडियो बनाकर व्हाट्सएप ग्रुप और पुलिस को भेज दिया। इससे नाराज होकर दुकान मालिक महेंद्र, उसके बेटे बब्बू, विकास और प्रदीप कुमार ने रास्ते में रोककर उसकी पिटाई कर दी। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

स्कूल से लौटे छात्र ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पांच साल पहले किशोर की मां ने भी की थी आत्महत्या, परिवार में मचा कोहराम

अमृत विचार: एक छात्र शनिवार दोपहर स्कूल से पढ़कर घर आया। घर के बाहर झोपड़ी में गया और धन्नी में धोती का फंदा गले में डालकर लटक गया। परिवार वालों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और उसे फर्रुखाबाद अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव वापस थाना पर ले आए।

सनी।

थाना मिर्जापुर के गांव गोकुल नगला निवासी धनीराम का पुत्र सनी(14) गांव में स्थित एक प्राइवेट स्कूल में कक्षा 9 में पढ़ता था। उसके पिता चाट-पकौड़ी का ठेला लगाते है। शनिवार सुबह 8 बजे सनी पिता के ठेले के पास गया और कापी खरीदने के लिए 50 रुपये मांगे। उसके पिता ने उसे 50 रुपये दे दिए। वह स्कूल के लिए चला गया। सनी दोपहर दो बजे स्कूल से घर लौटा और एक कमरे में बेग रखने के बाद स्कूल की ड्रेस बदली। उसने दादी कुसमा से कहा कि तबीयत ठीक नहीं और झोपड़ी में लेटने जा रहा हूं। वह मकान के बाहर पड़ी झोपड़ी में चला गया। सनी ने धोती का फंदा गले में डालकर लटक गया। उसने छटपटाते हुए शोर मचाया। परिवार के लोग झोपड़ी में गए और सनी को लटका देखा तो तुरंत फंदा खोलकर नीचे उतारा। उसकी सांस चल रही थी। परिवार वाले उसे फर्रुखाबाद अस्पताल लेकर जा रहे थे। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिवार वाले उसका शव लेकर वापस घर आ गए। परिवार वालों ने शाम को मिर्जापुर थाना पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। परिवार वालों बताया कि उसने आत्महत्या क्योंकि, कुछ जानकारी नहीं है। सनी की मां छाया ने भी पांच साल पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

टिकट रोल रजिस्टर में अंकित करें

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: मुरादाबाद मंडल के सहायक वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय अंकित शर्मा ने रेलवे स्टेशन पर पार्सल घर, टिकट घर और जेटीवीएस का निरीक्षण किया। उन्होंने जेटीवीएस संचालकों को दिया जाने वाला टिकट रोल रजिस्टर में दर्ज न होने नाराजगी जताई है। उन्होंने निर्देश दिए कि रजिस्टर पर टिकट रोल दर्ज किया जाए। जेटीवीएस संचालक को एक-एक टिकट का रोल दिया जाए।

सहायक वाणिज्य प्रबंधक द्वितीय अंकित शर्मा रविवार की सुबह नई दिल्ली-लखनऊ मेल से यहां आए। उन्होंने पार्सल घर का निरीक्षण के दौरान रजिस्टर को चेक किया और पार्सल घर की अर्निंग देखी। उन्होंने इलेक्ट्रानिक कांटा चेक करके देखा कि सही है या नहीं, लेकिन सही पाया गया। कहा कि पार्सल घर की अर्निंग और बढ़ायी जाए। यहां पर निरीक्षण करने के बाद रिजर्वेशन काउंटर पर गए और त्तत्काल टिकट में लगे लोगों के फार्म को चेक किया। उन्होंने टिकट घर के बाहर लगे जेटीवीएस के टिकट रोल को चेक किया। संचालक से

पार्सल घर में अभिलेख चेक करते सहायक वाणिज्य प्रबंधक। ● अमृत विचार

- जीटीवीएस को एक-एक रोल दें, सहायक वाणिज्य प्रबंधक ने स्टेशन का किया निरीक्षण

पूछा कि टिकट के कितने रोल है। जनरल टिकट और जेटीवीएस से टिकट ले रहे यात्रियों से पूछा कि कितने पैसे लिए गए है। उन्होंने चेक किया कि कहीं अधिक पैसे तो नहीं लिए जा रहे है। जनरल टिकट घर में टिकट को चेक किया प्रिंट हल्का तो नहीं है, प्रिंट सही पाया गया। उन्होंने जेटीवीएस संचालक को टिकट का रोल दिए जाने पर रजिस्टर चेक किया। कुछ रोल रजिस्टर पर नहीं चढ़े थे, इस बात पर नाराजगी जतायी। उन्होंने निर्देश दिए कि संचालक को एक ही रोल दिया जाए और दोबारा मांगने पर रजिस्टर में चढ़ाकर रोल दिया जाए। वाणिज्य प्रबंधक ने प्लेटफार्म स्टाल चेक किए और सफाई व्यवस्था देखी। उन्होंने निर्देश दिए जनता खाना स्टाल पर रखा जाए और अधिक पैसे लेने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने रोजा स्टेशन का निरीक्षण किया और रोजा साइडिंग में लोडिंग और अनलोडिंग के बारे में जानकारी की। राज्यरानी एक्सप्रेस से मुरादाबाद चले गए। निरीक्षण के समय सीएमआई एसके ठाकुर, सीपीएस शिव कुमार सक्सेना, वीवीएस राम वदन आदि मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

मृतक विशनपाल।

- खेत पर जा रहा था फसल रखाने रेलवे फाटक पर हुआ हादसा

अमृत विचार: कटरा में किसान खेत पर जा रहा था। रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया।

मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव कसरक निवासी विशन पाल (35) का खेत मकान से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर है। उनको खेत पर जाने के लिए रेलवे फाटक करना पड़ता है। शनिवार की शाम 8 बजे वह खेत पर जा रहे थे। रेलवे फाटक पर रेल लाइन पार कर रहे थे। बरेली की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो गई। ट्रेन के लोको पायलट ने कंट्रोल और कटरा स्टेशन मास्टर को सूचना दी। जीआरपी को मेमो भेजा गया। जीआरपी मौके पर पहुंचे और शव को रेल लाइन के किनारे किया। पुलिस को उसके पास एक मोबाइल मिला। पुलिस ने मोबाइल नंबर निकालकर परिवार वालों को मिलाया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त की।

उद्यान विभाग को बेचने के लिए 400 क्विंटल आलू का बीज मिला

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला उद्यान अधिकारी बोले -कई प्रजातियों के बीज उपलब्ध

अमृत विचार: किसानों को नगद मूल्य पर वितरण के लिए जनपद को 400 क्विंटल आलू बीज का आवंटन मिला है, जिसे पहले आओ- पहले पाओ के सिद्धान्त पर वितरण कराया जाएगा।

आलू बीज लेने के लिए इच्छुक किसानों को किसी भी कार्य दिवस में विकास भवन स्थित जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय पर आकर आलू बीज बुक करा सकते हैं। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि आलू की कई प्रजातियों के बीज उपलब्ध हैं, जिसमें कुफ़री बहार (आधारित द्वितीय श्रेणी) का सीड साइज बीज 50 क्विंटल मात्रा में 3510 रुपये प्रति क्विंटल दर पर और ओवर साइज बीज 25 क्विंटल 2840 रुपये प्रति क्विंटल दर पर उपलब्ध है। कुफ़री चिप्सोना-1 (आधारित द्वितीय श्रेणी) का बीज 50 क्विंटल मात्रा में 3510 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध है। कुफ़री सिंदुरी (आधारित प्रथम श्रेणी) का बीज 25 क्विंटल मात्रा में 3715 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्राप्त किया जा सकता है। कुफ़री ख्याती (आधारित प्रथम श्रेणी) का बीज 50 क्विंटल मात्रा में 3715 रुपये प्रति क्विंटल और ओवर साइज बीज 50 क्विंटल मात्रा में 2840 रुपये प्रति क्विंटल दर पर उपलब्ध है। उद्यान अधिकारी ने बताया कि आलू बीज पर कोई डीबीटी सुविधा नहीं है। 2785 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर उपलब्ध है। कुफ़री पुखराज (आधारित प्रथम श्रेणी) का बीज 59 क्विंटल मात्रा में 3715 रुपये प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध है। कुफ़री गौरव (आधारित प्रथम श्रेणी) का बीज 41 क्विंटल मात्रा में 3715 रुपये प्रति क्विंटल दर पर उपलब्ध है। कुफ़री चिप्सोना-1 (आधारित प्रथम श्रेणी) का बीज 25 क्विंटल 3715 रुपये प्रति क्विंटल दर पर और ओवर साइज

बोलेरो ने बाइक सवार तीन को रौंदा, भांजे की मौत, दो घायल

संवाददाता, पुवायां

- उत्तर प्रदेश सरकार लिखी बोलेरो किसी सरकारी विभाग की बताई गई

अमृत विचार: रिश्तेदार की अंत्येष्टि कराकर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को बोलेरो ने टक्कर मार दी टक्कर से बाइक सवार भांजे की मौत हो गई, जबकि मामा समेत एक अन्य घायल हो गए।

क्षेत्र के गांव जड़ौली निवासी दलपत(65) मामा गोकुल निवासी इमलिया व चौढेरा गांव निवासी नाती अजीत (23) के साथ बंडा क्षेत्र के गांव ररुआ में रिश्तेदार की अंत्येष्टि कराकर वापस लौट रहे थीम रास्ते मे शाहजहांपुर रोड पर बीआरसी के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। आनन फानन में घायलों को अस्पताल भिजवाया गया जहां डॉक्टरों ने दलपत को मृत घोषित कर दिया, वहीं अजीत व गोकुल को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर घटना के बाद बोलेरो सवार युवक गाड़ी छोड़कर मौके से भाग निकले, पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बोलेरो में कुछ लोग सवार थे और बार बार हूटर बजाकर तेज रफ्तार में गाड़ी इधर से उधर दौड़ा रहे थे। बोलेरो मंडी की बताई जा रही है। व्यापार मंडल महामंत्री कपिल गुप्ता ने बताया कि तमाम गाड़ियां बार-बार तेज हूटर बजाते हुए घूमती हैं।

हादसा करने वाली गाड़ी भी इसी तरह बार-बार हूटर बजाते हुए गुजर रही थी। उन्होंने कहा कि सरकारी गाड़ियों को अनावश्यक हूटर बजाने से बचना चाहिए। उन्होंने हादसे पर रोज व्यक्त किया।

कपसेंडा पंचायत में 7.43 लाख का दुरुपयोग

- तकनीकी सहायक, प्रधान और सेक्रेटरी से मांगा गया स्पष्टीकरण

तिलहर, अमृत विचार: ददरौल ब्लॉक के कपसेंडा ग्राम पंचायत में मनरेगा कार्यों और हैंडपंप रिबोर में कुल 7 लाख 43 हजार 965 रुपये का दुरुपयोग सामने आया है। शिकायतकर्ता मुकेश कुमार की शिकायत के बाद जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, पंचायत लेखा निरीक्षक और अधिशासी अभियंता ग्राम अभिकरण विभाग की संयुक्त टीम ने प्राथमिक जांच की।

जांच में वर्ष 2021-22 के दौरान ग्राम निधि से हैंडपंप रिबोर कार्य में 1 लाख 36 हजार 470 रुपये के गड़बड़ी का पता चला। इसके अतिरिक्त मनरेगा में 6 लाख 74 हजार 495 रुपये का दुरुपयोग होने की पुष्टि हुई। जिला मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर ने 29 सितंबर को पत्र जारी कर बीडीओ ददरौल से प्रधान सुनीता देवी, तकनीकी सहायक नितेश कुमार, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी संजय कुमार और संजीव भारद्वाज को नोटिस भेजा। सभी से 15 दिन में स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही आदेश दिया है कि ग्राम पंचायत के वित्तीय एवं प्रशासनिक कार्यों की निगरानी के लिए तीन ग्राम पंचायत सदस्यों की समिति गठित की जा सकती है, ताकि दायित्व एवं कर्तव्यों का पालन सुनिश्चित हो सके।

कानूनगो से अभद्रता करने वाले पुलिस की पकड़ से दूर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: शहबाजनगर गांव में पैमाइश करने गए कानूनगो के साथ गाली-गलौज करने, धक्का-मुक्की और सरकारी कार्य में बाधा डालने के मामले में गांव के तीन लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना के कई घंटे बीत जाने के बाद भी सदर बाजार पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है। इस घटना को लेकर कानूनगो में रोष व्याप्त है।सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला चमकनी करबला निवासी सदर तहसील में तैनात कानूनगो महेश चंद्र शुक्रवार की दोपहर शहबाजनगर गांव में जमीन की पैमाइश करने के लिए गए थे। वहां पर कुर्सी पर बैठकर फाइलें चेक कर रहे थे। गांव के तीन लोग आए और पैमाइश का विरोध किया। आरोप है कि तीनों लोगों ने सरकारी कार्य में बाधा डालते हुए गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर अमादा हो गए थे। उनकी कुर्सी छीनकर धक्का दे दिया। कुछ लोगों ने समझाकर शांत करा दिया। किसी ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

अब तक 97 किसानों से खरीदा गया धान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 5917 किसानों ने धान बेचने के लिए कराया पंजीकरण, 1879 किसानों की भूमि का हुआ सत्यापन

अमृत विचार: जिले में सरकारी धान खरीद शुरू हुए एक पखवाड़ा बीतने को है, अब तक 97 किसानों से 665.28 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। सबसे ज्यादा 45 किसानों से धान खरीदकर विपणन शाखा आगे रही है, तो वहीं एफसीआई ने एक भी किसान से धान खरीदकर खाता खोलना मुनासिब नहीं समझा है। पीसीएफ ने 20 किसानों से धान खरीदा है, तो पीसीयू ने भी 22 किसानों से धान खरीदा है। वहीं यूपीएसएस ने छह और मंडी समिति के क्रय केंद्रों ने चार किसानों से धान खरीदा है। इस तरह कुल 97 किसानों से 665.28 मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। जबकि क्रय केंद्रों पर धान बेचने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराने वालों किसानों की संख्या 5917 तक पहुंच गई है, लेकिन इनके सत्यापन की गति धीमी होने से अब तक 1879 किसानों की भूमि का सत्यापन तहसील प्रशासन द्वारा किया जा सका है। वहीं 3986 किसानों की भूमि सत्यापन तहसील स्तर पर लंबित है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान खरीदने के लिए कुल 154 क्रय केंद्र खोले गए हैं। सभी छह एजेंसियों को कुल 3.05 मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य दिया गया है। शुरुआत में कुछ दिनों तक खरीद शुरू न होने पर जिला प्रशासन की सख्ती पर एजेंसियों ने धान खरीद में कुछ रुचि दिखाई है, जिससे 12 अक्टूबर तक करीब 97 किसानों से धान खरीद हो पाई है। इससे उम्मीद है कि आने वाले दिनों में धान खरीद तेजी पकड़ेगी, क्योंकि अब धान की कटाई का पीक समय प्रारंभ हो गया है, जिससे दीपावली से पहले ही मंडियों में धान की आवक में दिन पर दिन तेजी देखने को मिल रही है। हालांकि ऑनलाइन पंजीकरण कराने वाले किसानों की भूमि का सत्यापन करने के मामले में तहसील प्रशासन की सुस्ती किसानों पर भारी पड़ सकती है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी राकेश मोहन पांडेय ने बताया कि धान खरीद में तेजी आ रही है। अब तक करीब 97 किसानों से धान खरीद हो चुकी है।

NSNH NEW SHRI NARAYANA HOSPITAL

न्यू श्री नारायणा हॉस्पिटल

डा. प्रदीप कुमार
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
Retd. ACMO
जनरल सर्जन

डॉ. राम निवास
एम.बी.बी.एस. एम.डी.
(एनेस्थेसियोलॉजिस्ट)
जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ

डॉ. राजा गुप्ता
जनरल फिजिशियन

डॉक्टर्स पैनल

डा. प्रदीप कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. Retd. ACMO जनरल सर्जन	डा. ओमवती एम.बी.बी.एस., डीजीओ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ	डा. अहमद अली अंसारी एम.बी.बी.एस. डी.सी.एच. नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डा. राम निवास एम.डी. (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट) जटिल एवं गम्भीर रोग विशेषज्ञ	डा. कुन्दन कुमार एम.बी.बी.एस., एमसीएच न्यूरो सर्जन	डा. अमन अग्रवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस., एम.सी.एच. गुर्दा एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ
डा. सुजाय मुखर्जी एम.बी.बी.एस., एम.एस. जनरल सर्जन एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन	डा. निशान्त गुप्ता एम.बी.बी.एस., एम.एस. (आर्थो) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ	डा. प्रिया सिंह एम.बी.बी.एस. डी.जी.ओ, डी.एन.बी. स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. आशुतोष कुमार एम.बी.बी.एस., एम.एस. हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ	डा. रहबर इदरीश बी.डी.एस. एमआईडीए लखनऊ मुख दन्त एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ	डा. राजा गुप्ता बी.ए.एम.एस. ई.एम.ओ.

उपलब्ध सुविधायें :
• सिर एवं चेहरे की समस्त चोट, बुखार, खांसी, मलेरिया, टायफाइड का इलाज • दिमाग एवं रीढ़ की हड्डी के समस्त प्रकार के आपरेशन की सुविधा • दूरबीन विधि द्वारा पेट के सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा • दूरबीन विधि द्वारा गुर्दा (किडनी) एवं मूत्र रोगों के सभी प्रकार के आपरेशन की सुविधा। • छोटे चीरे द्वारा हड्डी के समस्त आपरेशन एवं जोड़ प्रत्यारोपण • घुटना व कूल्हा बदलने की सुविधा उपलब्ध • नॉर्मल डिलीवरी व दर्द रहित प्रसव एवं बच्चेदानी के समस्त प्रकार के आपरेशन • बच्चों के समस्त प्रकार के रोगों को इलाज • वेन्टीलेटर, वाईपाइप युक्त ICU, NICU

डॉ. विवेक कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर

ठाकुर हरीश रावत चेयरमैन

समस्त प्रकार के दूरबीन व चीरे वाले ऑपरेशन की सुविधा
24x7 भर्ती एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
24/7 EMERGENCY SERVICES

लाल फाटक शांतिकुंज स्कूल के पास,
निकट ओवर ब्रिज, बदायूँ रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं. : 8057953868

न्यूज ब्रीफ

कैफे से एक युवक को पुलिस ने उठाया

शाहजहांपुर, अमृत विचार : सदर बाजार पुलिस ने रविवार की दोपहर पुवायां रोड पर एक कैफे पर छापा मारकर एक युवक को पकड़ लिया। पुलिस उसे पकड़कर थाना पर ले आई है। बताते है कि आरोपी एक छात्रा को कैफे में ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी ने वीडियो बनाई थी। छात्रा ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी कैफे में बैठा हुआ है। पुलिस उसे पकड़कर ले आई है और पूछताछ कर रही है। सदर बाजार प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उससे पूछताछ की जा रही है।

प्लॉट पर कब्जा करने को लेकर मारपीट

बंडा, अमृत विचार : मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि उसके पिता के नाम पर चार डिसमिल का प्लॉट होने के बावजूद कुछ लोगों ने कब्जा करने की नीयत से राजमिस्त्री लेकर निर्माण शुरू कर दिया। जब उसने इसका विरोध किया और डायल 112 पुलिस को सूचना दी, तो मौके पर पहुंचे पीआरवी के देख उक्त लोग मौके से भाग गए।इसके बाद रविवार सुबह आरोपियों ने पीड़ित के घर में लाठी-डंडा लेकर घुसकर जातिसूचक गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। इसके साथ ही, प्लॉट के किनारे दोबारा दिखाई देने पर भी जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने बंडा थाने में तहरीर देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

जान से मारने की नीयत से किया हमला

निगोही, अमृत विचार : निगोही थाना क्षेत्र के गांव उदरिया निवासी अमित कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पैतृक जमीन रेलवे स्टेशन के निकट है। उसका आरोप है कि शनिवार दोपहर राजीव वर्मा, संतोष वर्मा, विपिन वर्मा एवं मोनू वर्मा आदि उसकी जमीन पर कब्जा करने के लिए ट्रैक्टर और जेसीबी लेकर पहुंच गए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया और पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

विशेष योगदान पर मिला अटल रत्न सम्मान

शाहजहांपुर महोत्सव 2025: समाज सेवा, शिक्षा, कला और व्यवसाय में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

मंच पर वित्त मंत्री सुरेश खन्ना का स्वागत करते आयोजक। • अमृत विचार

प्रमाण पत्रों के साथ प्रतिभागी छात्राएं। • अमृत विचार

- महोत्सव के तीसरे दिन दीप प्रज्वलन से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ
- वित्तमंत्री सुरेश खन्ना व महापौर ने समाजसेवियों उद्योग प्रतिनिधियों को किया सम्मानित

अमृत विचार: क्रिएटिव आर्ट ग्रुप की ओर से 9 से 12 अक्टूबर तक आयोजित शाहजहांपुर महोत्सव 2025 के तीसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ महोत्सव अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद लीड कान्वेंट स्कूल और ऑल सेंट स्कूल के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान सुरेश खन्ना ने समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, खेल, साहित्य, कला और संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले रमेश भैया, राजकमल बाजपेई, राकेश अवस्थी, प्रमोद प्रेमिल, एच.एस. थापा, अमानत खान, गुड्डू गंगाराम प्रेमी सहित अन्य महानुभावों को "अटल रत्न सम्मान 2025" से सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि महापौर अर्चना वर्मा ने समाजसेवियों को सम्मान पत्र और अंग वस्त्र प्रदान किए। इसी अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की ओर से सुरेश खन्ना को "नागरिक अभिनंदन 2025" सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम देर रात तक गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सुरलहरियों में डूबा रहा। आयोजन की सफलता में अध्यक्ष सचिन बाथम, सीए निलय शुक्ला, कीर्तिकांत श्रीवास्तव, अंशिका गुप्ता, सुरेंद्र सेठ, तराना जमाल, आकाशदीप गुप्ता, नवल किशोर, कौशल मिश्रा, उस्मान, स्वाती सिंह, वसीम, सिद्दीकी सहित क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सक्सेना ने किया।

अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा की हुई बैठक

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी

- महासभा पदाधिकारियों ने किए सम्मान, जिला और प्रांतीय पदाधिकारी मनोनीत

अमृत विचार: अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा की बैठक गांव ऐंठा पुर निवासी महिला जिला उपाध्यक्ष के आवास पर हुई। बैठक में महिला जिलाध्यक्ष सरिता श्रीवास्तव ने चित्रगुप्त के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल मोहन उर्फ रचित मोहन सक्सेना के साथ जिलाध्यक्ष विनीत कुमार सक्सेना और विनय कुमार श्रीवास्तव ने भी माल्यार्पण कर सम्मानित किया।

बैठक के दौरान प्रियंका श्रीवास्तव को कार्यकारी जिला अध्यक्ष और सरिता श्रीवास्तव को प्रांतीय पदाधिकारी के रूप में मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनीत कुमार सक्सेना ने की जबकि संचालन विनय कुमार श्रीवास्तव ने किया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल मोहन उर्फ रचित मोहन सक्सेना ने संरक्षक सीपी श्रीवास्तव का माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने और आगामी जिला पंचायत चुनाव में समाज के उम्मीदवारों के सहयोग के साथ-साथ महासभा के विस्तार पर जोर दिया जाए। उन्होंने कायस्थ समाज के लोगों को जोड़ने और संगठन को मजबूती देने की अपील की ताकि चुनाव में समाज अपनी ताकत दिखा सके। बैठक के समापन पर जिला उपाध्यक्ष विनय कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित सभी समाजजनों का आभार व्यक्त किया।

कवि अनूप मिश्रा तेजस्वी के निधन से साहित्य जगत में शोक

पुवायां, अमृत विचार: कवि अनूप मिश्रा तेजस्वी (55) का रविवार सुबह 6 बजे निधन हो गया। वह एक दशक से गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। लखनऊ कैंसर इंस्टिट्यूट में दो बार ऑपरेशन भी हो चुका था। उन्हें जनवरी 2024 में पुनः अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। अनूप मिश्रा ने रविवार सुबह 6 बजे अंतिम सांस ली। वह अपने पीछे पत्नी मोनी मिश्रा (45) बेटी आरजू मिश्रा (24) बेटा आयुष मिश्रा,(22) और अर्णव (12) को छोड़ गए हैं। इस दौरान कवि प्रदीप बैरागी, राजेश शुक्ला, राजेश नीलम गुप्ता, राजेश वैश्य, कपिल मोहन बाजपेई, शिशिर बाजपेई, कवि संदीप गुप्ता, अरविन्द पंडित, शिवोम शुक्ला, राजीव राजे, कालीचरण, राम प्रताप वियोगी, रामबाबू शुक्ला, राजीव शर्मा, सुबोध वर्मा एडवोकेट, राजकुमार गुप्ता आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय लोगों ने उनके द्वारा रची गई रचनाओं को याद करते हुए सराहना की।

केंद्र प्रभारी पर धान खरीदने से मना करने का आरोप

संवाददाता, पुवायां

- कई घंटे चला हंगामा, नायब तहसीलदार व पुलिस मौके पर पहुंची, शांत कराया

अमृत विचार: आरएफसी के क्रय केंद्र पर किसान का धान तौले जाने से मना करने पर बवाल हो गया। किसान ने शिकायत करते हुए केंद्र प्रभारी के खिलाफ मनमानी करने का आरोप लगाया है।

मंडी परिसर स्थित आरएफसी के क्रय केंद्र पर रविवार की सुबह हंगामा खड़ा हो गया। जब धर्मनगदपुर निवासी किसान रावेंद्र ने अधिकारियों को शिकायत कर टोकन होने के बाद भी धान न टोले जाने का आरोप लगा दिया। रावेंद्र ने आरोप लगाया है कि रविवार को वह मंडी गेट से टोकन लेकर ट्रॉली आरएफसी के क्रय केंद्र पर ले गया जहां केंद्र प्रभारी मैडम ने उसका धान तौलने से मना कर दिया और उस स्थान पर सोनू नाम के एक अन्य किसान का धान पलटने की बात कही और उसे बुला लिया। किसान रावेंद्र ने जब टोकन के बारे में पूछा तो किसान सोनू टोकन नहीं दिखा सका, जिस पर बवाल हो गया। रावेंद्र ने अधिकारियों को फोन कर क्रय केंद्र पर बिचौलिए और दलाल हावी होने का आरोप लगाया है। जिस पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने दोनों पक्षों को सुनकर मामले को समझा। हालांकि दूसरा किसान टोकन नहीं दिखा सका, जिस पर रावेंद्र ने अपनी धान की ट्रॉली उसी स्थान पर पलट दी। इस दौरान कई घंटे तक बवाल चला।

उधर इसी क्रय केंद्र पर दोपहर बाद किसान नीरज त्रिवेदी भी टोकन लेकर अपनी ट्राली लेकर पहुंचे थे, जहां केंद्र प्रभारी नहीं मिले। वहीं किसान ने आरोप लगाया कि उसका धान टोकन होने के बाद भी नहीं तोला गया। क्रय केंद्र पर दलाल हावी हैं। व्यवस्था बेहद खराब है। बता दें जिले में धान खरीदी की रफ्तार धीमी होने से किसानों में नाराजगी। वे अपनी फसल औने-पौने दामों पर राइस मिलर और बिचौलियों को बेचने को मजबूर है।

चोरी की साइकिल समेत गिरफ्तार

शाहजहांपुर, अमृत विचार : निगोही थाना के उप निरीक्षक यशपाल ने बताया कि शनिवार को कोचिंग सेंटर के बाहर से एक साइकिल चोरी हो गयी थी, जिसकी रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने हसौआ मोड़ से चोर को गिरफ्तार कर लिया और चोरी की साइकिल बरामद कर ली है। पकड़ा गया चोर अलीजान निवासी शहबाजनगर थाना सदर बाजार है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
• 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
• बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
• आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
• कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

बवासीर-भगन्दर-फिशर
पाइलोनाइडल साइनस Mob.: 8126164170
भगन्दर गांठ Piles in Men
डॉ. वी.के. सिसोदिया
वरिष्ठ क्षार सूत्र विशेषज्ञ
B.Sc., B.A.M.S.
Proctologist (Ayur.), N.D.D.Y., C.C.K.S. (MUMBAI)
मिलें : प्रत्येक रविवार 12 पत्थर रोड, जलालाबाद (शाहजहाँपुर) में
बरेली एनोरक्टल क्लीनिक पता:- करगैना पुलिस चौकी के पीछे, बदायूं रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
• प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) • गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) • गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) • पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 98978382286

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में लगा हड्डी रोग शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

मरीजों को देखते डॉक्टर।

- 146 मरीजों ने पंजीकरण करवाया, ब्लड प्रेशर-शुगर जांच और दवाइयां निशुल्क वितरित

अमृत विचार: वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा के शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र अकर्रा रसूलपुर कांठ रोड पर रविवार को निःशुल्क हड्डी रोग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 146 मरीजों ने पंजीकरण कराया और सभी का निशुल्क परीक्षण किया गया।

शिविर में 110 मरीजों की ब्लड प्रेशर और 25 मरीजों की ब्लड शुगर की जांच निःशुल्क की गई। इसके अतिरिक्त 137 मरीजों को दवाइयां निःशुल्क दी गई, साथ ही जांच, सीटी स्कैन और एमआरआई के लिए डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ विपिन शर्मा ने बताया कि इस प्रकार का निशुल्क शिविर प्रत्येक दूसरे रविवार को आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र पर प्रतिदिन निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर जांच और दवाइयां उपलब्ध रहती हैं, जिससे क्षेत्र के सभी वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। हड्डी रोग विभाग में गठिया, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, सायटिका, पैरों की कमजोरी, पैरों का सुन्नपन, झनझनाहट, गर्दन एवं रीढ़ का दर्द, जन्म से टेढ़े-मेढ़े हाथ-पैर, हड्डी का संक्रमण, हड्डी की टीबी, गली हड्डी से मवाद, घुटना एवं कूल्हा प्रत्यारोपण, टूटी हड्डियों का प्लास्टर एवं ऑपरेशन सहित सभी प्रकार की चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हैं। इसके अलावा आईसीयू सुविधा भी सस्ते दरों पर उपलब्ध है। शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डॉ. आदिल और डॉ. उत्कर्ष की चिकित्सीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल पीआरओ विपिन शर्मा मौजूद रहे।

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज में लगा शिविर

शाहजहांपुर, अमृत विचार : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा, शाहजहांपुर की ओर से रविवार को खुदागंज क्षेत्र के ग्राम नवादा दरोवस्त में नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला लगाया गया, जिसमें कुल 630 मरीजों ने पंजीकरण कराया। इनमें 10 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया और जिनका आपरेशन वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में 230 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर की जांच व लगभग 115 मरीजो की ब्लड प्रेशर की जांच निशुल्क की गयी एवं 595 मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। एमआरआई व सीटी स्कैन एवं अन्य जांचों के छूट के कूपन भी वितरित किए गए। स्वास्थ्य टीम एवं पीआरओ ने लोगो को नियमित जांचे करवाने के लिए जागरूक भी किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की भी जानकारी दी जो अस्पताल के द्वारा 200 रुपए में बनाया जाता है और एक वर्ष के लिए मान्य है। समस्त रोगियों को बताया गया कि परिवार स्वास्थ्य कार्ड के द्वारा ओपीडी का पर्चा निशुल्क बनेगा एवं दवाइयों और सभी जांचो पर 20 प्रतिशत कि अतिरिक्त छूट भी मिलेगी व भर्ती होने पर भर्ती फाइल मुक्त बनेगी। नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में ब्रजेश मिश्रा (समाज सेवक), राजेश सिंह (जिला पंचायत सदस्य) आदि का विशेष योगदान रहा। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज एवं रोहिलखंड अस्पताल के सामान्य रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, दंत रोग व बाल रोग विभाग के विशेषज्ञ डा. गौरव सिंह, डा. स्वप्निल, डा. सौरभ, डा. विपिन खंडेलवाल, डा. ऐश्वर्या राय एवं मेडिकल कालेज के पीआरओ अतुल कुमार गंगवार और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

नगर पालिका में लगा स्वास्थ्य शिविर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा शाहजहांपुर द्वारा नगर पालिका टाउन हाल तिलहर में निःशुल्क सामान्य रोग मेडिसिन चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। कैंप में मरीजों का निशुल्क ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई।
शिविर में आये सभी लोगों को सामान्य दवाइयां भी निशुल्क दी गई। सभी मरीजों को परामर्श भी निशुल्क दिया गया और जांचों एवं सीटी स्कैन, एमआरआई के डिस्काउंट कूपन भी वितरित किए गए। इसके अलावा शिविर से रोहिलखंड अस्पताल आने पर मरीजों की सीबीसी, केएफटीएलएफटी एवं ईसीजी. की जांचें निशुल्क की जाएंगी। अस्पताल के सामान्य रोग विभाग मे टीएमटी, इको, खून की जांचे सस्ते दरों पर उपलब्ध, एमआरआई, सीटी स्कैन व अन्य जांचों पर भारी छूट, सामान्य रोग विभाग के समस्त गम्भीर रोगियों का इलाज व भर्ती की सुविधा विशेषज्ञ डाक्टरों की देखरेख में, आईसीयू की सुविधा 24 घंटे सस्ते दर पर उपलब्ध है। चिकित्सा शिविर मे सामान्य रोग विभाग के विशेषज्ञ डा. गौरव कुमार सिंह की चिकित्सकीय टीम के साथ पैरामेडिकल स्टाफ और मेडिकल कालेज के पीआरओ रईसुद्दीन मौजूद रहे।

शिविर में मरीज देखते डॉक्टर।

पूर्वोत्तर स्टेशन पर टिकट न मिलने से यात्री हुए परेशान

शाहजहांपुर, अमृत विचार: पूर्वोत्तर रेलवे स्टेशन रेलवे का टिकट घर नहीं है, बल्कि जेटीवीएस मशीन लगी हुई। संचालक मशीन से टिकट निकालकर यात्रियों को देता है। जबकि जेटीवीएस का बिजली का कनेक्शन स्थानीय रेलवे स्टेशन से न होकर बल्कि पीलीभीत रेलवे स्टेशन के बिजली घर से जुड़ा है। बिजली आए दिन कट जाने से मशीन बंद हो जाती है, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रविवार की शाम बिजली कटने से मशीन बंद हो गई।

न्यूज ब्रीफ

सोनू माथुर बने कांग्रेस युवा के नगर अध्यक्ष

बिल्सी, अमृत विचार : जिला युवा कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अकबर डंपी सकलैनी ने नगर के मोहल्ला संख्या दो खैरी रोड निवासी आदित्य माथुर उर्फ सोनू को बिल्सी नगर का अध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष सोनू ने बताया कि बिल्सी नगर में शीघ्र कमेटी का विस्तार कर पार्टी को मजबूत बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

उझानी के सौरभ रजावत बने प्रदेश अध्यक्ष

उझानी, अमृत विचार : अखंड आर्यावर्त आर्य महासभा (अखिल भारत हिन्दू महासभा) उत्तर प्रदेश की नवीन कार्यकारिणी में सौरभ रजावत को पुनः प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमांचल की जिम्मेदारी दी गई है। सौरभ रजावत के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर उनके समर्थ्झकों ने बधाई दी है। सौरभ रजावत काफी समय से सनातन के लिए काम रहे हैं उनकी मेहनत और लगन को देखते हुए उन्हे यह जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अपने समर्थकों के बीच सौरभ ने कहा कि संगठन ने उन्हे जो जिम्मेदारी दी है उसको पूरी निष्ठा के साथ निभाने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर खुशी का इजहार किया।

जरेंडा गांव में नलकूप से सामान चोरी

इस्लामनगर, अमृत विचार : थाना इस्लामनगर क्षेत्र के गांव जरेंडा में शनिवार रात चोरों ने एक नलकूप को निशाना बनाया। सूचना मिलने पर पुलिस ने जल्द ही खुलासा का आश्वासन दिया है। गांव निवासी आदित्य शर्मा किसान हैं। रविवार सुबह वह अपने नलकूप पर पहुंचे। यहां नलकूप की मोटर, पंखा, सपोर्ट तार व केबिल चोरी हो गई। उन्होंने आसपास खोजा, लेकिन सामान नहीं मिला। उन्होंने तहरीर दी। पुलिस ने मौका मुआयना किया। आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ की। पुलिस जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। वहीं किसानों ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों की वजह से वह परेशान हैं। पुलिस चोरी की घटना पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

8755 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

4953 अभ्यर्थियों ने दी पीसीएस परीक्षा, जिला अधिकारी व एसएसपी ने देखी व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य व प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 और सहायक वन संरक्षक व क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा प्रारंभिक परीक्षा जिले के केंद्रों पर सकुशल व शांतिपूर्ण तरीके से हुई। परीक्षा के लिए पंजीकृत 13708 अभ्यर्थियों में से 4953 उपस्थित रहे, जबकि 8755 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। डीएम अवनीश राय, एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार, एडीएम प्रशासन अरुण कुमार ने परीक्षा केंद्रों और कोषागार का निरीक्षण किया।

पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए थे। 17 परीक्षा केंद्रों पर सभी में 384 और एक केंद्र पर 326 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। परीक्षा केंद्रों को सात जोन में बांटा गया था। सुबह पहली पाली साढ़े नौ बजे से शुरू हुई। जिसके चलते बहुत से अभ्यर्थी एक दिन पहले आकर होटलों, रेलवे स्टेशन आदि पर रुक गए थे। परीक्षा केंद्र पर पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में प्रवेश पत्र देकर और तलाशी लेकर ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। सुबह साढ़े 11 बजे परीक्षा समाप्त हुई। पहली पाली में पंजीकृत 6854 अभ्यर्थियों में से 2483 उपस्थित और 4371 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसके बाद दोपहर ढाई बजे से साढ़े चार बजे तक दूसरी पाली हुई। इसमें पंजीकृत 6854 में से 2470 अभ्यर्थी उपस्थित और 4384 अनुपस्थित रहे। डीएम, एसएसपी, एडीएम प्रशासन और एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

एनएमएसएन दास पीजी महाविद्यालय में जायजा लेते एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी।

परीक्षा केंद्र के मॉनीटरिंग सेल का निरीक्षण करते डीएम अवनीश राय और एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

● परीक्षा केंद्र के गेट पर चेकिंग के बाद ही दिया प्रवेश

परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थी की हुई तलाशी।

सीसीटवी कैमरों से भी रखी नजर

डीएम परीक्षा केंद्र गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय, एनएमएसएन दास पीजी महाविद्यालय, केदारनाथ महिला इंटर कॉलेज आदि केंद्रों पर गए। कक्षों की निगरानी करने वाले सीसीटवी कैमरों का मॉनीटरिंग सेल देखा। साथ ही पार्किंग स्थल, तलाशी व्यवस्था, प्रकाश, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। जिसके बाद कलेक्ट्रेट परिसर में कोषागार का निरीक्षण करके अधिकारियों को निर्देशित किया। परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों के साथ स्टेटिक मजिस्ट्रेट रहे। सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट ने व्यवस्था देखी।

बरात चढ़त के दौरान फायरिंग में घायल हुआ युवक

विजय नगला, अमृत विचार : बरात चढ़त के दौरान एक गांव में हर्ष फायरिंग हुई। बारात में भगदड़ मच गई। गोली लगने से युवक घायल हो गया। घायल को बरेली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बरेली जाकर घायल से बात करके जांच शुरू कर दी है।

थाना बिनावर क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर बिहार निवासी इसरार सैफी की बेटी की बरात शनिवार रात शहर के मोहल्ला गद्दी चौक निवासी सहज सैफी के यहां से आई थी। ग्रामीणों के अनुसार बाराती थाना बिनावर से बारात घर तक दर्जनों वाहनों से जा रहे थे। डीजे पर फिल्मी गाने चल रहे थे। थाने से लगभग एक किलो मीटर दूर बरात चढ़त के दौरान नाजायज असलहों से फायरिंग की जा रही थी। इसी दौरान बरात में शामिल गद्दी चौक के पास मोहल्ला कटरा ब्राह्मपुर निवासी फैजान को गोली लग गई। वह घायल हो गया। जिसे बरेली ले जाकर भर्ती कराया गया। काफी समय के बाद पुलिस को जानकारी हुई तो घटनास्थल पर पहुंची। बरेली जाकर घायल युवक से बयान लिए। थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। बरेली जाकर घायल से पूछताछ की गई है। जांच करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस मुठभेड़ में बदायूं के दो शातिर लुटेरे घायल

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

● बीसलपुर पुलिस ने एसओजी और सर्विलांस टीम संग की मुठभेड़

अमृत विचार: चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक कार को रोकने का प्रयास किया। कार सवारों ने रुकने के बजाए वाहन दौड़ा दिया और पीछा कर रही पुलिस टीम पर फायर कर दिए। इसके बाद कार फंस गई फिर मुठभेड़ में दो बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। छानबीन के बाद दोनों पर दर्जन भर से अधिक लूट आदि के मुकदमे निकले। दोनों अपराधी बदायूं के निकले। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार रविवार देर शाम बीसलपुर कोतवाल संजीव शुक्ला पुलिस बल के साथ बिलसंडा तिराहे पर चेकिंग कर रहे थे। एसओजी प्रभारी अजय कुमार और सर्विलांस प्रभारी जगदीप मलिक भी टीम के साथ थे। बताते है पुलिस को कोई इनपुट मिला था। इसी दौरान एक कार आती दिखाई दी। जिसे टीम ने रुकने का इशारा किया। मगर कार सवारों ने रुकने के बजाए वाहन दौड़ाना शुरू कर दिया। फिर टीम ने पीछा किया तो पुलिस पर फायरिंग कर दी गई। बचाव करते हुए पुलिस पीछा करती रही और फिर कार कटना नदी पुल के पास पहुंचते ही फंस गई। कार में सवार लोग पुलिस पर फायरिंग करने लगे। तभी जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने भी गोली चलाई और दोनों अपराधियों के पैर गोली लगी। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने अपना नाम बदायूं के सखानु अलाबुर क्षेत्र के निवासी असलम और अशरफ बताया। दोनों शातिर लुटेरे निकले। उन पर दर्जनभर से अधिक मुकदमे दर्ज है। दोनों को सीएचसी पुलिस लाई, वहां प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाल बीसलपुर ने बताया कि मुठभेड़ के बाद दो अपराधी पकड़े गए है। कार्रवाई की जा रही है।

लूट के इरादे से तो नहीं आए : दोनों आरोपी शातिर लुटेरे बताए जा रहे है। हालांकि दोनों मुठभेड़ में पैर में गोली लगने से घायल हो चुके है। एसओजी और सर्विलांस टीम भी शामिल थी। ऐसे में पहले से इनपुट मिलने की बात कही जा रही है। यह भी माना जा रहा है कि आरोपी किसी लूट की घटना को अंजाम देने तो नहीं आए थे। दोनों की कार बिना नंबर की थी।

जीएसटी घटी, हर वर्ग को मिला फायदा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सहसवान में जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत विधानसभा सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें अनसूचित जनजाति आयोग सदस्य उमेश कठेरिया, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता व अभियान संयोजक अनुज माहेश्वरी ने संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार का यह कदम व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए राहत लेकर आया है। घटती जीएसटी दरें जहां मध्यम वर्ग की बचत बढ़ा रही हैं। वहीं उद्योग जगत को भी नई ऊर्जा दे रही हैं। सहसवान के व्यापारियों से आग्रह किया कि वह स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता दें। यही सच्चे अर्थों में आत्मनिर्भर भारत की भावना है। स्वदेशी अपनाने से न केवल हमारा स्थानीय बाजार मजबूत होता है, बल्कि हर छोटे व्यापारी को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता।

प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी नई चेतना जगाई है। अनसूचित जनजाति आयोग सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक सुधारों की नई ऊंचाइयों को छुआ है। जीएसटी में की गई रियायतें व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही हैं। यह सरकार की दूरदर्शी नीति का प्रमाण है कि आज छोटे व्यापारी से लेकर उद्योगपति तक आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अभियान संयोजक ने कहा मोदी सरकार ने व्यापार को बोझ नहीं, अवसर के रूप में देखा है। जीएसटी बचत उत्सव इसी सोच का परिणाम है, जहां करों में राहत देकर मध्यम, व्यापारी, किसान वर्ग की जेब में बचत बढ़ाई जा रही है।

यह कदम सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को और मजबूत करता है। सम्मलेन में जिला उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पीयूष माहेश्वरी, राजीव शर्मा, ललतेश ठाकुर, सुभाष गौड़, अनुराग दीक्षित, अवढर शर्मा, विष्णु असावा, आलोक माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।

फसल की रखवाली कर रहे किसान पर हमला, रिपोर्ट दर्ज

उघैती, अमृत विचार : पुरानी रंजिश को लेकर खेत पर फसल की रखवाली कर रहे किसान पर हमला हुआ। किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना गांव मसूदपुर में शनिवार देर रात तीन बजे हुई। किसान भानु प्रताप सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गांव भगता नगला निवासी कुछ लोगों से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है। सत्यप्रकाश और भुवनेश रात में लोहे की रॉड लेकर उनके पास खेत पर पहुंचे थे और उनपर हमला कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वह किसी तरह हमलावरों से छूटकर घर गए और परिजनों को जानकारी दी। बताया कि हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

राजनीतिक रूप से सशक्त बनने के लिए समाज हो एकजुट : पूर्व राज्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : महाराजा अग्रसेन जयंती के अवसर पर श्री अग्रवाल सभा की ओर से आरके रिसॉर्ट में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। बच्चों और महिलाओं ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल ने कहा कि राजनीतिक रूप से सशक्त बनने के लिए समाज के के लोगों को एकजुट रहना बहुत जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज के जूनियर व सीनियर वर्ग के बच्चों ने एकल, सामूहिक, युगल नृत्य आदि प्रस्तुत किए। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष हरि अग्रवाल ने कहा कि जनसंख्या के लिहाज से अग्रवंशियों की संख्या कम होने के बावजूद भी देश के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि चंदौसी के अग्रवाल सभा के अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल, बृजेंद्र कुमार गोयल, संजय कुमार अग्रवाल, महिला समिति की अध्यक्षा शिवानी बंसल, प्रेम शंकर अग्रवाल, डॉ. एमएस अग्रवाल, डॉ. एमएस मित्तल, डॉ. एसएन गोविल, दीपमाला गोयल, डॉ. मेघा अग्रवाल, प्रमोद गोयल, शिवानी बंसल, शैलेंद्र अग्रवाल, अजय गोयल, शिवानी सिंघल, गुंजन बंसल, नीलम अग्रवाल, मीडिया प्रभारी दिलीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री विमल कृष्ण अग्रवाल व श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारी।

● महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में शहर के आरके रिसॉर्ट में आयोजित किया कार्यक्रम

मांग उठाने के लिए ट्रेड यूनियन बनाएंगे बैंक मित्र

बैठक के दौरान मौजूद मुरादाबाद और बरेली मंडल के बैंक मित्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

● वजीरगंज में हुई मुरादाबाद और बरेली मंडल के बैंक मित्रों की बैठक

अमृत विचार : नगर वजीरगंज में बैंक मित्रों की बैठक हुई। इसमें बरेली और मुरादाबाद मंडल के बैंक मित्र उपस्थित रहे। बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई। एसबीआई, पीएनबी, बीओबी आदि बैंकों के बैंक मित्रों ने बैठक में अपनी-अपनी समस्याएं रखी।

सभी ने निर्णय लिया कि वह अपने हक की लड़ाई के इस तरह से आगे नहीं बढ़ सकते। सभी लोग ट्रेड यूनियन का रजिस्ट्रेशन कराकर उसके बैनर तले काम करेंगे। इससे आसानी से वह अपनी आवाज उठा सकते हैं और अपनी लड़ाई लड़ सकते हैं। बैंक मित्र सुबह 8 से रात 8 बजे तक काम करते हैं। सोशल स्कीम, रिकवरी के अलावा बैंक के काम भी करते हैं। इसके बाद भी उन्हें न तो समय से कमीशन मिलता है और न ही सरकार बैंक मित्रों के बारे में कुछ सोचा है।

मुरादाबाद में सड़क हादसा बिल्सी की महिला की मौत

संवाददाता, बिल्सी

● समधन के साथ खरीदारी करने जाते समय हुआ हादसा

अमृत विचार : नगर बिल्सी के मोहल्ला संख्या आठ निवासी एक महिला की मुरादाबाद में हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। परिजन पुलिस को सूचना दिए बिना शव घर ले आए।

मूलरूप से बिल्सी निवासी शाहजहां (55) पत्नी कल्लू टेलर कुछ दिनों से अपने बड़े भाई बंटी के साथ मुरादाबाद में रह रही थी। रविवार सुबह वह अपनी समधिन के साथ मुरादाबाद में ही कुछ सामान खरीदने के लिए गई थी। सड़क पार करते समय किसी वाहन ने शाहजहां को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों ने महिला को अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना नहीं दी और शव घर ले गए।

शव घर आते ही चीत्कार मच गया। उनकी मौत पर चैयरमेन ज्ञानदेवी सागर, अरविंद कुमार जैन, परमवीर सिंह, हाजी अजमल खां, सपा नेता सर्वेश यादव, कवींद्र सक्सेना, सभासद खुशीदा बानो, अरवाज अल्वी, मोहसिन अल्वी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

कार की टक्कर से बच्चे की जान गई

बदायूं, अमृत विचार : सहसवान कोतवाली क्षेत्र में रविवार शाम तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा सवार तीन साल के बच्चे की मौत हो गई, जबकि उसके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। गांव परसौना निवासी हरि सिंह के तीन साल के बेटे ललित को कुछ दिनों से बुखार आ रहा था। वह सहसवान नगर में उसकी दवा लेने गए थे। वापसी में वह ई-रिक्शा में बैठकर घर आ रहे थे। मेरठ राजमार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से ई-रिक्शा राजमार्ग पर पलट गया। हादसा होते ही ई-रिक्शा चालक मौके से भाग गया। भीड़ ने कार चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल हरि सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ग्रामीण की गई जान

संवाददाता, बदायूं

● थाना उसावा के ग्राम वमनपुरा के रहने वाले थे रामकिशन

अमृत विचार : थाना उसावा के ग्राम वमनपुरा निवासी एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वमनपुरा निवासी रामकिशन मिश्रा 45 वर्ष खेती किसानी करते थे।

वह शनिवार की शाम को अपने खेत पर गए। वहां कुछ देर तक धान काटे उसके बाद रामकिशन खेत पर ही लेट गए। रविवार सुबह जब उनका पुत्र गोबिंद खेत पर पहुंचा तो उसके पिता की हालत खराब थी। उसने परिजनों को सूचना दी और फिर परिजन रामकिशन को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि रामकिशन को कुछ दिन से बुखार आ रहा था। उनकी तबियत खराब हो गई तो यहां लेकर आए।

मृतक के पुत्र गोविंद का कहना है कि उसके पिता को सांप ने काट लिया। खेत में पीपल का पेड़ है वहां पर सांप रहता है। परिजनों ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने की बात कहते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। रामकिशन की मौत को लेकर तरह तरह की बातें हो रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद सही स्थिति पता चलेगी।

बदलते मौसम में बीमारियों ने पसारे पैर, श्वास रोगी बढ़े

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : बदलते मौसम के बीच लोग बुखार के शिकार हो रहे हैं जिससे जिला अस्पताल में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को छुट्टी के दिन भी बुखार के सात मरीजों को भर्ती किया गया। चिकित्सकों का कहना है कि करीब 15 दिन तक मौसम की मार से लोग बीमार होंगे। इसलिए अभी सावधानी बहुत जरूरी है। दो लोगों को डेंगू होने की बात कही जा रही है। इसकी जांच कराई गई है।

पिछले कई दिनों से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। दिन में गर्मी धूप और उमस रहती है जबकि रात को सर्द मौसम के चलते लोगों को पंखे कूलर बंद करने पड़ रहे हैं। ऐसे मौसम में लोगों को बुखार आना लाजिमी है। रविवार को जिला अस्पताल में बुखार के सात मरीज भर्ती किए गए। इनमें दो महिलाएं और पांच पुरुष हैं।

जिला अस्पताल के मेडिकल वार्ड में भर्ती मरीज। ● अमृत विचार

● जिला अस्पताल में दो घंटे में बुखार के सात और दो डेंगू के मरीज आए

सभी को बुखार की शिकायत है। डॉक्टरों का कहना है कि इस समय बुखार पीड़ितों की जांच कराना जरूरी है। जांच रिपोर्ट देखने के बाद ही उचित उपचार किया जाएगा। दो दिन पहले जिला अस्पताल में भर्ती हुई महिला सुधा रानी की सभी जांच सामान्य बतायी गयी है लेकिन अब डेंगू की जांच करायी गयी है।

जिसकी जांच रिपोर्ट मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। जिला अस्पताल की नर्स ऊषा पाल को कई दिनो से बुखार था। उन्हें दवा दी गयी लेकिन दवा ने असर नहीं किया। जिसके बाद शनिवार को डेंगू की जांच करायी गयी जिसमें उन्हें डेंगू की पुष्टि हुई। ऊषा पाल को सघन चिकित्सा कक्ष में रखा गया है।

अस्पताल में बढ़ रही मरीजों की भीड़

फिजीशियन राजेश कुमार वर्मा ने बताया कि इस समय मौसम लोगों को कई तरह से परेशान कर रहा है। गर्मी और सर्द मौसम बीमारियों को जन्म दे रहा है। ऐसे मौसम में श्वास रोगियों की परेशानी बढ़ जाती है जिससे उन्हें आनन फानन में भर्ती कराना पड़ता है। इस समय कई श्वास रोगी जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। जिला अस्पताल से अधिक मरीज प्राइवेट अस्पतालों में भर्ती हैं। यहां पर तो गांव देहात का गरीब मरीज आता है लेकिन बड़े अस्पतालों में मरीजों की भरमार है।

पालिका परिसर में खड़े रहे कूड़ा लदे वाहन

उझानी, अमृत विचार : नगर पालिका का कूड़ा डालने को दूसरे दिन भी जगह नहीं मिली जिससे कूड़े से भरे वाहन नगर पालिका परिसर में खड़े रहे। इस समस्या को लेकर पालिका प्रशासन परेशान है।

नगर पालिका परिषद द्वारा नगर का कूड़ा उठाया जाता है। सफाई कर्मचारी यह कूड़ा सड़क किनारे गड्ढे में डाल देते हैं। आसपास के ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। शनिवार को पालिका के सफाई निरीक्षक जब कूड़ा डालने को हाइवे स्थित गड्ढों पर पहुंचे तो स्थानीय लोगों ने फिर विरोध शुरू कर दिया। नगर पालिका के वाहन चालक विरोध व लड़ाई-झगड़े से बचने को कूड़े के वाहन वापस ले गये। वाहनों को नगर पालिका परिसर में खड़े कर दिए। सफाई निरीक्षक हरीश कुमार त्यागी ने बताया कि कूड़ा डालने को अभी जगह नहीं मिली है। जगह की तलाश की जा रही है। जल्द ही समस्या का निपटारा कर लिया जाएगा।

अधर में लटका जिला अस्पताल में बनी नई पैथोलॉजी लैब का विस्तारीकरण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

महिला पुरुषों की अलग लगेगी लाइन

जिला अस्पताल में लैब का विस्तारीकरण होने के बाद महिला और पुरुषों की अलग अलग लाइन लगा कर ब्लड रिपोर्ट दी जाएगी जिससे महिलाओं को परेशानी नहीं होगी। साथ ही धक्का मुक्की से निजात मिलेगी। नई बिल्डिंग में चार वार्ड बनाए गए हैं जिसमें एक वार्ड में मशीन होगी और दो वार्ड में ब्लड रिपोर्ट दी जाएगी। जबकि एक वार्ड में पूछताछ केंद्र बनाया जाएगा।

● अधिकारियों ने निरीक्षण में निकाली थीं कमियां

● कमियां पूरी होने के बाद जिला अस्पताल के सुपुई होगी बिल्डिंग

अमृत विचार : जिला अस्पताल में बनायी गई नई पैथोलॉजी लैब का विस्तारीकरण अधिकारियों की लापरवाही के चलते अधर में लटक गया है। इससे अस्पताल प्रशासन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में नई लैब की बड़ी बिल्डिंग का निर्माण कराया गया है। बिल्डिंग तीन महीने पहले ही बन कर तैयार हो चुकी है। बिल्डिंग का निरीक्षण किया गया था जिसमें कुछ कमियां बताई गई थीं। सीएमओ डॉ. रामेश्वर मिश्रा ने कहा कि कमियां पूरी होने के बाद नई बिल्डिंग जिला अस्पताल के सुपुर्द कर दी जाएगी। रविवार को अस्पताल प्रशासन की ओर से बताया गया कि निरीक्षण में जो कमियां बतायी गयीं थीं उन्हें ठीक कर दिया गया है। कमियां ठीक होने के बाद सीएमओ को सूचित भी कर दिया गया फिर भी नई बिल्डिंग में लैब विस्तारीकरण का कार्य अधर में लटका हुआ है।

प्रभारी सीएमएस डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि बिल्डिंग तैयार है। अब एक बार निरीक्षण किया जाना है उसके बाद सीएमओ के स्तर से ही नई बिल्डिंग जिला अस्पताल के सुपुर्द की जाएगी। बताया कि नई बिल्डिंग में ब्लड सैंपल की जांच तीन मशीनों से की जाएगी जिससे एक दिन में करीब पांच सौ से अधिक सैंपलों की जांच हो सकेगी।

मरीजों को उसी दिन जांच रिपोर्ट मिल जाएगी। इस समय मरीजों को दो दो दिन तक जांच रिपोर्ट नहीं मिल पाती है जिससे उन्हे परेशानी होती है। नइर बिल्डिंग मिलते ही दो और मशीनें मंगाई जाएंगी। एक कंपनी द्वारा मशीन लगा कर जांच की जाएगी।

न्यूज ब्रीफ

चलती बाइक में लगी आग, युवकों ने कूदकर बचाई जान

बदायूं, अमृत विचार : नगर बिल्सी में शनिवार देर रात चलती हुई बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक सवार दो युवकों ने कूदकर जान बचाई। बाइक में आग लगने का वीडियो सोशल साइट्स पर वायरल हुआ है। कस्बा निवासी इरफान और अरमान शनिवार रात बाइक से बदायूं बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। नगर के शेखपुर चौराहे के पास उनकी बाइक में आग लग गई। दोनों युवक बाइक सड़क पर गिरा दी और खुद दूर हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन बाइक जल गई। वहीं लोगों ने इस घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। लोगों ने कमेंट किए है कि समय रहते युवक नहीं कूदते तो बड़ा हादसा हो सकता था।

15 को आएंगी महिला आयोग की सदस्य

बदायूं, अमृत विचार : जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत 15 अक्टूबर सुबह 10 बजे उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह बदायूं आएंगी। वह लोग निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में जनसुनवाई करेंगी। दोपहर एक बजे उझानी के पोषण पंचायत कार्यक्रम में शिरकत करेंगी।

गंगाघाट पर तैनात किए जाएंगे 100 गोताखोर

ककोड़ा मेला स्थल पर हो रही तैयारियों में किया बदलाव

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीएम ने गंगा के दोनों किनारों से फसल कटवाने के दिए निर्देश

अमृत विचार : मेला ककोड़ा की तैयारियों का जायजा लेने के बाद जिला प्रशासन ने एक और निर्देश दिया है जिसमें गंगा के दोनों किनारों पर साफ सफाई करने को कहा है। साथ ही गंगा तट पर करीब 100 गोताखोर तैनात करने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत ने डीएम के आदेश पर अमल करना शुरू कर दिया है।

डीएम अवनीश राय और एसएसपी ने शनिवार को मेला ककोड़ा स्थल पर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद कहा गया कि रुहेलखंड का मिनी कुंभ मेला ककोड़ा ऐतिहासिक मान्यता रखता है इसलिए मेले में दूसरे प्रदेशों और कई जिलों के श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में गंगा तट पर सफाई बेहतर होनी चाहिए और काफी दूर तक दोनों किनारों को साफ किया जाना चाहिए। इससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो। डीएम के आदेश पर अमल करते हुए जिला पंचायत प्रशासन ने रविवार को गंगा तट पर सफाई अभियान शुरू करा दिया। गंगा के किनारे खेतों में खड़ी फसल काटने का आदेश दिया गया। किसानों को बुला कर धान और ईख को काटने को कहा गया है। साथ ही पांच किमी दूरी तक गंगा के किनारे सफाई की जाएगी।

रविवार को मेला स्थल पर पहुंचे जिला पंचायत के मुख्य अभियंता पवन कुमार गोयल ने कहा कि उन्होने आज गंगा किनारे खड़ी ईख और धान की फसल को काटने को किसानों से कहा है। किसानों ने फसल को काटना भी शुरू कर दिया है। फसल कटने के बाद गंगा तट पर सफाई कराई जाएगी। मुख्य अभियंता ने बताया कि गंगा तट पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा को करीब सौ गोताखोर तैनात किए जाएंगे। इसके लिए गोताखोरों को चिन्हित कर लिया गया है। मेला स्थल के निकट गंगा में पानी अधिक है इसलिए स्नान के समय गोताखोर मौजूद रहेंगे।

मेले में दो दिन बाद खुलेगा जिला पंचायत कार्यालय

मेला ककोड़ा में जिला पंचायत प्रशासन का कार्यालय दो दिन बाद स्थापित कर दिया जाएगा। कार्यालय बन जाने के बाद जिला पंचायत के कर्मचारी रात दिन मेला स्थल पर ही रहेंगे। जिला पंचायत प्रशासन की ओर से बताया गया है कि मेला स्थल पर मैदान को समतल कर दिया गया है जिससे वहां पर तंबुओं का शहर बसाया जा सके। जल्द ही मेला स्थल पर कुछ नए तंबू दिखाई देंगे। फिलहाल मेले में काम करने वाले ठेकेदार और उनके कर्मचारी डेरा डाले हुए हैं। मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन जिला पंचायत से संवाद कर रहा है और दिशा निर्देश भी दे रहा है।

उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट : स्वामी प्रसाद मौर्य

बदायूं, अमृत विचार : रामपुर में सपा नेता आजम खान से मुलाकात के बाद अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार ने द्वेष भावना के चलते आजम खान को फंसाया है। प्रदेश में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है।

अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य रामपुर में सपा नेता आजम खान से शिष्टाचार मुलाकात कर लौट रहे थे। शाहाबाद होते हुए वह बदायूं पहुंचे। यहां पर बिसौली और आसफपुर में पार्टी के जिलाध्यक्ष एडवोकेट सुनील वाल्मीकि ने फूल मालाओं से राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया। उसके बाद स्वामी प्रसाद मौर्य का काफिला बिल्सी बिसौली कछला होते हुए सीमा देवी की दूसरी पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में वह शामिल हुए।बिल्सी मोड़ पर कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों से उनका स्वागत किया। इस मौके पर सलीम खान जिला उपाध्यक्ष चंद्रभान शाक्य, संगठन सचिव विकास, मीडिया प्रभारी रितिक पटेल, जिला सचिव मुकेश पाल, समीर बाबू, मोहम्मद उमर, मुकेश लोधी, सत्यपाल, मनोज, राजेश, आदि मौजूद रहे।

यज्ञ से पहले सोई में निकाली कलश यात्रा

संतों का स्वागत करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, कुंवर गांव

अमृत विचार : क्षेत्र के गांव सोई में रविवार से 1008 विदेह नवीन शरण जी महाराज (सोई आश्रम वाले) की कृपा से सोई आश्रम परिसर में सात दिवसीय श्री मारुति नंदन महायज्ञ एवं श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ।

रविवार को सबसे पहले गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं, श्रद्धालु एवं संतजन शामिल हुए। कलश यात्रा में भक्तों ने जयकारों और भक्ति गीतों के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने संतों से आर्शीवाद लिया।उन्होने संतों का फुलमाल पहना कर स्वागत किया। आयोजन समिति ने बताया कि यह पावन कार्यक्रम 12 से 19 अक्टूबर तक चलेगा। कथा के दौरान प्रतिदिन भक्तों को श्री राम कथा का रसपान कराया जाएगा। समापन दिवस पर यज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

अच्छे संस्कार और कर्म हैं जीवन में सुख का आधार

बिल्सी, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के गांव गुधनी स्थित प्रज्ञा यज्ञ मंदिर पर रविवार को आर्य समाज का साप्ताहिक सत्संग आयोजित किया गया। सत्संग अंतरराष्ट्रीय वैदिक विद्वान आचार्य संजीव रूप के निर्देशन में हुआ। यहां सर्वप्रथम अथर्ववेद के मंत्रों से यज्ञ कराया गया।

श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से यज्ञ में आहुतियां देकर सबके स्वस्थ सुखी मंगलमय जीवन की कामना की। आचार्य संजीव रूप ने कहा कि ईश्वर तो सदा सर्वदा हमारी आत्मा में बसा है। किंतु अज्ञान के कारण हमें उसकी प्राप्ति नहीं होती। जैसे कस्तूरी हिरण की नाभि से सुगंध आती है किंतु वह सोचता है कि सुगंध दूर कहीं से आ रही है और वह उसी के पीछे भागता है वैसे ही लोग भगवान को ढूंढने दुनिया में जाते हैं। किंतु भगवान तो सदा उसके साथ रहते हैं। डॉ. सत्यम आर्य ने यज्ञ किया तथा यज्ञ को सर्वोत्तम चिकित्सा पद्धति बताया। इस मौके पर राकेश आर्य, विचित्रपाल सिंह, सचिन आर्य, गुड्डु देवी, सूरजवती देवी, सुरजा देवी, कौशिकी आदि मौजूद रहे।

उसहैत में धूमधाम से निकाली श्रीराम बरात

संवाददाता, उसहैत

श्रीराम बरात को रवाना करते राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता व अन्य।

अमृत विचार : कस्बे में रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच श्री राम की बरात निकाली गई। राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने श्री राम का तिलक करने के बाद बरात को रवाना किया।

रामलीला मंच पर कमेटी के पदाधिकारियों ने श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान, सीता के स्वरूपों को तिलक लगाकर आरती की। श्री श्रीराम की शोभायात्रा को मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता व दातागंज विधायक के भाई डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने श्रीराम की आरती उतारकर फीता काटकर बारात को रवाना किया।

श्रीराम की बरात का जगह जगह नगर वासियों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राम बरात मेन बाजार, श्री कालसेन बाबा मंदिर, जाटवान व मुराबान चौराहा होते रामलीला ग्राउंड पर संपन्न हुई। राम बरात में श्री राम, लक्ष्मण, हनुमान, मां सीता, शंकर-पार्वती, राधा कृष्ण काली अखाड़े आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। मेला अध्यक्ष अनुज गुप्ता, मेला अध्यक्ष अनुज गुप्ता, उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, संरक्षक अखिलेश गुप्ता, अजय प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, बलजीत शाक्य, सचिन अनुभव गुप्ता, अनुज ठाकुर, कृपाल, विमलेश राजपूत, राजन सक्सेना, प्रदीप यादव, हृदेश यादव का सहयोग रहा।

गांव सुजावली में रामलीला महोत्सव का हुआ आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सहसवान क्षेत्र के गांव सुजावली में रामलीला महोत्सव का आरंभ हो गया। भाजपा नेता मयंक गुप्ता ने फीता काटा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम केवल एक ऐतिहासिक व्यक्तित्व नहीं बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श हैं।

उन्होंने त्याग मर्यादा धर्म और सत्य के मार्ग पर चलकर समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी। राम के चरित्र से हमें यह सीख मिलती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और कर्तव्य का पालन करना चाहिए। रामलीला जैसे आयोजन भारतीय संस्कृति की जीवन परंपरा को न केवल संजोए रखते हैं बल्कि नई पीढ़ी को अपने इतिहास और संस्कारों से जोड़ने का कार्य करते हैं। ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन समाज को एकजुट करने और सामाजिक समरसता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच और मैदान में जय श्री राम का उद्घोष हुआ।

सहसवान क्षेत्र के गांव सुजावली में रामलीला महोत्सव के आरंभ पर फीता काटते भाजपा नेता मयंक गुप्ता।

रामलीला महोत्सव में किया राज्याभिषेक

कस्बा इस्लामनगर में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव में कार्यक्रम को संबोधित करते दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह।

संवाददाता, इस्लामनगर

- इस्लामनगर में रामलीला महोत्सव में श्रीराम का तिलक कर राज्याभिषेक संपन्न कराया

अमृत विचार : कस्बा इस्लामनगर में चल रहे श्री रामलीला महोत्सव में भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने भगवान श्रीराम का तिलक कर राज्याभिषेक संपन्न कराया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि अगर हम भगवान श्रीराम के चरित्र का एक भी गुण अपने जीवन में उतार लें, तो यह मंचन सार्थक हो जाएगा। पूर्व चेयरमैन वीरेंद्र कुमार लीडर ने लव-कुश चरित्र का मंचन प्रस्तुत कर कार्यक्रम में धार्मिक रंग भरा। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अतुल गुप्ता ने किया। इससे पहले रावण दहन किया गया था। मंच पर हनुमान जी की मनमोहक प्रस्तुति के बाद भगवान श्रीराम, लक्ष्मण ने परंपरा अनुसार तीर चलाकर रावण के विशालकाय पुतले का दहन किया। कार्यक्रम के दौरान जय श्री राम के नारे लगे। अध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, महामंत्री अतुल गुप्ता, विनोद शंखधार, गोपाल, संजीव, मुकेश सभासद, राजवीर सिंह, रोमन, गोविंद, हेमंत, दयाशंकर गुप्ता, बब्बू मिश्रा, सुशील पाठक, संजीव वैश्य आदि उपस्थित रहे।

रोहिलखण्ड कैंसर इंस्टीट्यूट बरेली
कैंसर की संपूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
200 BED का Cancer अस्पताल अब आपके शहर में
रेडियोथेरेपी के लिए वेरियन ट्रूबीम एसटीएक्स (लीनियर एक्सलरेटर)
High Definition MLC, SRS, SBRT, IMRT, IGRT, Rapid ARC, RGSC, VMAT, 3D CRT, 6D Couch, 3 Energy Phototherapy, 5 Energy Electron Therapy
• बरेली का एकमात्र PET CT
• पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
• सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, • रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, • डे केयर कीमो थेरेपी, • इम्यूनोथेरेपी • कैंसर आईसीयू, • फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकैमिस्ट्री • मैमोग्राफी, • कैंसर के रोकथाम की ओपीडी, • टर्मिनल कैंसर मरीजों की देखभाल • इण्टरवेशनल रेडियोलॉजी
• प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
• मुख्यमंत्री राहत कोष योजना द्वारा फ्री में इलाज की सुविधा
Academic Programmes
M.D. Radiation Oncology (4 Seats)
Diploma in Radiotherapy Technician (30 Seats)
अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस, नजदीक सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली उ.प्र. 243006
हैल्पलाइन: 7891235003, पैट सीटी बुकिंग के लिए +91 9811187117, आपातकालीन 9258116087
www.rohilkhandcancerinstitute.com Follow us on : /rohilkhand cancer institute

स्काउट ने कुष्ठ रोगियों को बांटा दैनिक उपयोग का सामान

बदायूं, अमृत विचार : भारत स्काउट और गाइड संस्था की ओर से कछला स्थित मां भागीरथी गंगा तट पर स्थित दोनों ओर के कुष्ठाश्रमों में 105 कुष्ठ रोगियों को दैनिक उपयोग का सामान और पौष्टिक भोजन वितरित किया गया। स्काउट संस्था के प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्यायुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने हरी झंडी दिखाकर स्काउट टीम को रवाना किया। जिला मुख्यालय आयुक्त प्रेमपाल सिंह, महीपाल सिंह, जिला संगठन कमिश्नर (स्काउट) मोहम्मद असरार ने कुष्ठाश्रम में कुष्ठ रोगियों को नहाने व कपड़े धोने का साबुन, चाय की पत्ती, पट्टियां आदि वस्तुएं प्रदान कीं। तजा बना गरमा गरम भोजन वितरण किया। पूर्व जिला ट्रेनिंग कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि सेवा वह साधना है जो दूसरों की खुशी और भलाई के लिए बिना स्वार्थ की जाती है। हमारा कर्म हो सेवा, हमारा धर्म हो सेवा, सदा ईमान हो सेवा। यह जीवन को सुंदर बनाती है और मन को शांति देती है। इस मौके पर आईटी शमशाद हुसैन, नेत्रपाल आदि मौजूद रहे।

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RiSAA IVF Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर
परामर्श शुल्क
~~₹200/-~~ ₹100/-
दिन : प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराहा, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900
पूर्ण एन.ए.बी.एच (NABH) से मान्यता प्राप्त हॉस्पिटल

सुलोचना सती का मंचन देखकर दर्शकों की आखों में छलके आंसू

सुलोचना सती प्रसंग का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

संवाददाता, उघैती

अमृत विचार : रामलीला महोत्सव में रविवार को सुलोचना सती लीला का मंचन हुआ। मेघनाद वध के बाद सुलोचना के पतिव्रत धर्म और उनके सती होने की कथा को दर्शाया गया। दर्शकों ने मंचन को देख आनंद लिया।

कस्बे में हनुमान आदर्श रामलीला मंचन के दौरान लक्ष्मण द्वारा मेघनाद का वध किया जाता है। श्री राम सुलोचना को उनके पति मेघनाद का सिर प्रदान करते हैं। सुलोचना अपने पति का सिर लेकर भगवान राम के समक्ष उपस्थित होती हैं और सती होने की इच्छा व्यक्त करती हैं। भगवान राम उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई देते हैं। इसके बाद वह सती हो जाती हैं। रामलीला में सुलोचना के सती होने का मंचन देख लोगों की आंखों में आंसू छलकने लगे। आयोजन समिति के अनुसार रामलीला के यह प्रसंग समाज को आदर्श जीवन की शिक्षा देते हैं। रामलीला में सुरक्षा को लेकर पुलिस तैनात है। मंचन में चंद्रपाल गुप्ता, प्रेमपाल शर्मा, मुनीमजी, हरपाल झा, मुनेंद्र राठौर, मनोज पालीवाल, रामनिवास चित्तौड़िया, उमेश चित्तौड़िया, योगेश गुप्ता सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

तीन दिवसीय दीपावली महोत्सव का आरंभ होने पर काटा केक

बदायूं, अमृत विचार : श्री रामलीला महोत्सव कमेटी, युवा संस्था, उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से ग्रांधी ग्राउंड मैदान में तीन दिवसीय महोत्सव शुरू हुआ। पहले दिन के कार्यक्रम का राज्य सूचना आयुक्त अधिवक्ता स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता ने फीता काटा। अमिताभ बच्चन बर्थडे सेलिब्रेशन व केक कटिंग सेरेमनी आकर्षण के केंद्र रहे। डुप्लीकेट अमिताभ बच्चन अभिनेता परवेज खान ने केक काटा।

शहर निवासी राहुल सक्सेना के संयोजन में डांसिंग स्टार व सिंगिंग सेंसेशन आयोजित हुआ। किड्स फैशन शो में प्ले ग्रुप स्कूल के बच्चों ने प्रतिभाग किया। यह कार्यक्रम कुलदीप और शोबी के संयोजन में हुआ। रानी पद्मावती के जौहर पर आधारित एक्ट पद्मावत आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक ऋतुराज खुसरिया, सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता अमन मयंक शर्मा, एडिशनल सीएमओ डॉ. राजवीर गंगवार, राजीव अरोड़ा, भूराज सिंह राजलॉयर, दीपक चौधरी, नवनीत गुप्ता शोंटू,आशीष रस्तोगी, विक्की कंसल, राहुल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

केक काटते राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्ता व डुप्लीकेट अमिताभ बच्चन।

- कार्यक्रम में डुप्लीकेट अमिताभ बच्चन ने काटा केक, बच्चों ने भी किया प्रतिभाग

न्यूज ब्रीफ

तिलहर मंडी में धान खरीद सुचारू करने का दिया आश्वासन

तिलहर, अमृत विचार : तिलहर मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह ने मंडी में लगे सभी 14 धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद सुचारू रूप से कराए जाने का पूर्ण आश्वासन दिया। इस आश्वासन के आधार पर भारतीय कृषक दल द्वारा दिनांक 13 से मंडी गेट पर प्रस्तावित अनशन 15 अक्टूबर तक स्थगित किया गया है। धान खरीद व्यवस्था में संभावित सुधार के अवलोकन के बाद 15 अक्टूबर को कोर ग्रुप की बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। मंडी सचिव ने रविवार अपराह्न 4 .30 बजे मंडी कार्यालय में किसानों को भरोसा दिलाया कि धान खरीद का लाभ सीधे किसानों को मिलेगा और सरकार की नीतियों के अनुरूप खरीद प्रक्रिया पूरी तरह से सुचारू होगी ।भारतीय कृषक दल के अनुसार, सम्यक वार्ता एवं प्रयास के क्रम में ही अनशन स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। दल ने उम्मीद जताई कि मंडी प्रशासन किसान हित में सुचारू धान खरीद सुनिश्चित करते हुए अपने दायित्व एवं कर्तव्य का पूर्ण निर्वहन करेगा।

प्राचीन श्री रामलीला मेले का आरंभ

मिर्जापुर, अमृत विचार : प्राचीन श्री रामलीला मेला रविवार को हवन पूजन के साथ विधिवत शुरू हो गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। मेले में ललित आदर्श रामलीला नाट्य कला परिषद, अयोध्या के कलाकार भगवान राम की चरित्र लीलाओं का मंचन करेंगे। मेला कमेटी के अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव,प्रधान प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी, विनय शर्मा, रनवीर सिंह, मुकेश सक्सेना, करन सिंह, प्रदीप रघुवंशी, राघवेंद्र सिंह, रत्नेश यादव, प्रेम सिंह पंजाबी, अखिलेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, विशाल जौहरी सहित कई स्थानीय नेता और समाजजन मौजूद रहे। पहली रात नारद मोह लीला का मंचन किया जाएगा, जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

महिला ने विषाख्त पदार्थ खाकर दी जान

बदायूं, अमृत विचार : गृह कलेश में एक महिला ने विषाख्त पदार्थ खा लिया। महिला को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। मामला सहसवान कोतवाली क्षेत्र के गांव फतनपुर टप्पा हवेली का है। गांव निवासी मुन्नी देवी (29) पत्नी हुकुम सिंह के चार छोटे बच्चे हैं। परिजनों से किसी बात को लेकर मुन्नी देवी ने विषाख्त पदार्थ खा लिया। परिजन महिला को सहसवान के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

दहेज मांगने पर महिला ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, उघैती

- मृतक की मां की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर

अमृत विचार : अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये न देने पर ससुरालीजनों ने महिला को परेशान किया। धमकाकर पति महिला को उसके मायके में छोड़ गया। इससे परेशान होकर महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने महिला के पति, ससुर समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

उघैती थाना क्षेत्र के गांव ऐपुरा निवासी सर्वेश और उनके पति हरियाण में रहकर मजदूरी करते हैं। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी शोभा की शादी 22 फरवरी 2025 को इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव भुसाया निवासी गुड्डू पुत्र गंगाधर के साथ हुई थी। जिसमें लगभग पांच लाख रुपये खर्च करके ससुरालीजनों की हर मांग पूरी की थी। आरोप है कि गुड्डू, गंगाधर, रतिराम व उनके पत्नी सुमन लालची और झगड़ालू प्रवृत्ति के हैं। शादी के बाद से ही वह लोग पांच लाख रुपये की मांग करते हुए शोभा को प्रताड़ित करने लगे। अक्सर मारपीट करते हैं। निर्दयतापूर्वक व्यवहार शुरू कर दिया। जानकारी होने पर मायका पक्ष से कुछ लोग गांव भुसाया गए थे। समझाकर वापस लौट आए। शोभा गर्भवती है। इसके बाद भी 7 अक्टूबर दोपहर 4 बजे पति गुड्डू ने उसे धमकाया और मायके से पांच लाख रुपये लाने को कहा और उसके मायके छोड़ गया। उस दौरान सर्वेश की सास मालती देवी ने फोन करके बताया कि शोभा बहुत परेशान है। कह रही है उसके पति दूसरी औरत ले आएंगे। उसकी जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। मानसिक रूप से परेशान होने की वजह स 9 अक्टूबर को शोभा ने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था।

100 रुपये किलो बिकने वाली फूलगोभी बिक रही 35 रुपये किलो

दामों में आई नरमी, बाजार में कई सब्जियों के दाम हुए कम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : सर्द मौसम की आहट से पहले ही बाजारों में सब्जियों के दामों में नरमी देखने को मिल रही है। सभी सब्जियों के मूल्य घटे हैं जिससे लोगों को सब्जी खरीदने में कुछ राहत मिली है। दस दिन पहले तक 100 रुपये किलो बिकने वाली फूलगोभी अब मात्र 30-35 रुपये किलो बिक रही है। अन्य हरी सब्जियों के दाम भी कम हुए हैं।

दस दिन पहले तक सब्जियों के दाम आसमान छू रहे थे। फूलगोभी सौ रुपए से ऊपर बिक रही थी। मेथी का साग भी सौ रुपये किलो बिक रहा था। शिमला मिर्च के मूल्य 50 रुपये से अधिक थे। बंद गोभी भी 40 रुपये किलो के हिसाब से बिक रही थी। महंगी सब्जी होने के कारण लोगों की जेब पर अधिक बोझ पड़ रहा था। टमाटर महंगाई के चलते लाल हो गया था। लोग रेअ पूछ कर ही पीछे हट जाते थे। लेकिन जैसे ही सर्द मौसम की आहट देखने को मिली तो सब्जियों के दामें में भी नरमी आने लगी। सौ रूपए किलो बिकने वाली सब्जियां 30 से 35 रुपये किलो बिक रही हैं।

रविवार को शहर की सब्जी मंडी में फूलगोभी 30 से 35 रुपये किलो बिकी। मेथी का पत्ता 40 रुपये किलो धड़ल्ले से बिका। पत्ता गोभी 20 रुपये किलो से नीचे बिकी। टमाटर भी लुढ़क कर 30 से 35 रुपये किलो तक आ गया।

चंद दिनों में सब्जियों के दामों में आयी नरमी को देखते हुए लोगों ने कुछ राहत की सांस ली है। दुकानदारों का कहना है कि महंगी सब्जी की बिक्री कम होती थी। जो ग्राहक किलो सब्जी खरीदते थे वह महंगाई के चलते आधा किलो खरीदने लगे। सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे थे। इससे दुकानदारी भी कम हो रही थी, लेकिन जब से मौसम ने करवट बदली है, सर्द मौसम शुरू होते ही कई नई सब्जियां बाजार में बड़े पैमाने पर आ गयीं। जिससे सब्जियों के दाम गिर गये। अब फूलगोभी के दाम बहुत कम हो गए हैं।

जिससे ग्राहक भी मनमाफिक खरीदारी कर रहा है। टमाटर के दाम कम होने से लोगों को राहत मिली है। आलू के दाम 15 से 18 रुपये किलो तक ही रहे जिससे लोग आलू की खरीदारी अधिक करते थे, लेकिन अब सभी सब्जियां कम रेट पर बिक रही है जिससे बिक्री भी बढ़ी है।

मंडी समिति में सुबह को जिले भर की सब्जी आती है। दुकानदार वहीं से सब्जियां खरीद कर दुकानों पर दिन भर बेचते हैं। गांव कस्बों के दुकानदार भी मंडी से सब्जी खरीद कर गाड़ियों में भर कर साप्ताहिक बाजारों में बेचते हैं। दुकानदारों का कहना है कि कुछ दिन बाद सब्जियां और सस्ती होंगी। सर्द मौसम में कई तरह की हरी सब्जियां बाजार में आती हैं जिससे सब्जियों के दामों में करीब चार महीने तक नरमी रहती है।

दुकान से सब्जी खरीदते लोग। ● अमृत विचार

- अन्य सब्जियों के भी लुढ़के दाम मंडी में हो रही खरीदारी

फलों के दामों में भी आई कमी

मंडी में अब नया आलू भी आने लगा है जिससे पुराने आलू के दाम कम हुए हैं। इसी तरह फसलों के दामों में भी नरमी देखने को मिल रही है। 100 रुपये किलो बिकने वाला सेब अब पचास रुपए किलो बाजारों में धड़ल्ले से बिक रहा है। केला और पपीता के दामों में भी कमी आई है। सर्द मौसम के फल और हरी सब्जियों के दाम अक्टूबर माह से गिरने लगते हैं। जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलती है।

ऑटो और ई-रिक्शा से लग रहा जाम

दीपावली पर भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस ने लगाई है रोक, चालक कर रहे मनमानी

बाजार में दौड़ रहे ऑटो - ई रिक्शा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बाजारों में ई-रिक्शा लगा रहे जाम दुकानदार व अन्य लोग परेशान

अमृत विचार : दीपावली नजदीक है। बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। पुलिस प्रशासन ने शहर में ऑटो ई रिक्शा के प्रवेश पर रोक लगा दी है। हर चौराहे पर पुलिस तैनात की गई है फिर भी आटो ई रिक्शा शहर में बेरोक टोक घुस रहे हैं जिससे बाजारों में जाम की स्थिति बन रही है। जाम लगने से ग्राहक और दुकानदार भी परेशान हो रहे हैं।

शहर की आबादी करीब दो लाख है। इस छोटे शहर में कई क्षेत्रों में बाजार हैं। बाजारों में लोग दीपावली त्यौहार का सामान खरीदने को पहुंच रहे हैं। बाजारों में आटो ई रिक्शा न घुसें इसलिए पुलिस ने आटो ई रिक्शा के अंदर जाने पर रोक लगा दी है। हर चौराहे पर पुलिस तैनात कर दी गयी है। पिछले चार दिन से बाजारों में भीड़ जुटने लगी है। जैसे जैसे दीपावली का पर्व नजदीक आ रहा है वैसे वैसे भीड़ बढ़ती जा रही है। लेकिन बाजारों में रोक के बाद भी ऑटो और ई रिक्शा धड़ल्ले से घुस रहे हैं। शहर के पुलिस लाइन चौराहे पर ही आटो ई रिक्शा को रोकने के निर्देश हैं। पुलिस सख्ती भी कर रही है। फिर भी ऑटो रिक्शा बीच बाजार में घुस रहे हैं। पुलिस लाइन चौराहा पार करते हुए रोडवेज बस स्टेंड से निकलते हुए नगर पालिका के अंदर से बाजार में पहुंच रहे हैं। नगर पालिका के दोनो गेट खुले रहते हैं। जिससे ऑटो ई रिक्शा सीधे बाजार में घुस रहे हैं। वहां से सवारियां भर कर भी बाहर को ला रहे हैं। बाजार के अंदर कहीं पर भी उन्हें नहीं रोका जा रहा है। रजी चौक और गद्दी चौक से होते हुए ई रिक्शा बाजार में घुस रहे हैं जो जाम लगाते हैं। उधर बरेली रोड से आने वाले ऑटो सीधे टिकट गंज होते हुए बाजार में आ रहे हैं। आंवला और बिसौली रोड से आने वाले ऑटो बाजार में दौड़ लगा रहे हैं। कहीं पर भी पुलिस की सख्ती का असर नही दिख रहा है। ऑटो ई रिक्शा के कारण बाजारों में भी से जाम लगने लगा है।

पुलिस ने बाजारों में ऑटो ई रिक्शा के आने जाने पर रोक लगा दी है। फिर भी ऑटो चालक बाजारों में दौड़ रहे हैं। जिससे दुकानदारों को भी परेशानी हो रही है। सख्ती की जानी चाहिए जिससे लोगों को बाजारों में दिक्कत न हो। - **यशवीर**, दुकानदार

प्रत्येक चौराहे पर पुलिस तैनात की गयी है। फिर भी ऑटो ई रिक्शा अंदर तक आ रहे हैं जिससे जगह जगह जाम लग रहा है। इस समय दुकानदारी का समय है। लेकिन ई रिक्शा चालक परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। - **अनूप**, दुकानदार

दीपावली पर्व पर बाजारों में अधिक भीड़ रहती है लेकिन ई रिक्शा और ऑटो जाम लगाते हैं जिससे लोगों को परेशानी होती है। हर सड़क पर ऑटो ई रिक्शा दौड़ रहे हैं। लेकिन इन्हे पुलिस का भय नहीं होने के कारण बाजारों में दौड़ रहे हैं। - **कुशल**, दुकानदार

हर त्योहार पर बाजारों में ऑटो ई रिक्शा के घुसने पर रोक लगाई जाती है। इस बार भी सख्ती की गयी है फिर भी ऑटो चालक बाजारों में दौड़ लगा रहे हैं जिससे दुकानदारों ग्राहकों व अन्य लोगों को दिक्कत हो रही है। पुलिस को सख्ती करनी चाहिए। - **तनुज**, दुकानदार

महिला को पति ने पीटा, शिकायत की तो पुलिस ने भगाया

दातागंज, अमृत विचार : कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव फिरोजपुर निवासी महिला के साथ उसके पति ने अतिरिक्त दहेज न देने पर मारपीट की। महिला शिकायत करने बराही पुलिस चौकी गई। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई नहीं की और महिला और उसके मायका पक्ष को भगा दिया।

गांव निवासी काजल का आरोप है कि उनका पति राहुल रोज शराब पीकर घर आता है और अतिरिक्त दहेज की मांग करते हुए उनके साथ मारपीट करता है। कई साल से महिला को प्रताड़ित करता आ रहा है। उसने महिला के साथ मारपीट की। महिला ने मायका पक्ष को सूचना दी।

महिला मायका पक्ष के साथ बराही पुलिस चौकी पहुंची। आरोप है कि पुलिस ने महिला की बात नहीं सुनी। जिसके बाद महिला और मायका पक्ष कोतवाली दातागंज पहुंची। पुलिस ने महिला का मेडिकल परीक्षण कराया। जिसके बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मामला दातागंज कोतवाल के संज्ञान में आने के बाद बराही चौकी पुलिस ने महिला के पति का शांतिभंग में चालान किया।

बाईपास परियोजना को तेजी से बढ़ाने का अनुरोध

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट करते पूर्व विधायक कुशाग्र सागर।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किया अनुरोध

अमृत विचार : बिसौली विधानसभा से पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। कहा कि सड़क चौड़ीकरण, जल निकासी सुधार से लोगों को सुगम जीवन मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री से बाईपास परियोजना की गति तेजी से बढ़ाने का अनुरोध किया।

पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री के समक्ष बिसौली बाईपास के कार्य, मुख्य मार्गों के चौड़ीकरण, जल निकासी व्यवस्था में सुधार, ग्रामीण क्षेत्रों विशेषकर ग्राम लालूआ नगला व भूसाया में बिजली घर की स्थापना जैसी विकास संबंधी मांगें रखीं। कहा कि यह सभी कार्य क्षेत्रवासियों के लिए जीवन को अधिक सुगम बनाने और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। मुख्यमंत्री ने सभी सुझावों पर जल्द ही कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। प्रदेश सरकार जनसुविधाओं और क्षेत्रीय विकास के कार्यों को प्राथमिकता देती है। जिसके बाद पूर्व विधायक ने कहा भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता के हितों के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। बाईपास परियोजना, मार्गों का चौड़ीकरण विकास की दिशा तय करेंगे।

हनीट्रैप : दरोगा से महिला ने हड़पे चार लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : फेसबुक के जरिए हुई दोस्ती एक दरोगा के लिए मुसीबत बन गई। मेरठ निवासी महिला पर दरोगा ने हनीट्रैप में फंसा चार लाख रुपये की वसूली और ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। पीड़ित दरोगा ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की पुलिस लाइन में तैनात दरोगा अर्जुन सिंह ने बताया कि 2022 में वह चौकी प्रभारी बुध बाजार थाना कोतवाली में तैनात थे। उसी दौरान उनके मोबाइल पर फेसबुक से निशा सैनी नाम की फ्रेंड रिक्वेस्ट आई। पहले नजरअंदाज कर दिया, बार-बार रिक्वेस्ट आने पर स्वीकार कर ली। बातचीत के दौरान बताया कि वह मेरठ की है और किसी रेलकर्मी से नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का शिकार हुई है। उसने पीड़ित से पैसे वापस दिलाने में मदद मांगी। पीड़ित के मदद करने पर रेलकर्मी संपर्क में नहीं आया, जिसके बाद उन्होंने फेसबुक आईडी बंद कर दी। 2023 में उनका स्थानांतरण थाना छजलैट हो गया। उसी दौरान महिला ने नए नंबर से फोन कर पारिवारिक विवाद में मदद मांगनी शुरू कर दी। मेरठ में प्लॉट खरीदने के सिलसिले में वह मित्र के साथ गए तो महिला ने उन्हें प्लॉट दिखाने और खरीद में मदद की बात कही। मुलाकातों के दौरान महिला ने बताया कि परिवार साथ नहीं देता और आर्थिक स्थिति कमजोर है। कुछ समय बाद उसने पैसे की मांग शुरू कर दी। पीड़ित दरोगा का कहना है कि जब उन्होंने पैसे देने से इंकार किया तो उसने धमकी दी कि अगर रकम नहीं दी तो वह झूठे आरोप लगाकर नौकरी खत्म करवा देगी। डर के चलते उन्होंने 15 अप्रैल 2024 को 10 हजार व 23 मई 2024 को 15 हजार गूगल पे से महिला के नंबर पर भेजे। इसके बाद उसने अलग-अलग नंबरों से कॉल कर रुपये मांगने शुरू कर दिए। ब्लैकमेलिंग कर आरोपी अब तक चार लाख रुपये वसूल चुकी है। उन्होंने जांच के दौरान पता लगाया कि आरोपी निशा पहले भी कई पुलिसकर्मियों व दरोगाओं को जाल में फंसा चुकी है। उसके खिलाफ दिल्ली और मेरठ के विभिन्न थानों में दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और आईटी एक्ट के तहत कई मुकदमे दर्ज हैं।

30 हजार स्मार्ट मीटर लगे, हर यूनिट का देगा हिसाब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचार : जिले में अब तक करीब 30 हजार से अधिक उपभोक्ताओं के घरों व प्रतिष्ठानों में स्मार्ट मीटर लग चुकें हैं। पॉवर कारपोरेशन का साल 2027 तक सभी उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है।

जिसके चलते इंटेली स्मार्ट संस्था द्वारा जिले भर में मुफ्त में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहें हैं। स्मार्ट मीटर प्रति यूनिट बिजली का हिसाब देगा। बैलेंस समाप्त होने पर उपभोक्ता को रिचार्ज करने के लिए तीन दिन का ग्रेस पीरियड दिया जाएगा।

प्रभारी अधीक्षण अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में कुछ भ्रम है। जबकि स्मार्ट मीटर बिल्कुल ठीक है। स्मार्ट मीटर हर यूनिट बिजली का हिसाब रख सकता है। 24 घंटे में किस समय बिजली की ज्यादा खपत हुई। लोड डिमांड किस समय ज्यादा हुआ। बैलेंस कितना है। यह सब यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करके उपभोक्ता जान सकते हैं। कहा कि स्मार्ट प्रीपेड उपभोक्ता का बिल अगर बकाया भी है तो बिजली शाम छह बजे से सुबह आठ बजे तक बिजली नहीं कटेगी।

अगर बैलेंस नहीं है और दूसरे दिन सार्वजनिक अवकाश है तो भी बिजली सप्लाई नहीं काटी जाएगी। उपभोक्ता के स्मार्ट प्रीपेड मीटर में बैलेंस कम है तो मैसेज आना शुरू हो जाएंगे। जब कुल राशि का 30 प्रतिशत बचेगा तो पहला मैसेज आएगा फिर 20 प्रतिशत दूसरा मैसेज आएगा। 10 प्रतिशत धनराशि बचने पर तीसरा और बैलेंस शून्य होने पर अंतिम मैसेज आएगा। अचानक कनेक्शन नहीं काटा जाता है।

प्रतिष्ठान पर स्मार्ट मीटर लगाती टीम।

- पंजीकृत मोबाइल पर आएगा बैलेंस का मैसेज, सूचना मिलने पर करें रिचार्ज
- यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करके प्राप्त कर सकते हैं स्मार्ट मीटर की हर जानकारी

स्मार्ट प्रीपेड मीटर के उपभोक्ता ऐसे देखें बिल

प्ले स्टोर पर जाकर यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करना होगा। फिर लॉगिन/रजिस्ट्रेशन करके साइन अप करना होगा। इसके बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर डालना होगा। जिस पर ओटीपी आएगा। उपभोक्ता को पासवर्ड जनरेट करना होगा। इस प्रक्रिया के बाद उपभोक्ता अपनी शेष धनराशि, बिजली की खपत, 12 ट्रांजेक्शन सहित कई जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं।

15 प्वाइंट से हराकर वैन टीम विजेता

प्रतियोगिता का फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व प्रधान सर्वेश यादव। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

- गांव वैन में आयोजित हुई एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता

अमृत विचार : तहसील बिल्सी क्षेत्र के गांव वैन में रविवार को युवाओं की एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चार टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में वैन की टीम को बिल्सी को 15 प्वाइंट से हराकर विजेता चुना गया। दोनों टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम को नगद पुरस्कार दिया।

इससे पहले कबड्डी प्रतियोगिता का पूर्व प्रधान सर्वेश यादव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। कहा कि युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। खेलकूद से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही उनके अंदर छिपी प्रतिभा में निखार आता है। प्रतियोगिता में वरुण कुमार सिंह और विपिन यादव ने रैफरी की भूमिका निभाई। इस मौके पर डॉ. वीरेश कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा, रविंद्र कुमार यादव, धीरपाल सिंह, सुनील शाक्य, अभय यादव, आदित्य यादव, अवनीश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

7 दिवसीय निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर

आयुर्वेदीय मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों के द्वारा

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर

दिनांक 10 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक

वयस्कों, बच्चों , किशोरावस्था (Teenagers) के लिये

"सुदृढ़ मन, सशक्त बालक"

क्या आपका बच्चा पढ़ाई में पीछे रह रहा है? क्या उसे ध्यान लगाने में कठिनाई होती है, बार-बार गलती करता है, बहुत चंचल रहता है या उसमें चिड़चिड़ापन, गुस्सा और क्रोध के दौरे बढ़ गए हैं?

ये सीखने की अक्षमता (Learning Disability), अतिसक्रियता विकार (ADHD) या शैक्षणिक पिछड़ापन (Scholastic Backwardness) के संकेत हो सकते हैं।

शिविर की विशेषताएं

- बच्चों की मानसिक एवं व्यवहारिक जाँच।
- ध्यान की कमी, सीखने की कठिनाइयों और ADHD की पहचान।
- चिड़चिड़ापन, गुस्सा और व्यवहार संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु परामर्श।
- अभिभावकों के लिए मार्गदर्शन एवं मनोवैज्ञानिक सहायता।
- एकाग्रता और आत्मविश्वास बढ़ाने के आयुर्वेदिक उपाय

क्या आप भी इन समस्याओं से जूझ रहे हैं?

- अत्यधिक तनाव (Stress) या चिंता (Anxiety)
- अवसाद (Depression)
- नींद न आना (Insomnia) या अत्यधिक नींद आना।
- चिड़चिड़ापन, गुस्सा या भावनात्मक असंतुलन।
- भय (Fear), अकेलापन, आत्मविश्वास की कमी।
- काम में रुचि न होना, थकान, मनोदैहिक (Psychosomatic) लक्षण।

पंजीकरण एवं जानकारी हेतु संपर्क करें -
9520876144, 8077808309

स्थान : रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हास्पिटल, डोहरा रोड, बरेली

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना

मेरा पुत्र वैभव सिंह कक्षा 11-ब का छात्र है। मेरे पुत्र की सेकेंडरी परीक्षा (कक्षा-10) वर्ष 2025 के अंक प्रमाण पत्र में मेरा नाम ब्रजेन्द्र कुमार सिंह तथा माता का नाम सरिता सिंह दर्ज है। जो कि गलत दर्ज है। जबकि मेरा सही नाम ब्रजेन्द्र कुमार तथा माता का नाम सरिता है। उक्त सही नाम मेरे पुत्र के शैक्षिक रिकॉर्ड में दर्ज किया जाये। **ब्रजेन्द्र कुमार पुत्र श्री हरीशचन्द्र निवासी ग्राम अताईपुर कोहना, तह. कायमगंज, जिला फर्रूखाबाद हाल निवासी:- साउथ सिटी, शाहजहांपुर**

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार

बरेली, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

न्यूज ब्रीफ

केशव मौर्य ने रूस में देखा बुद्ध मठ

बुद्ध मठ के अध्यक्ष से मिलते केशव मौर्य।

अमृत विचार, लखनऊ : इन दिनों रूस दौर पर गए उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वहां काल्मिकिया गणराज्य के एलिस्ता शहर में निर्माणाधीन बुद्ध मठ में माता ग्रीन तारा देवी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। साथ ही, मंदिर एवं पार्क निर्माण की प्रगति और उससे जुड़े विषयों की जानकारी प्राप्त की। केशव मौर्य प्रतिनिधिमंडल के साथ बुद्ध के अवशेषों को लेकर शनिवार को रूस पहुंचे थे। इस दौरान रविवार को अपने संबोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी से भारत और रूस के सांस्कृतिक व राजनैतिक रिश्तों में और गहराई आएगी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग लेगा फीडबैक

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल 14 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश का दौरा कर राज्य एवं केंद्र की सांख्यिकीय व्यवस्थाओं के बीच समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर मंथन करेगा। आयोग इस बैठक में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ भी संवाद स्थापित करेगा। इस उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष, प्रो. राजीव लक्ष्मण करिदकर करेंगे। वहीं, नीति आयोग से अन्ना रॉय (प्रमुख आर्थिक सलाहकार) और भारतीय रिजर्व बैंक से डीएआर जोशी (अधिशासी निदेशक) एवं सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय से अन्य वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 19 सदस्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल इस बैठक में शामिल रहेगा।

निजीकरण मामले में अब योगी से गुहार

अमृत विचार, लखनऊ : निजीकरण प्रकरण को लेकर अब विद्युत इंजीनियर्स मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शरण में जाएंगे। इस क्रम में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन (एआईपीईएफ) मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह करेगा। खास उद्देश्य बिजली (संशोधन) विधेयक 2025 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की दो वितरण कंपनियों के निजीकरण के फैसले को रद्द करवाने का है। एआईपीईएफ ने मांग की है कि योगी आदित्यनाथ इस मसौदा विधेयक के प्रावधानों के मद्देनजर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के प्रस्ताव को रद्द करने का निर्देश दें। यह जानकारी एआईपीईएफ के अध्यक्ष शैलेन्द्र दुबे ने दी है।

दानिश आजाद ने की मुंबई मैराथन की शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र. सरकार के राज्यमंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज दानिश आजाद अंसारी ने रविवार सुबह मुंबई में आयोजित सरदार पटेल रन फॉर यूनिटी मैराथन की शुरुआत की। 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की इस मैराथन में मुंबई के हजारों युवाओं ने भाग लिया। मैराथन में आए हुए युवाओं को संबोधित करते हुए मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि आज मुंबई की सड़कों से पूरे देश में एकता और भाईचारे का एक संदेश गया है, हजारों की यह भीड़ बताने के लिए काफी है कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का जो संकल्प है, उस संकल्प पर पूरा भारत एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है।

नए सिरे से संस्थाओं को दिए जाएंगे वृद्धाश्रम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कई साल बाद समाज कल्याण विभाग टेंडर से करेगा चयन

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की तरफ से प्रदेश में संचालित वृद्धाश्रम स्वैच्छिक संस्थाओं को नये सिरे से दिए जाएंगे। संस्थाओं का चयन टेंडर के माध्यम से होगा। नई संस्थाओं के आने से व्यवस्थाओं में बदलाव आएगा।

सभी जिलों में समाज कल्याण विभाग की तरफ से एक-एक वृद्धाश्रम संचालित हैं। वृद्धाश्रम की क्षमता 150 वृद्ध संवासी है। विभाग द्वारा प्रति वृद्ध संवासी 114 रुपये प्रति भोजन का दिया जाता है। इसके अलावा वर्ष में दो बार कपड़े, मनोरंजन, चिकित्सा आदि सुविधाएं वृद्धों को उपलब्ध कराई जाती हैं। वृद्धाश्रम का संचालन स्वैच्छिक संस्थाएं पीपीपी मोड पर नवीनीकरण कराकर करती आ रही हैं। लेकिन, कई साल से टेंडर नहीं हुए हैं। इससे अन्य संस्थाओं को मौका नहीं मिल सका। ऐसे में विभाग द्वारा वृद्धाश्रम संचालन के लिए टेंडर डाले जाएंगे। टेंडर के माध्यम से संस्थाओं का चयन होगा। निदेशालय समाज कल्याण उपनिदेशक आरपी सिंह ने बताया कि टेंडर की प्रक्रिया चल रही है।

देश में यूपी बना वित्तीय अनुशासन का मॉडल राज्य

सीएजी रिपोर्ट में खुलासा, पूंजीगत व्यय और निवेश में शीर्ष पर यूपी, राजस्व नियंत्रण पर रखा नियंत्रण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश वित्तीय अनुशासन और निवेश के मामले में देश के सभी 28 राज्यों में अव्वल आया है। प्रदेश ने न केवल राजस्व व्यय पर नियंत्रण रखा, बल्कि निवेश और पूंजीगत खर्च में नया इतिहास रचा है। वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और विकास उन्मुख व्यय ने यूपी को देश का फाइनेंशियल रोल मॉडल स्टेट बना दिया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 1,03,237 करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय किया जो देश में सबसे अधिक है। यह राशि राज्य की शुद्ध लोक ऋण प्राप्तियों का 210.68% है, जो यह दर्शाता है कि सरकार ने लिया गया ऋण केवल विकास और पूंजी निर्माण के कार्यों पर खर्च किया है। यह एक आदर्श वित्तीय स्थिति मानी जाती है।

सीएजी रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश की राजस्व प्राप्तियां उसके राजस्व व्यय से अधिक रही हैं, यानी राज्य राजस्व बचत की स्थिति में है। राज्य का स्वयं का राजस्व (कर एवं करेतर) राजस्व प्राप्तियों का 45% रहा, जबकि हरियाणा, तेलंगाना, महाराष्ट्र और गुजरात जैसे औद्योगिक राज्यों में यह 70-80% के बीच रहा। प्रदेश ने कुल व्यय का 9.39% निवेश पर खर्च किया, जो महाराष्ट्र (3.81%), गुजरात (3.64%) और बिहार (1.65%) से कहीं अधिक है। इसके साथ ही, 2013-14 से 2022-23 में केंद्रीय करों में सर्वाधिक राशि उत्तर प्रदेश को ही प्राप्त हुई है।

वेतन-पेंशन-ब्याज में कम व्यय

उप्र. ने प्रतिबद्ध व्यय (वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान) पर कुल राजस्व व्यय का 42.57% खर्च किया, जो हरियाणा (55.27%) और तमिलनाडु (50.97%) से कम है। प्रदेश ने अपने कुल व्यय का 12.43% वेतन पर खर्च किया, जबकि 16 राज्यों ने 20% से अधिक खर्च किया। वहीं, पेंशन पर व्यय कुल व्यय का 12.15% रहा, जो कई राज्यों (जैसे हिमाचल प्रदेश 15%) से कम है। इसी तरह, ब्याज भुगतान कुल व्यय का 8.90% रहा, जबकि 10 राज्यों ने इस मद में 10% से अधिक खर्च किया। सब्सिडी पर व्यय मात्र 4.40% रहा, जबकि पंजाब ने अपने व्यय का 17% सब्सिडी पर व्यय किया।

सहायता अनुदान में संतुलित व्यय

राज्य ने वृहद निर्माण कार्यों पर कुल व्यय का 11.89% खर्च किया, जो इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सहायता अनुदान (सामान्य एवं वेतन) पर 22.85% व्यय किया, जो अन्य बड़े राज्यों जैसे महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से कम है। इसी तरह, सहायता अनुदान (पूंजी सृजन) पर 2.27% व्यय किया, जबकि असम, झारखंड और त्रिपुरा में यह 5% से अधिक रहा।

मानक के साथ न्यूनतम देयता वाला राज्य

वित्तीय वर्ष 2022-23 में उप्र. ने एफआरबीएम एक्ट के सभी मानकों का पालन किया। राज्य की कुल देयता जीएसडीपी का 29.32% रही, जबकि कुल प्रत्याभूतियां मात्र 7.56% रहीं। यह सरकार के वित्तीय अनुशासन और स्थिरता का प्रमाण है।

गोमती नदी में नहीं गिरेगा एक भी सीवर, बनेगी कार्ययोजना

गोमती पुनर्जीवन मिशन की घोषणा, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नदी किनारे बसी अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई करने के निर्देश

अपने लखनऊ स्थित आवास पर गोमती की सफाई के संबंध में टेरीटोरियल आर्मी के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी।

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वच्छ, अविरल और निर्मल गोमती का संकल्प दोहराते हुए रविवार को 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' की घोषणा की। शीर्ष अफसरों को निर्देश दिए कि गोमती में एक भी बूंद सीवरेज न गिरे, इसके लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीति तैयार करें। हिदायत दी कि नदी किनारे बसे अवैध बस्तियों में घुसपैठियों की पहचान कर कार्रवाई की जाए, ताकि गोमती के तटों पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकें।

मुख्यमंत्री आवास पर रविवार सुबह टेरिटोरियल आर्मी की पहल पर आयोजित बैठक में योगी ने कहा कि पीलीभीत से गाजीपुर तक प्रवाहित गोमती का पुनर्जीवन केवल जल शुद्धिकरण का नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पर्यावरण के पुनर्संवर्धन का व्यापक अभियान है। 'गोमती नदी पुनर्जीवन मिशन' पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और भावी पीढ़ियों के प्रति साझा प्रतिज्ञा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग की सहभागिता से चलने वाली एक जन-आंदोलनात्मक पहल होगी।

योगी ने कहा कि यह मिशन केवल प्रदूषण नियंत्रण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि नदी के जैविक, सांस्कृतिक और सौंदर्यात्मक पुनर्जीवन का माध्यम बनेगा। कार्ययोजना के अंतर्गत लखनऊ में इकाना वेटलैंड और साजन झील जैसे नए वेटलैंड विकसित किए जाएंगे। नदी किनारे के अवैध अतिक्रमणों को हटाने, घाटों के सौंदर्यीकरण और तटीय हरियाली बढ़ाने के लिए विशेष अभियान चलाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लागू किया जाएगा, क्योंकि सीवर सिस्टम को चोक करने और प्रदूषण बढ़ाने में इसकी बड़ी भूमिका है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि टास्क फोर्स की मासिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों, त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजी जाए और हर स्तर पर पारदर्शिता व जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए।

बैठक में मेजर जनरल सलिल सेठ, ब्रिगेडियर नवतेज सिंह सोहल, ब्रिगेडियर सी. माधवाल, कर्नल अरविन्द एस. प्रसाद, ले. कर्नल सचिन राणा, ले.कर्नल सौरभ मेहरोत्रा, मेजर केएस नेगी, प्रो. डॉ. वेंकटेश दत्ता, ले. कर्नल हेम लोहुमी, एसएम (सेवानिवृत्त) के साथ-साथ शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

39 प्रमुख नालों में से 13 अभी तक ट्रैप नहीं

मुख्यमंत्री की बैठक में जानकारी दी गई कि गोमती में गिरने वाले 39 प्रमुख नालों में से 13 अब भी बिना उपचारित हैं। वर्तमान में छह एसटीपी 605 एमएलडी की क्षमता से चल रहे हैं। इन्हें पूर्ण रूप से प्रभावी बनाने के लिए नालों को एसटीपी तक मोड़ने, नए संयंत्र स्थापित करने और पुराने संयंत्रों के उन्नयन की आवश्यकता है।

लखनऊ में मंडलायुक्त को समन्वय की जिम्मेदारी

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के अंतर्गत इसी वर्ष जनवरी में गठित गोमती टास्क फोर्स में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, सिंचाई विभाग, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जल निगम, लखनऊ नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों व विशेषज्ञों के साथ समन्वय की जिम्मेदारी लखनऊ में मंडलायुक्त को सौंपी गई।

हर घर नल योजना में समयसीमा और गुणवत्ता से समझौता नहीं : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी का सख्त निर्देश, 15 दिसंबर तक विंध्य-बुंदेलखंड के हर घर में पहुंचे नल से जल

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को 'जल जीवन मिशन हर घर नल योजना' की समीक्षा बैठक में अधिकारियों और कार्यदायी एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए कि विंध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र में 15 दिसंबर 2025 तक हर घर में नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाए। उन्होंने योजना को राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकता बताते हुए फेजवार डेडलाइन तय की। कहा कि थर्ड पार्टी ऑडिट अनिवार्य है। समयसीमा व गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जहां भी देरी या लापरवाही मिलेगी, वहां जिम्मेदारी तय होगी। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों और प्रमुख अभियंताओं को आदेश दिया कि हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट अपडेट करें, स्थलीय सत्यापन और फोटोग्राफिक सबूत अनिवार्य हों, ताकि हर स्तर पर पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने चेताया कि कागजी प्रगति नहीं चलेगी, फील्ड में नल से जल आना चाहिए। मुख्यमंत्री को बताया गया कि केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने और परियोजना लागत में वृद्धि करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

एजेंसियों से पूछे सवाल

मुख्यमंत्री ने एनसीसी लिमिटेड, लार्सन एंड टुब्रो, मेघा इंजीनियरिंग, पीएनसी इन्फ्राटेक, पॉवर मैक, कल्पतरु प्रोजेक्ट्स, आईसी इंफ्रा सहित प्रमुख एजेंसियों के प्रतिनिधियों से सीधे सवाल किए। उन्होंने कार्य प्रगति, गुणवत्ता, भुगतान, ठेकेदारों की उपलब्धता, श्रमिकों की संख्या, पाइपलाइन बिछाने की गति, और परीक्षण प्रणाली की स्थिति की जानकारी ली।

50 हजार का इनामी लखनऊ से गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गोंडा के करनैलगंज में अपहरण, पॉक्सो एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं का आरोपी लखनऊ के इंदिरानगर के सिद्धि इंटरप्राइजेज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को एसटीएफ की टीम ने रविवार सुबह दबोचा। उसे कोर्ट में पेश किया गया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार दीक्षित के मुताबिक, पकड़ा गया आरोपी सूरज सीतापुर के तंबौर स्थित छतॉगुर गांव का रहने वाला है। आरोपी आरोपी गोंडा के करनैलगंज स्थित गद्दोपुर गांव से किशोरी को भगा ले गया था।

बाल वैज्ञानिकों के मॉडल्स का किया जाएगा प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ पब्लिक कॉलिजिएट, रुचिखण्ड-1, शारदा नगर, बंगला बाजार रोड, लखनऊ में आज से शुरू हो रही दो दिवसीय इंस्पायर मॉनक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी 2023-24 एवं 2024-25 में लखनऊ मंडल के 59 बाल वैज्ञानिक अपने नवाचारी मॉडल्स का प्रदर्शन करेंगे। नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार की इस योजना में लखनऊ मंडल ने एक बार फिर अग्रणी स्थान प्राप्त किया है।

दो वर्षों की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में मंडल के छह जनपद- लखनऊ, हरदोई, उन्नाव, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और रायबरेली- से चयनित छात्र-छात्राएं अपने प्रोटोटाइप और मॉडल्स प्रस्तुत करेंगे। इनमें सर्वाधिक 27 मॉडल्स अकेले लखनऊ जनपद के हैं, जो मंडल में विज्ञान शिक्षा के प्रति बढ़ते रुझान का प्रमाण हैं। लखनऊ मंडल से वर्ष 2023-24 के लिए 19 और 2024-25 के लिए 40 मॉडल्स का चयन हुआ है। यह जानकारी संयुक्त शिक्षा निदेशक, लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने दी है।

आत्मनिर्भरता की मिसाल बनी मोरिंगा आर्मी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रधानमंत्री मोदी ने लखनऊ की डॉ. कामिनी से की मुलाकात

डॉ. कामिनी

अमृत विचार : लखनऊ की डॉ. कामिनी सिंह ने महिला किसानों को संगठित कर 'मोरिंगा आर्मी' तैयार की, जिसने आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख दी है। सूचना विभाग के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डॉ. कामिनी सिंह की पहल से प्रभावित होकर उन्हें दिल्ली बुलाया और मोरिंगा खेती की बारीकियों को समझा।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देशों पर चल रहे इस अभियान ने ग्रामीण बेटियों के जीवन में आत्मविश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण की नई रोशनी फैलाई है। लखनऊ की डॉ. कामिनी सिंह ने एफपीओ के माध्यम से एक हजार से अधिक महिलाओं को जोड़कर सहजन (मोरिंगा) की खेती शुरू कराई। आज ये महिलाएं खेती के साथ वैल्यू एडिशन कर 18 से अधिक उत्पाद तैयार कर रही हैं। इनमें मोरिंगा पाउडर, चाय, टैबलेट, हैंडमेड साबुन, सीड ऑयल, बिस्कुट और मोरिंगा लड्डू जैसे उत्पाद शामिल हैं।

सीएम डैशबोर्ड में हमीरपुर अव्वल

अमृत विचार, लखनऊ : सितंबर माह की सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में हमीरपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पहला स्थान हासिल किया है, जबकि औरैया दूसरे और श्रावस्ती तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त नेतृत्व में उत्तर प्रदेश समग्र विकास की दिशा में लगातार प्रगति कर रहा है। जनसुनवाई, कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की निरंतर निगरानी से प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों बढ़ी हैं। डैशबोर्ड के तहत हर माह 49 विभागों के 110 कार्यक्रमों की समीक्षा होती है। सितंबर की रैंकिंग में मैनपुरी चौथे, हरदोई पांचवें और अंबेडकरनगर, कुशीनगर, महराजगंज, कन्नौज व शाहजहांपुर शीर्ष दस में शामिल रहे।

लखनऊ स्थित लोहिया पार्क में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

समाजवादी पार्टी ने पुण्यतिथि पर डॉ. लोहिया को किया याद

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी चिंतक डॉ.राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि रविवार को राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिलों में मनाई गयी। समाजवादी पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डॉ. लोहिया के याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्य कार्यक्रम राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित डॉ. लोहिया पार्क में हुआ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गोमतीनगर लखनऊ स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी समेत अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

महिला अपराधों को लेकर अखिलेश ने भाजपा को घेरा

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने महिला अपराधों को लेकर भाजपा को फिर घेरा है। सपा प्रमुख ने महिलाओं की सुरक्षा में कथित विफलता के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के आधार पर ने सत्तासीन दल पर सवाल भी दागे। लखनऊ में सपा प्रमुख ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि बड़े पैमाने पर महिलाएं असुरक्षित हैं। भाजपा अपनी विफलता छिपाना चाहती है। प्रदेश में लगातार सबसे अधिक उत्पीड़न और अन्याय लगातार हो रहा है।

कार्रवाई

एफएसडीए की टीमों ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापे मारे, कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज किए तलब

गुजरात की फर्म से प्रदेश में हो रही कोडिन कफ सिरप की सप्लाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ताबतोड़ छापेमारी में लगाए गए 13 जिलों के औषधि निरीक्षक

छापेमारी के दौरान जांच करते एफएसडीए के अफसर।

अमृत विचार : प्रदेश में कोडिन कफ सिरप की सप्लाई गुजरात की फर्म के जरिए हो रही है। सूत्रों से जानकारी मिलने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने 13 जिलों के औषधि निरीक्षकों की टीम बनाकर ताबतोड़ छापेमारी शुरू की है। शनिवार शाम से शुरू हुई कार्रवाई रविवार तक भी चलती रही। टीम ने लखनऊ, रायबरेली व सीतापुर में दस जगह पर छापा मारा। इस दौरान कई फर्म संचालक शटर बंद करके भाग गए। टीम ने फर्म संचालकों को फोन करके कफ सिरप खरीद से जुड़े दस्तावेज तलब किए हैं। जांच दौरान गड़बड़ी मिलने पर दो मेडिकल स्टोर सील किए गए।

अफसरों का कहना है गुजरात की फर्म के जरिये नॉरकोटिक्स की दवाएं व कफ सिरप कई जिलों में आपूर्ति की गई थी। मालूम हो कि इसके पहले टीम ने शनिवार को आलमबाग स्थित स्नेहनगर शिव शांति आश्रम के निकट दीपक मनवानी के घर से करीब तीन लाख रुपये कीमत की कफ सिरप बरामद की थी। आरोपी के विरुद्ध कृष्णानगर थाने में एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

एफएसडीए के सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश यादव ने बताया कि कोडिन कफ सिरप के अवैध काम में लिप्त फर्मों पर नकेल कसने के लिए 13 जिलों के ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम को बुलाया गया। टीम ने लखनऊ में नौ फर्म व सीतापुर में एक फर्म पर छापा पड़ा। सहायक मंडल आयुक्त के मुताबिक, ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज व अर्पिक फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड के तीन स्थानों पर छापा मारा। छापे की कार्यवाही के दौरान फर्म के अंदर गड़बड़ी मिली। फर्म जरिये भारी मात्रा में कोडिन कफ सिरप को एक ही फर्म को प्रदेश के अन्य जनपदों में विक्रय किया जाना पाया गया। टीम ने फर्म से जुड़े दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। सहायक मंडल आयुक्त ब्रजेश ने बताया, इधिका व अर्पिक फर्म के मालिक मनोहर जैसवाल हैं। जो गुजरात में रहते हैं। लखनऊ में इनका डिपो चलता है। गुजरात की फर्म के जरिये बड़ी तादाद में कोडिन युक्त सिरप तैयार करके राज्य के अन्य जिलों मे भेजा जा रहा था।

लखनऊ-सीतापुर में सील किए मेडिकल स्टोर

अमीनाबाद ओल्ड मेडिसिन मार्केट स्थित श्री श्याम फार्मा जांच के दौरान मेडिकल स्टोर बंद मिला। टीम ने स्टोर को सील कर दिया है। टीम का दावा है कि मेडिकल स्टोर के जरिये बड़ी तादाद में कफ सिरफ व नॉरकोटिक्स दवाओं की खरीद ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म से की गई है। वहीं सीतापुर के नैमिष धाम मेडिकल स्टोर संचालक ने 2600 बॉटल कोडिन कफ सिरप ट्रांसपोर्ट नगर स्थित इधिका लाइफ सांइसेज फर्म से क्रय किया था। जांच दौरान मेडिकल स्टोर संचालक ने महज एक हजार बोतल का विक्रय प्रस्तुत किया। टीम ने फर्म को सील करते हुए संबंधित थाने को सूचना भेज दिया है।

आईटी में 5584 करोड़ का निवेश 53 हजार को मिलेगा रोजगार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : योगी सरकार की आईटी नीति 2017-2022 के चलते डिजिटल क्षेत्र में यूपी ने ऐतिहासिक छलांग लगाई है। कुछ साल पहले तक जहां प्रदेश की पहचान कृषि व पारंपरिक उद्योगों से थी, वहीं आज लखनऊ, नोएडा, कानपुर और वाराणसी भारत के नए आईटी हब के रूप में चमक रहे हैं। अब तक 5,584 करोड़ रुपये का निवेश और 53 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं।

प्रदेश का आईटी निर्यात 15,000 करोड़ से बढ़कर 75,000 करोड़ तक पहुंच चुका है। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया, पेटीएम, टीसीएस और मैक इंडिया जैसी दिग्गज कंपनियों ने यूपी में निवेश कर भरोसे का नया अध्याय लिखा है। योगी सरकार ने आईटी और आईटीईएस क्षेत्र को उद्योग का दर्जा देकर निवेश का नया माहौल बनाया है। नोएडा, लखनऊ, कानपुर, मेरठ और प्रयागराज के एसटीपीआई केंद्र अब वाराणसी, बरेली और गोरखपुर तक विस्तार पा रहे हैं। इससे युवाओं को अपने ही शहरों में वैश्विक कंपनियों के साथ काम करने के अवसर मिल रहे हैं। सरकार ने डिजिटल पोर्टल के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन बना दिया है।

कार्यालय–क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बदायूँ।

संख्याः–833 दिनांकः–04.10.25

विज्ञप्ति

विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश, शासन, के पत्र संख्या–आ0मि0–110/96–आयुष–2–2020/127/2016 आयुष अनुभाग–2, लखनऊ दिनांक 19 अक्टूबर 2020 के अनुपालन में जनपद बदायूँ में संचालित योग वेलनेस सेन्टर में योग प्रशिक्षक के पद पर आबद्धीकरण हेतु तथा शासनादेश संख्या–डब्ल्यू–81/96–आयुष–2–2020–127/2016 दिनांक 04 दिसम्बर 2020 के अनुपालन में जनपद बदायूँ में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ वेलनेस सेन्टर) हेतु अंशकालिक योग प्रशिक्षक (पुरूष) एवं योग प्रशिक्षक (महिला) को नीचे अंकित तालिका के कालम 04 में अंकित स्थानों पर हेल्थ वेलनेस सेन्टरों एवं योग वेलनेस सेन्टर पर प्रतिमाह देय नियत मानदेय/पारिश्रमिक कालम संख्या–06 के अनुसार जो अभ्यर्थी कालम संख्या–05 में अंकित अर्हता रखते हों से नियुक्ति/आबद्धीकरण के लिये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं आवेदन पत्र केवल पंजीकृत डाक अथवा सीलबन्द लिफाफा स्वयं के माध्यम से दिनांक 16–10–2025 से दिनाँक 28–10–2025 को सायं 05:00 बजे तक क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में स्वीकार किये जायेंगे। योग प्रशिक्षक योग वेलनेस सेन्टर में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत चिकित्साधिकारी के निर्देशानुसार योग कार्य करेंगे तथा अंशकालिक योग प्रशिक्षक को प्रतिमाह आयुष आरोग्य मन्दिर (हेल्थ वेलनेस सेन्टर),स्कूलों व सामुदायिक स्थलों पर न्यूनतम प्रति सत्र योग प्रशिक्षक पुरूष 01 घण्टे प्रतिदिन (कुल 32 सत्र प्रतिमाह) तथा योग प्रशिक्षक महिला को प्रति सत्र न्यूनतम 01 घण्टे प्रतिदिन (कुल 20 घण्टे प्रतिमाह) योग कक्षायें आयोजित करनी होंगी।

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	आयुष स्वास्थ्य केन्द्र का नाम	अर्हता	मानदेय
1	2	3	4	5	6
1	योग प्रशिक्षक (पुरूष)	01	रा0आयु0चिकि0 दातागंज बदायूँ	1–मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स, बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी। अथवा 2–कः–बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/ बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/ एम0एस0सी0 (योग) खः–अनुभव 01 वर्ष अथवा 3–कः–पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठयक्रम) डिप्लोमा धारक ख–अनुभव 02 वर्ष नोटः–फर्म का अनुभव प्रमाण पत्र निर्धारित डिग्री/ पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा।	1–योग प्रशिक्षक पुरूष रू0–8000–00 प्रतिमाह। 2–योग प्रशिक्षक महिला रू0–5000–00 प्रति माह।
2	योग प्रशिक्षक (महिला)	01			
3	योग प्रशिक्षक (पुरूष)	01	रा0आयु0चिकि0 कुवँरगाँव बदायूँ		
4	योग प्रशिक्षक (पुरूष)	01	रा0आयु0चिकि0 खेडा जलालपुर बदायूँ		
5	योग प्रशिक्षक (महिला)	01	रा0आयु0चिकि0 बोन्दरी बदायूँ		
6	योग प्रशिक्षक (महिला)	01	रा0आयु0चिकि0 नगर बदायूँ		
7	योग प्रशिक्षक (महिला)	01	रा0यू0चिकि0 हजरतपुर बदायूँ		
8	योग प्रशिक्षक (महिला)	01	रा0होम्योपैथिक चिकित्सालय नगर बदायूँ		
1	योग प्रशिक्षक	01	योग वेलनेस सेन्टर, कुवँरगाँव बदायूँ।	(1) योग प्रशिक्षक :– (ए) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों/ संस्थानों से साढे पांच वर्षीय कोर्स, बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एण्ड यौगिक साइंस (बी0एन0वाई0एस0) डिग्री धारक को वरीयता दी जायेगी। अथवा बी):1 बी0ए0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/ बी0एस0सी0 (योग) तीन वर्षीय डिग्री धारक/एम0एस0सी0 (योग)/एम0ए0 (योग) डिग्री धारक। 2. अनुभव– एक वर्ष अथवा (सी)1.:–पी0जी0 डिप्लोमा (न्यूनतम एक वर्षीय पाठयक्रम) डिप्लोमा धारक। 2. अनुभव– दो वर्ष। नोट :– कार्य का अनुभव प्रमाण पत्त्र निर्धारित डिग्री/ पी0जी0 डिप्लोमा के उत्तीर्ण करने के उपरान्त का ही मान्य होगा।	मासिक पारिश्रमिक रू0–27000.00 प्रतिमाह

नोटः–आवेदन पत्र प्रारूप जनपद बदायूँ की NIC की वेबसाइट www.budaun.nic.in के पास पर उपलब्ध रहेगा से डाउनलोड किया जा सकेगा तथा अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से भी प्राप्त किया जा सकता है। डाक भेजने का पता–कार्यालय– जिला कार्यक्रम प्रबन्धक/क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, जिला पुरूष अस्पताल बदायूँ 243601

सामान्य निर्देशः–

1. आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता/आयु/जाति व अनुभव आदि प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न तथा आवेदन वाले लिफाफे पर आवेदित पद का नाम अवश्य लिखा हो। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक अथवा स्वयं सीलबन्द लिफाफा के माध्यम से कार्यालय में उपलब्ध कराये जा सकते हैं।
2. आवेदन पत्र के साथ नाम व पता लिखा हुआ 23x10 सेमी0 के दो लिफाफे जिस पर रू0–45–00 के डाक टिकट लगे हों तथा लिफाफे पर रजिस्टर्ड डाक लिखा हो संलग्न होना चाहिये।
3. आवेदन पत्र पर नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो स्वः हस्ताक्षर सहित निर्धारित स्थान पर लगा होना चाहिये।
4. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होगा।
5. अभ्यर्थी के अर्ह/अनर्ह होने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय चयन समिति का होगा। अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जायेगा। चयन के उपरान्त अभ्यर्थी की तैनाती जनपद के किसी भी हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर की जा सकती है।
6. यह तैनाती पूर्णरूप से आबद्धीकरण/संविदा/अंशकालिक एवं 01 वर्ष के लिये अथवा योजना संचालित रहने तक जो भी पहले हो। चूँकि यह योजना भारत सरकार द्वारा संचालित है। अतः अवधि का निर्धारण भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। यह नियुक्तियां न तो किसी सृजित पद के विरूद्ध होनी हैं और न ही यह नियमित तैनाती है।
7. जिन अभ्यार्थियों के आवेदन पत्र पूर्णरूप से सही पाये जायेंगे उन्ही को साक्षात्कार के लिये बुलाया जायेगा जिसकी सूचना अभ्यर्थियों के पत्र व्यवहार के पते पर दी जायेगी। साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
8. आवेदित अभ्यर्थियों की आयु सीमा न्यूनतम 21 वर्ष से अधिक किसी भी उम्र का हो सकता है स्वस्थ एवं 65 वर्ष तक के अभ्यार्थियों को वरीयता दी जायेगी।
9. योग प्रशिक्षक अंशकालिक (आयुष्मान आरोग्य मन्दिर) पद हेतु स्थानीय निवासी को वरीयता दी जायेगी।
10. आवेदनकर्ता इस तैनाती के बाद भविष्य में नियमित होने के लिये अर्ह नहीं होगा।
11. उ0प्र0 में अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग को शासन द्वारा निर्गत समय–समय पर शासनादेशों के अनुसार योग प्रशिक्षक के नियुक्ति/आबद्धीकरण में आरक्षण का अनुपालन किया जायेगा।

(डा0 योगेन्द्र सिंह)
क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी
बदायूँ।

UP – 238791 दिनांक: 10/10/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

कब्रिस्तान में दफन हुआ शैतान संभल का था मूल निवासी

पुलिस और पत्नी की मौजूदगी में किया गया सुपुर्द-ए-खाक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: मुठभेड़ में मारे गए डकैत शैतान उर्फ इफ्तेकार की पत्नी रविवार को गांव के एक युवक के साथ बरेली पहुंची और शैतान की पहचान संभल निवासी फिरोज के रूप में की। पुलिस और पत्नी की मौजूदगी में आवामी खिदमत कमेटी ने रविवार सुबह उसके शव को कैंट क्षेत्र के कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

9 अक्टूबर की सुबह मुठभेड़ में मारे गए बदमाश इफ्तेकार उर्फ शैतान के तीन दिन से पुलिस 15 नाम और सात पते लेकर घूम रही थी, लेकिन उसका सही पता नहीं मिल सका था। एक लाख के इनामी बदमाश शैतान की पत्नी संभल से बरेली पहुंची और उसकी पहचान की। पुलिस के मुताबिक डकैत का असली नाम फिरोज था और वह मूलरूप से संभल का रहने वाला था। फिरोज उर्फ शैतान दो साल पहले अपनी लड़की की शादी तक में शामिल नहीं हुआ था।

इंदौर में काम करते हैं दोनों बेटे

● पुलिस के मुताबिक शैतान का असली नाम था फिरोज

इफ्तेकार की पत्नी शाहिदा ने पुलिस के सामने कई राज खोले। शाहिदा के मुताबिक फिरोज पुत्र अशाक हुसैन असल में संभल के थाना हजरत गढ़ी के गांव मुकर्रमपुर का रहने वाला था। फिरोज और शाहिदा के चार बच्चे हैं। बड़ी लड़की अजमी की शादी दो साल पहले मुरादाबाद कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव हरियाणा के रहने वाले हसीन से हुई थी। बड़ा बेटा फैजान (18) और दूसरा बेटा अरबाज (17) दोनों इंदौर में रहकर एक कपड़े के कारखाने में काम करते हैं। छोटी बेटी नजमी 16 साल की है। गांव में शाहिदा सरकारी योजना से बने मकान में अपनी बेटी नजमी के साथ रहती है।

पिता ने की थीं दो शादियां, दूसरी से था शैतान: शाहिदा ने पुलिस को बताया कि फिरोज के पिता अशाक हुसैन ने दो शादियां की थीं। वह अपने पिता की दूसरी पत्नी की संतान था। उसकी मां की भी दो शादियां हुईं थीं। फिरोज अपनी मां के पहले पति की संतान था। उसकी मां की 16 साल पहले और पिता की चार साल पहले मौत हो चुकी है। वह अपने पिता के मरने पर भी घर नहीं आया था।

15 साल पहले लेकर भागा था नाबालिग लड़की

शाहिदा से शादी के बाद फिरोज को चार बच्चे हुए लेकिन वह अपने ही गांव की एक नाबालिग लड़की से प्यार करने लगा और करीब 15 साल पहले लड़की को लेकर फरार हो गया था, तबसे गांव कभी नहीं लौटा। जिस नाबालिग लड़की को लेकर वह भागा था उसके परिवार को भी अपनी बेटी का सुराग आज तक नहीं लगा।

> मुठभेड़ में मारे गए बदमाश की पहचान संभल के फिरोज के रूप में हुई। सात जिलों में उसके परिवार का पता लगाया जा रहा था। रविवार सुबह उसकी पत्नी और गांव का एक युवक आए। जिसके बाद एक संस्था की तरफ से उसे कब्रिस्तान में दफना दिया गया।
> – **अनुराग आर्य**, एसएसपी

सुनिधि चौहान के गीतों ने भरा जोश, झूमे युवा

अंतरागिनि में गानें सुनातीं सुनिधि चौहान।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार: आईआईटी कानपुर के युवा सांस्कृतिक महोत्सव अंतराग्नि में रविवार को बॉलीवुड सिंगर सुनिधि चौहान ने सुर-संगीत का जलवा बिखेरा। बॉलीवुड के अपने फेमस गानों के जरिये युवाओं को झुमाया। देर रात तक चले इस इवेंट में युवा झूमते रहे।

अंतराग्नि में सुबह से शुरू हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में देशभर से आई टीमों ने प्रदर्शन किया। अंतिम दिन हुए फाइनल राउंड में युवाओं ने प्रतियोगिता अपने नाम कर प्रतिभा का लोहा मनवाया। अमृत विचार इस उत्सव का मीडिया पार्टनर है।

मंच पर सुनिधि चौहान के आते ही आईआईटियंस ने उनका उत्साह के साथ स्वागत किया। उन्होंने एक के बाद एक हिट गीतों को सुना बॉलीवुड सिंगर ने युवाओं के बीच अपनी छाप बनाई। युवाओं ने पसंद के गीतों की फरमाइश भी की। उनके लोकप्रिय गीत 'शीला की जवानी' जैसे ही मंच से गाया तो उत्साह के साथ श्रोताओं ने दर्शक दीर्घा से ही गुनगुनाना शुरू कर दिया। इसी तरह 'देसी गर्ल', 'कमली-कमली' जैसे गीतों के जरिये माहौल भव्य हो गया। इसके बाद सुपरहिट गीत 'धूम मचाले', व 'क्रेजी किया रे,' पर युवा उत्साह में झूम उठे। इसके बाद 'बीड़ी जलइले पिया' और 'डांस पे चांस' जैसे गीतों पर युवा जमकर झूमें।

नुक्कड़ नाटक और 'मंडला आर्ट' अंतराग्नि में सुबह की शुरुआत नुक्कड़ नाटक फाइनल्स से हुई। जहां प्रतिभागियों ने सामाजिक मुद्दों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। उनकी दमदार आवाज और भावनाओं ने दर्शकों को प्रभावित किया। इसके बाद 'अंतराग्नि आइडल' फाइनल ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

भाभी पर देवर की शादी में बाधा बनने का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: मझोला थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। आग से जले देवर और भाभी ने शनिवार देर रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया है।

घटना की वजह देवर की शादी में बाधा बनना बताया जा रहा है। मृतका के पति ने भाई पर पत्नी को जलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम करा परिजनों का सौंप दिये है। पुलिस जांच कर रही है।थाना मझोला क्षेत्र के रसूलपुर सुनवती निवासी प्रवीण कुमार (28) शनिवार की शाम घर पर था। बताया जाता है कि इस बीच उसकी भाभी सुनीता (40) पहुंची, जहां संदिग्ध हालात में आग लग गई। आग की लपटों में दोनों घिर गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग की लपटों के आगे कोई हिम्मत नहीं जुटा पाया। काफी देर बाद कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, तब तक दोनों गंभीर रूप से झुलस चुके थे। नाजुक हालत में दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात में ही एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह और सीओ लाइंस कुलदीप गुप्ता ने मौके पर पहुंचकर जांच की। महिला के पति नरेंद्र कुमार ने भाई प्रवीण पर पत्नी को थिनर डालकर जलाने का आरोप लगाते हुए मझोला पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने देवर के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कर ली। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती देवर व भाभी की देर रात हालत बिगड़ गई। दोनों को मेरठ रेफर करने की तैयारी हो रही थी, इसी बीच दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों के हवाले कर दिया।

● मृतका के पति ने भाई पर पत्नी को जलाने की रिपोर्ट दर्ज कराई

प्रवीण के रिश्ते में अड़ंगा लगा देती थी सुनीता

मझोला थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार के अनुसार प्रवीण की शादी के लिए कई बार रिश्ते आए, मगर उसकी भाभी कोई न कोई अड़ंगा लगा देती थी, जिसकी वजह से रिश्ता तय नहीं हो पा रहा था, इससे प्रवीण खुश नहीं था। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर प्रवीण ने भाभी को आग के हवाले किया, लेकिन इ वह भी चपेट में आ गया। सीओ सिविल लाइंस कुलदीप गुप्ता ने बताया कि जांच की जा रही है।

> रसूलपुर सुनवाती गांव में आग से देवर-भाभी की जलकर मौत हुई है। जांच में सामने आया कि महिला देवर की शादी में बाधा बन रही थी। इसी वजह से देवर ने भाभी को आग लगाई और खुद भी जल गया,जांच की जा रही है।
> –**कुमार रणविजय सिंह**, एसपी सिटी

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 3460/ई0–टेण्डर/4ए दिनांक: 08.10.2025

ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.10.2025 को ही अपरान्ह 12:30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

क्रम सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	निविदा की जमानत धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (टेण्डर फीस + स्टेशनरी चार्ज+जी0एस0टी0)	कार्य पूर्ण करने का समय	फर्म/ठेकेदारों का आवश्यक पंजीकरण
1	2	3	4	5	6	7
1	बाढ़ से क्षतिग्रस्त मदनापुर कलान गढ़िया छवि बदायूं बार्डर मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग सं0–104सी) की मरम्मत का कार्य।	33.30	3.33	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
2	कलान परौर मार्ग से जूही सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	31.30	3.13	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
3	ग्राम मथाना में तालाब के किनारे रिटेनिंग वॉल का निर्माण कार्य।	30.30	3.03	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
4	डरी से बरूआ सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	18.60	1.86	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
5	कटरा सिउरा जैतीपुर से वैवहा मार्ग पर भमौरी आबादी में सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य।	20.40	2.04	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
6	विशेष मरम्मत के अन्तर्गत मुलायम नगला सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य।	18.00	1.80	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
7	जिगनिया सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	4.70	0.47	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
8	कुनिया ता0 सुरजूपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली का कार्य।	9.60	0.96	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
9	जुआखेड़ा से गनेशपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	17.20	1.72	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
10	कलान परौर मार्ग से पृथ्वीपुर कटका सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	33.60	3.36	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
11	खजुरी से गिउड़ी मार्ग होते हुए प्रीतमनगला सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य	19.00	1.90	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
12	एम0एफ0 मार्ग से इकोना शिवपुरी सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य	33.30	3.33	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
13	गुन्दौरा दाउदपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	12.40	1.24	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
14	पटना से देवकली सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	33.40	3.34	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
15	बाढ़ से क्षतिग्रस्त मिर्जापुर गुलड़िया सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	11.40	1.14	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
16	बाढ़ से क्षतिग्रस्त महोलिया मोहकमपुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	16.50	1.65	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
17	बाढ़ से क्षतिग्रस्त पैलानी उत्तरी मार्ग के किमी0–2 से पंखीनगला सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	32.50	3.25	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
18	बाढ़ से क्षतिग्रस्त तारापुर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	8.50	0.85	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
19	जलालाबाद ढाईघाट से भरतपुर सम्पर्क मार्ग में सी0सी0 व नाली निर्माण का कार्य।	28.00	2.80	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
20	बाढ़ से क्षतिग्रस्त जलालाबाद ढाईघाट मार्ग से पैलानी उत्तर सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	12.60	1.26	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
21	नवादा ता0 वानगांव सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य।	10.50	1.05	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
22	एल0बी0 मार्ग से वजीरपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य।	13.00	1.30	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
23	विशेष मरम्मत के अन्तर्गत रावतपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत कार्य	14.00	1.40	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
24	लिपुलेक भिण्ड मार्ग के किमी–492 से अहमदगंज सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य।	8.90	0.89	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
25	पिटारमऊ से सुल्तानपुर मार्ग के पिटारमऊ आबादी भाग मे सी0सी0, नाली एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य।	23.00	2.30	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
26	बाढ़ से क्षतिग्रस्त मिर्जापुर परौर से कुण्डरी सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	2.60	0.26	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
27	बाढ़ से क्षतिग्रस्त जरियनपुर से पहारूआ सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	31.00	3.10	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
28	कुनिया से बहारिया कुनिया सम्पर्क मार्ग सी0सी0 नाली एवं रिटेनिंग वाल का कार्य।	28.00	2.80	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
29	मिर्जापुर परौर से ककोडा सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।	8.40	0.84	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
30	बाढ़ से क्षतिग्रस्त मुरादाबाद फर्रूखाबाद मार्ग से नवादा ता0 वानगॉव सम्पर्क मार्ग की मरम्मत का कार्य।	26.60	2.66	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
31	हथिनापुर सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य।	20.50	2.05	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
32	सिकन्दरपुर सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	14.30	1.43	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
33	विशेष मरम्मत के अन्तर्गत चमरपुरा सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य।	22.70	2.27	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
34	बाढ़ से क्षतिग्रस्त गुलामखेड़ा से सहसपुर सिमरिया मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य	30.00	3.00	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
35	कांट मार्ग से बहलोलपुर सम्पर्क के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	8.50	0.85	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
36	भरतपुर फैजुल्लागंज से हरिउरा सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य	10.00	1.00	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
37	हुसैनापुर सम्पर्क के आबादी भाग मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।	14.40	1.44	856.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)
38	कांट मदनापुर से सरैया प्रेमराज सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत का कार्य	15.00	1.50	944.00	60 दिन	ए, बी, सी, एवं डी, (मार्ग कार्य हेतु)

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP-238795 दिनांक 10.10.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर

जबरन साबुन देने पर कार्ड धारकों का फूटा गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बदायूं रोड स्थित राशन की दुकान पर दुकानदार ने कार्डधारकों पर मुफ्त गेहूं और चावल के साथ जबरन सौ रुपये का साबुन और डिटर्जेंट पाउडर खरीदने का दबाव डाला। कुछ कार्डधारकों ने साबुन खरीद लिया लेकिन कुछ ने विरोध किया। एक महिला ने यूपी 112 पर फोन कर पुलिस को बुला लिया। पुलिस को देख दुकानदार बैक फुट पर आ गया। काफी देर तक दुकान के बाहर हंगामे का माहौल बना रहा। पुलिस ने कार्ड धारकों को समझाकर शांत किया।

बदायूं रोड पर सुभाष नगर की सरकारी राशन की दुकान है। रविवार कोटेदार मोहित खंडेलवाल कार्ड धारकों को राशन बांट रहे थे। आरोप है कि वह राशन के साथ कार्ड धारकों को जबरन सौ रुपये का साबुन और डिटर्जेंट पाउडर दे रहे थे। इसका कार्ड धारकों ने विरोध किया। जिन लोगों ने साबुन लेने से मना किया उन्हें राशन देने से आनाकानी की गई। शांति विहार निवासी प्रियंका ने साबुन लेने से मना कर दिया और राशन न मिलने पर यूपी 112 पर फोन कर दिया।

कार्यालय ग्राम पंचायत बालपुर विकास खंड इस्लामनगर बदायूँ

दिनांक : 11.10.2025

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की गौशाला ग्राम पंचायत बालपुर विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 14.10.2025 को दोपहर 02 बजे पंचायत घर पर की जाएगी।

सचिव **प्रधान**

कबड्डी की मंडलीय टीम का चयन

बरेली, अमृत विचार : खेल निदेशालय की ओर से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब–जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक नोएडा एजुकेशनल अकादमी सलारपुर खादर नोएडा, गौतमबुद्धनगर में आयोजित की जाएगी। इसके लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में रविवार को जिला और मंडल स्तरीय ट्रायल हुए। मंडलीय टीम में आयुष सक्सेना, मो. फैज, सदीम रजा, सईम अहमद, मन्सूरी, सचिन कुमार, सूर्यांश यादव, अभिनव तोमर, आर्यन तोमर, सुब्रत यादव, उदित, कृष्णा, आकाश गंगवार, सोनू, ओम अग्निहोत्री, अंशुमन गंगवार और संजय का चयन हुआ।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 10292/142सी0(ई0टेण्डर)–3/25 दिनांक: 06.10.2025

ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन–लाइन ई–निविदा (स्वीकृति की प्रत्याशा में) दिनांक 15.10.2025 से दिनांक 25.10.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 25.10.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया हैः–

क्र0 सं0.	कार्य का नाम	खण्ड का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8
1	कटरा जलालाबाद मार्ग से जौराभूड़ मार्ग पर आबादी में सी0सी0 व नाली निर्माण कार्य।	निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0 शाहजहाँपुर	49.00	4.45	2725.00	02 माह	'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य)
2	विशेष मरम्मत के अन्तर्गत परौर से कुण्डरिया सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली निर्माण, रिटेनिंग वॉल एवं शेष भाग की मरम्मत का कार्य।		106.60	7.33	2725.00	05 माह	'ए' 'बी' (मार्ग कार्य)
3	आलमपुर कंकलिया धर्मपुर सम्पर्क मार्ग पर कंकलिया आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली निर्माण कार्य।		41.00	4.05	2725.00	02 माह	'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य)
4	एस0एच0–126 खेड़ा बझेड़ा से पृथ्वीपुर रम्पुरा मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0, नाली एवं शेष भाग की हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा मरम्मत का कार्य।		47.80	4.39	2725.00	02 माह	'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य)
5	जल्लापुर खमरिया मार्ग से धुवला करीमनगर सम्पर्क मार्ग की विशेष मरम्मत का कार्य।		79.00	5.95	2725.00	02 माह	'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य)
6	अमरेड़ी से बस्तीनगला के मध्य डबरी नाले पर बने पुल की पहुंच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुंच मार्ग के आबादी भाग में सी0सी0 एवं नाली का कार्य, शेष भाग की मरम्मत का कार्य		63.00	5.15	2725.00	02 माह	'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य)
7	मरथरा से तिरि सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग भुन्नीखेड़ा मे सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य।		49.00	4.45	2725.00	02 माह	'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य)
8	जलालाबाद अल्लागंज मार्ग से समापुर बेलाखेड़ा सम्पर्क मार्ग के आबादी भाग बेलाखेड़ा में सी0सी0 एवं नाली निर्माण का कार्य		56.20	4.81	2725.00	02 माह	'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य)
9	बाढ़ से क्षतिग्रस्त जलालाबाद शमसाबाद मोहम्मदाबाद सौरिख विधुना मार्ग (राज्य मार्ग सं0–163) की हॉट मिक्स प्लान्ट द्वारा मरम्मत का कार्य।		118.00	7.90	2725.00	05 माह	'ए' 'बी' (मार्ग कार्य)

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP – 238794 दिनांक: 10/10/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(रथिन सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहाँपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

लोगों को किया जागरुक

बरेली : मंडल रेल प्रबंधक वीणा सिन्हा एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी डॉ. हरीश रैडतोलिया के निर्देशन में इज्जतनगर मंडल के रामपुर–चमरौआ स्टेशनों के मध्य रेलवे फाटकों पर संरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। समपार संख्या 5 बी2, 6 सी, 8 सी, 13 बी व 16बी 2 पर संरक्षा सलाहकारों ने ग्रामीणों को रेल फाटकों पर ट्रेन गुजरते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। कहा कि ट्रैक व पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखें, पशुओं को ट्रैक के पास न चराएं और रेल लाइन के आसपास पतंगबाजी जैसी गतिविधियों से बचें।

अमृत विचार

सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

सपने देखने का अधिकार, पहला मौलिक अधिकार होना चाहिए।

–**महाश्वेता देवी**, साहित्यकार

उम्मीद की खेती

कृषि प्रधान देश की जीडीपी में सबसे बड़ा योगदान खेती का है, परंतु इसकी हिस्सेदारी घटती जा रही है। ऐसे में मोदी सरकार का फोकस कृषि क्षेत्र को आधुनिक, टिकाऊ और लाभकारी बनाने पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री की कृषि क्षेत्र में की गई घोषणाएं दीर्घकालिक, दूरदर्शी सोच को दर्शाती हैं। 'पीएम धन-धान्य कृषि योजना' के साथ दलहन आत्मनिर्भरता मिशन देश के किसानों की स्थिति में सार्थक बदलाव ला सकती हैं। फिलहाल किसानी अब भी घाटे का सौदा है। देखना यह है कि अगले छह वर्षों तक चलने वाली ये योजनाएं किसानी में क्या क्रांति लाती हैं। 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक की इन योजनाओं ने किसानों में नई उम्मीदें जगाई हैं, क्योंकि ये केवल वित्तीय घोषणाएं नहीं, बल्कि कृषि को पुनः भारत की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ बनाने का प्रयास प्रतीत होती हैं।

प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अंतर्गत 100 से कम उपज वाले जिलों को लक्षित करना और निर्धारित करना कि राष्ट्रीय औसत उपज से 25 प्रतिशत कम उत्पादन वाले इन जिलों की पैदावार को राष्ट्रीय औसत के बराबर लाया जाए, एक सराहनीय कदम है। वहां के किसानों को बुनियादी ढांचा और वित्तीय सहायता प्रदान कर, फसलों के विविधीकरण को बढ़ावा देकर, सिंचाई, भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाएं उपलब्ध कराने से जलवायु-सम्मत, पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ कृषि को बल मिलेगा। कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने की यह कोशिश कालांतर में किसानों की आजीविका और आमदनी दोनों में वृद्धि करेगी। खेती के लिए कर्ज देने से किसानों को सुविधा तो मिलती है, पर यह चिंता भी रहती है कि कर्जग्रस्तता और आत्महत्याएं न बढ़ें। केवल कर्ज देना पर्याप्त नहीं, उसके साथ सुदृढ़ बीमा, फसल मूल्य स्थिरता और विपणन की गारंटी भी आवश्यक है। यदि किसान को यह भरोसा हो कि उसकी फसल का न्यूनतम मूल्य मिलेगा और प्राकृतिक आपदा की स्थिति में सरकार उसके साथ खड़ी होगी, तभी कृषि ऋण विकास का सशक्त साधन बन सकता है।

देश में दालों की खपत बढ़ रही है, लेकिन उत्पादन में स्थायित्व नहीं है। दशकों से दलहन उत्पादन बढ़ाने के प्रयासों के बावजूद यह क्षेत्र धान-गेहूं जैसी गारंटी नहीं पा सका। यदि मिशन के तहत बीज सुधार, न्यूनतम समर्थन मूल्य की विश्वसनीयता और निर्यात नीति में स्थिरता लाई गई, तो आत्मनिर्भरता का लक्ष्य अब दूर नहीं रहेगा। इन सरकारी योजनाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि खेती 'मुनाफे का धंधा' बनने की ओर बढ़े। इसके लिए केवल धन वितरण या अवसंरचना निर्माण पर्याप्त नहीं। किसानों को प्रशिक्षण, तकनीक, जल प्रबंधन और बाजार तक सीधा संपर्क भी चाहिए। साथ ही ग्रामीण युवाओं को कृषि-आधारित उद्योगों से जोड़ना आवश्यक है, ताकि पलायन रुके और गांवों में रोजगार सृजित हों। इससे उस नरेटिव को तोड़ने में सफलता मिलेगी जिसमें कहा जाता है कि सरकार कॉरपोरेट दबाव में खेती को धीरे-धीरे खत्म करना चाहती है। योजना अगर नियोजित तरीके से लागू हुई, खेत, बाजार और किसान के बीच भरोसे का पुल बना तो कृषि फिर से अर्थव्यवस्था की आत्मा बना सकती है।

तालिबान-भारत रिश्ता, चीन के लिए झटका

नवीन गुप्ता

बरेली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और कूटनीति ने चीन और पाकिस्तान को चौंका दिया है। अफगानिस्तान में पहले दूतावास की पूर्ण रूप से बहाली की घोषणा और फिर अफगानिस्तान द्वारा खनिज पदार्थों की माइनिंग के लिए भारत को निमंत्रण यह बताने के लिए काफी है कि अब यह नया भारत है। अब तक चीन की कोशिश थी कि वह अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन अकेले ही करे, लेकिन भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है। इस रिश्ते में गर्मजोशी सदैव बनी रहेगी।

अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद भारत ने दूतावास को बंद कर दिया था, हालांकि अब दूतावास फिर से सक्रिय होने जा रहा है। इसका लाभ दोनों देशों को मिलेगा। अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के भारत दौरे ने बहुत कुछ बदल दिया है। मुत्ताकी ने भी भारत में नए राजनयिक भेजने की घोषणा की है। यहां चीन के साथ दोस्ती करने में जुटे पाकिस्तान को बड़ा झटका लगा है। चीन भी इस रिश्ते से सकते में है, क्योंकि मुत्ताकी ने अफगानिस्तान में भारतीय माइनिंग कंपनियों के लिए दरवाजे जो खोल दिए हैं। चीन अर्से से इस कोशिश में लगा था कि अफगानिस्तान के खनिज पदार्थों का खनन वह अकेले करेगा, लेकिन उसकी मंशा पर पानी फिर गया है।

अफगानिस्तान की सोना, कोयला, कॉपर, आयरन, लीथियम और यूरेनियम का अकूत भंडार है। इसके साथ ही तेल और गैस के भी पर्याप्त भंडार हैं। चीन की कंपनियां वहां खनन तो करना चाहती हैं, लेकिन सुरक्षा कारणों से वे वहां कदम रखने से कतराती हैं। फिलहाल चाइना मेटलर्जिकल ग्रुप कॉर्पोरेशन, गोचिन, शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस आदि कंपनियां वहां खनन कर रही हैं। तालिबान के कब्जे के बाद चीन ने लगभग सात बिलियन डॉलर निवेश किया है।

2023 में शिंगजियांग सेंट्रल एशिया पेट्रोलियम एंड गैस कंपनी ने तेल भंडार विकसित करने के उद्देश्य से 450 मिलियन डॉलर का समझौता तालिबान सरकार से किया था। चीन ने तालिबान सरकार पर बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव में काबुल को शामिल करने का दबाव भी बनाया है, लेकिन इसमें सफलता मिलती नहीं दिख रही है। खनिजों के खनन में भारत को मिले अवसर से भारत और अफगानिस्तान के बीच संबंध और मजबूत होंगे। अफगानिस्तान के विकास में भारत का योगदान भी बढ़ेगा, जो दीर्घकालिक साझेदारी की नींव रखेगा। साथ ही यह निवेश भारत को मध्य एशिया में एक मजबूत भू-राजनीतिक स्थिति प्रदान करने में मदद करेगा। इससे क्षेत्र में न सिर्फ भारत का प्रभाव बढ़ेगा, बल्कि चीन, पाकिस्तान के प्रभाव का मुकाबला करने में भी मदद मिलेगी।

अफगानिस्तान 34 प्रांतों में बंटा हुआ है। यहां के बदख्शां प्रांत में लगभग दो हजार टन सोना, अमू दरिया बेसिन में प्रांत में करीब 400 मिलियन टन कोयला, नूरिस्तान व अन्य इलाकों में लीथियम, कोबाल्ट, नियोडिमियम, हिंदूकुश क्षेत्र में 1,300 मिलियन टन संगमरमर का भंडार है। इसी इसी तरह, लोगर प्रांत में लगभग 60 मिलियन टन तांबा तो बामियान प्रांत में 22 सौ मिलियन लौह अयस्क का भंडार है। इन खनिजों पर दुनिया के कई देशों की निगाह है। अब भारत की कंपनियां भी इन खनिजों में बड़ी हिस्सेदार होंगी।

भारत-अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। भारत ने वहां 500 से अधिक परियोजनाओं पर तीन अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश किया है। भारत सरकार वहां सड़क, बिजली, बांध, अस्पताल आदि का निर्माण कर रही है। 2023 में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तो संसद में भारत और अफगानिस्तान के ऐतिहासिक रिश्तों का बखान किया था। रूस ने तालिबान सरकार को मान्यता दे रखी है।

चीन ने अफगानिस्तान में अपना एक राजदूत भी नियुक्त कर रखा है। 40 से ज्यादा देशों ने किसी न किसी रूप में अफगानिस्तान से कूटनीतिक या अनौपचारिक संबंध बना रखे हैं। अब इस श्रेणी में भारत भी शामिल हो गया है, हालांकि तालिबान सरकार को अभी भारत ने मान्यता तो नहीं दी है, लेकिन अपना दूतावास पूर्ण रूप से खोलने का निर्णय जरूर ले लिया है। ईरान के बलूचिस्तान में स्थित चाबहार बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर विकसित कर रहे हैं। चाबहार भारत और अफगानिस्तान के लिए व्यापार और कनेक्टिविटी का एक महत्वपूर्ण रास्ता है, जो पाकिस्तान को बायपास करके मध्य एशिया तक पहुंच प्रदान करता है।

अफगानिस्तान के साथ आने से भारत को लाभ होगा। चाबहार बंदरगाह का विकास और उसमें अफगानिस्तान द्वारा भारत को सहयोग करना पाकिस्तान-चीन के लिए बड़ा झटका होगा। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे यह चाबहार बड़ा खतरा है। चाबहार बंदरगाह की वजह से भारत को पाकिस्तान से गुजरे बिना अफगानिस्तान और मध्य एशिया अपने उत्पाद पहुंचाने और वहां से लाने में आसानी होगी। अफगान विदेश मंत्री द्वारा चाबहार परियोजना पर सहयोग देने की घोषणा मात्र से ही पाकिस्तानी हुक्मरान असहज दिख रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान की प्रासंगिकता कम होगी। मुत्ताकी ने भारत के साथ व्यापारिक संबंधों में आने वाली सभी बाधाओं को दूर करने के लिए एक व्यापार समिति के गठन का एलान किया है। यह समिति भारत के साथ मिलकर बाधाओं को दूर करेगी। इससे दोनों देशों में व्यापार बढ़ेगा।

> भारत के दौरे पर आए अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने चीन के मंसूबे पर पानी फेर दिया और पाकिस्तान को भी यह बता दिया कि सदियों पुराने भारत-अफगानिस्तान के रिश्ते में कहीं कोई बाधा नहीं है।

आमने

मैं किसी भी सैन्य अधिकारी का अनादर नहीं कर रहा, लेकिन स्वर्ण मंदिर को फिर से लेने के लिए यह गलत तरीका था। कुछ साल बाद, हमने सेना को बाहर रखकर इसे लेने का सही तरीका दिखाया। मैं मानता हूं कि इंदिरा गांधी ने उस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई।

–**पी चिदंबरम**, कांग्रेस नेता

सामने

ऑपरेशन ब्लू स्टार सही था या गलत, यह अलग बात है, लेकिन पी चिदंबरम को 50 साल बाद कांग्रेस पार्टी, यानी इंदिरा गांधी पर हमला करने और यह दावा करने की क्या जरूरत है कि उन्होंने गलत कदम उठाया? वह वही कर रहे हैं जो बीजेपी और प्रधानमंत्री कर रहे हैं।

–**राशिद अलवी**, कांग्रेस नेता

कॉपर बनेगा भविष्य की ऊर्जा का 'नया सोना'

रजत मेहरोत्रा

वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज़्यादा चमक रही है, वह है कॉपर। विशेषज्ञ अब इसे 'नया सोना' कह रहे हैं, क्योंकि यह आने वाले समय में हर उद्योग और हर देश की ऊर्जा का सबसे जरूरी हिस्सा बनने वाला है। आज हर इलेक्ट्रिक गाड़ी, सोलर पैनल, पवन चक्की और बिजली के तारों में कॉपर का इस्तेमाल होता है। कॉपर बिजली को बहुत तेजी से प्रवाहित करता है, इसलिए इसे ऊर्जा की नस कहा जा सकता है। आने वाले 10 सालों में जब दुनिया इलेक्ट्रिक और ग्रीन एनर्जी की ओर जाएगी, तब कॉपर की मांग बहुत ज़्यादा बढ़ जाएगी।

इंटरनेशनल कॉपर स्टडी ग्रुप की रिपोर्ट के अनुसार, 2026 तक दुनिया में कॉपर की कमी लगभग 1.5 लाख टन तक हो सकती है। यानी मांग अधिक होगी और आपूर्ति कम। इसी वजह से कॉपर की कीमतें बढ़ रही हैं। अक्टूबर 2025 में लंदन मेटल एक्सचेंज पर कॉपर की कीमत 10,700 डॉलर प्रति टन के पार चली गई, जो अब तक के ऊंचे स्तरों में से एक है। यह स्थिति दिखाती है कि आने वाले वर्षों में कॉपर की मांग और कीमत दोनों में तेजी बनी रहेगी।

भारत की स्थिति इस बदलाव के केंद्र में है। कभी स्वदेशी उत्पादन के बल पर आत्मनिर्भर दिखने वाला भारत अब Refining कॉपर का शुद्ध आयातक बन चुका है। 2018 में वेदांता कंपनी की तूतीकोरिन (तमिलनाडु) यूनिट बंद होने के बाद भारत की घरेलू आपूर्ति में तेज गिरावट आई और आयात निर्भरता बढ़ गई। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने लगभग 10.7 अरब डॉलर मूल्य का कॉपर आयात किया, जबकि निर्यात केवल 2.3 अरब डॉलर के आसपास रहा। इससे देश की विदेशी मुद्रा पर बोझ बढ़ा और भारत एक शुद्ध आयातक देश बन गया।

भारत के पास विशाल संभावनाएं हैं। देश में अनुमानित 12.2 मिलियन मीट्रिक टन कॉपर के भंडार हैं, जिनमें से लगभग 18% को उपयोगी भंडार माना गया है। अब सरकार चाहती है कि भारत फिर से कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बने। इसके लिए कई बड़ी कंपनियां निवेश कर रही हैं। अडानी ग्रुप गुजरात के कच्छ में पांच लाख टन क्षमता वाली कॉपर स्मेल्टर यूनिट बना रहा है, जिसे आगे चलकर 10 लाख टन तक बढ़ाया जाएगा। वहीं जेएसडब्ल्यू ग्रुप ओडिशा में 0.5 मिलियन टन क्षमता की नई कॉपर फैक्ट्री लगाने की तैयारी में है। इन प्रोजेक्ट्स के शुरू होने से भारत की कॉपर उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और आयात पर निर्भरता घटेगी।

वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की कॉपर मांग 1,522 किलो टन थी, जो पिछले वर्ष से 16% ज्यादा थी। अनुमान है कि 2030 तक भारत की मांग तीन मिलियन टन और 2047 तक नौ मिलियन टन तक पहुंच सकती है। इस तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत को खनन, Refining और Manufacturing तीनों क्षेत्रों में तेजी से काम करना होगा।

कॉपर उद्योग के विस्तार से भारत की GDP को सीधा फायदा होगा। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा, विदेशी मुद्रा की बचत होगी और औद्योगिक विकास में तेजी आएगी। ऊर्जा सुरक्षा के नजरिए से भी यह कदम महत्वपूर्ण है, क्योंकि घरेलू स्तर पर कॉपर की उपलब्धता बढ़ने से भारत अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के उतार-चढ़ाव से कम प्रभावित होगा। निवेशकों के लिए भी यह समय सुनहरा अवसर है। अगर कोई निवेशक आज कॉपर से जुड़ी कंपनियों में निवेश करता है, तो आने वाले पांच से दस साल में उसे अच्छा रिटर्न मिल सकता है।

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, जो भारत की सबसे बड़ी कॉपर कंपनी है, ने FY2024 में 2,071 करोड़ की आय दर्ज की, जो पिछले साल से 20% अधिक है। इसका मार्केट वैल्यू अब लगभग 23,500 करोड़ है। इसके शेयर ने पिछले तीन सालों में 213% और पिछले पांच सालों में 900% तक की बढ़त दी है। यह साबित करता है कि जब वैश्विक मांग और घरेलू नीति साथ चलती हैं, तो कॉपर कंपनियों के मुनाफे और शेयर मूल्य दोनों तेजी से बढ़ते हैं।

सिर्फ हिंदुस्तान कॉपर ही नहीं, बल्कि अडानी कॉपर ट्यूब्स और जेएसडब्ल्यू मेटल्स जैसे नए खिलाड़ी भी इस उद्योग में कदम रख रहे हैं। इससे उत्पादन क्षमता बढ़ेगी और निवेशकों को नए अवसर मिलेंगे। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि 2026 तक कॉपर की कीमतें 12,000 डॉलर प्रति टन तक जा सकती हैं। ऐसे में जिन कंपनियों के पास खनन लाइसेंस, Refining संयंत्र और निर्यात करार होंगे, वे भविष्य में 'गोल्डन मल्टीबैगर' साबित हो सकती हैं। हालांकि यह भी सच है कि यह उद्योग पूंजी-गहन है और कीमतों में उतार-चढ़ाव रहेगा, इसलिए निवेशकों को लंबी अवधि का नजरिया रखना चाहिए।

कॉपर सिर्फ एक धातु नहीं, बल्कि भारत के लिए आर्थिक ताकत और ऊर्जा सुरक्षा का प्रतीक बन रहा है। अगर भारत ने सही नीति, निवेश और नवाचार का संतुलन बनाया, तो वह कॉपर उत्पादन में आत्मनिर्भर बन कर दुनिया का अग्रणी देश बन सकता है। यह समय है जब भारत को 'कॉपर क्रांति' को अपनाना चाहिए, क्योंकि आने वाले दशक में कॉपर ही भविष्य की ऊर्जा का असली सोना साबित होगा।

> दुनिया आज बहुत तेजी से पुरानी ऊर्जा यानी कोयला और तेल से हटकर स्वच्छ और नई ऊर्जा की ओर बढ़ रही है। इस बदलाव में जो धातु सबसे ज्यादा चमक रही है, वह है कॉपर।

सोशल फोरम

गुरुदत्त ने 'प्यासा' के एक सीन में लिए थे 104 टेक

गुरुदत्त ने तीन दफा अपनी जीवन लीला समाप्त करने का प्रयास किया था। गुरुदत्त साहब के दोस्त व उनकी टीम का अभिन्न हिस्सा और दिग्गज सिनेमैटोग्राफर रहे वीके मूर्ति जी ने एक दफा एक वेबसाइट को दिए एक इंटरव्यू में गुरुदत्त जी से अपनी पहली मुलाकात व उनकी शख्सियत के बारे में कई बातें शेयर की थीं। उन्होंने कहा था, मैं गुरुदत्त से पहली दफा तब मिला था जब मैं फेमस स्टूडियो में असिस्टेंट कैमरामैन के तौर पर काम कर रहा था। उन्हीं दिनों अपनी फिल्म बाजी बनाने के लिए देवानंद के 'नवकेतन फिल्म्स' ने वो स्टूडियो किराए पर लिया। एक दिन मैंने गुरुदत्त को एक खास सीन के लिए एक अलग तरह का शॉट लेने की सलाह दी।

किस्सा टीवी

फेसबुक

वो शॉट जरा मुश्किल था। गुरुदत्त बोले कि उनका कैमरामैन वो नहीं कर पाएगा। मैंने उनसे कहा कि अगर आपका कैमरामैन मुझे ये शॉट लेने की परमिशन दे दे तो मैं इसे कैप्चर करना चाहूंगा। गुरुदत्त ने कहा कि आप दो से तीन टेक ही ट्राय कीजिएगा, मगर मैंने वो शॉट एक ही टेक में ले लिया। उस दिन पैकअप होने के बाद गुरुदत्त मेरे पास आए और बोले कि क्या तुम मेरी अगली फिल्म में मेरे साथ काम करोगे? और यूं गुरुदत्त के साथ मेरा सफर शुरू हो गया। वो बहुत महान डायरेक्टर थे। बहुत क्रिएटिव थे और अपने काम में बहुत रुचि रखते थे।

आर पार फिल्म की मेकिंग के दौरान मेरी और गुरुदत्त की तगड़ी लड़ाई हो गई थी। बाद में वो मेरे पास आए और उन्होंने बताया कि उन पर ये फिल्म जल्दी पूरी करने का बहुत प्रेशर है। उन्होंने ये भी कहा कि हमें एक-दूजे के साथ को-ऑपरेट करना चाहिए और जल्दी काम फिनिश करना चाहिए। उसके बाद हमने हमेशा अच्छी तरह काम किया। कभी हमारी बहस नहीं हुई। वो बहुत सामान्य, बहुत ही खुशमिजाज इंसान थे। वो किसी मिडिल क्लास इंसान की तरह जीते थे। सफलता मिलने के बाद भी उनमें कोई बदलाव नहीं आया था। हम दोनों अक्सर डोसा और भेलपूरी खाने जाते रहते थे। स्टूडियो कंपाउंड में क्रिकेट खेलते थे।

प्यासा फिल्म के एक सीन में गुरुदत्त ने 104 टेक लिए थे। उस सीन में डायलॉग जरा लंबा था और वो बार-बार डायलॉग भूल रहे थे। मगर जब तक सीन परफेक्टली शूट नहीं हुआ तब तक वो रुके नहीं। उन्हें वो सीन एकदम परफेक्ट चाहिए था।

सामयिकी

त्योहार पर सेहत से खिलवाड़ और नैतिकता का सवाल

हर त्योहार पर मिलावटखोरों की चांदी हो जाती है। पैसा बनाने के चक्कर में वह अपने ही देश के लोगों की सेहत और जान से खिलवाड़ करते हैं। अहम सवाल यह है कि क्या भारतीय दुकानदारों का नैतिक पतन इस दर्जे गिर चुका है कि वह तमाम रोक-थाम के बावजूद मिलावटी सामान बेचने से बाज नहीं आते हैं। कुछ घटनाएं ध्यान खींचती हैं। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गुरुवार को विजयदशमी के दिन कई जगहों पर योजनाबद्ध तरीके से छापा मारकर मिलावटी देशी घी रैकेट का भंडाफोड़ किया है। कार्रवाई में 1,625 किलोग्राम मिलावटी देशी घी जब्त किया गया और छह आरोपी गिरफ्तार हुए।

करावल नगर के शिव विहार से 33 टिनों में कुल 520 किलोग्राम नकली देशी घी और मिलावट में इस्तेमाल होने वाले केमिकल व दवाएं बरामद कीं। पुराना मुस्तफाबाद में छापा मारने के बाद 44 टिनों में 665 किलोग्राम नकली घी, केमिकल, गैस सिलेंडर आदि बरामद किया गया।

मनोज अग्रवाल

वरिष्ठ पत्रकार

निजी स्वार्थों से प्रेरित मिलावटखोर अधिक लाभ कमाने के लालच में खाद्य पदार्थों में हानिकारक वस्तुओं की मिलावट करके लोगों के स्वास्थ्य से खेल रहे हैं। 15 सितंबर को दिल्ली की उत्तरी बाहरी जिला पुलिस ने फैक्टरी का भंडाफोड़ करके वहां से लगभग 7600 लीटर मिलावटी घी बरामद करके फैक्टरी के सुपरवाइजर को गिरफ्तार किया, जबकि फैक्टरी का मालिक फरार है।

23 सितंबर को जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने चांदपोल बाजार स्थित एक गोदाम पर छापा मार कर वहां से विभिन्न प्रसिद्ध ब्रांडों के लेबल लगाकर बेचा जाने वाला 884 लीटर नकली देसी घी बरामद किया। 23 सितंबर को ही जयपुर (राजस्थान) की फूड सेफ्टी टीम ने मालवीय नगर में एक पिकअप वैन को जब्त कर, उसमें से 400 किलोग्राम मिलावटी पनीर बरामद करके उसे नष्ट करवाया।

26 सितम्बर को बुलंदशहर (उत्तर प्रदेश) में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सोहन पापड़ी के गोदाम पर दबिश देकर वहां भारी मात्रा में नकली पापड़ी जब्त करके फैक्टरी को सील कर दिया। 28 सितंबर को निजामपुर (उत्तर प्रदेश) में नकली मिठाई बनाने वाली फैक्टरी को सील किया गया, जहां घटिया सामग्री से बड़े पैमाने पर पेड़ा, बर्फी और टाफियां आदि बनाई जा रही थीं।

28 सितंबर को ही खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने एक पिकअप वैन में भरकर अलवर (राजस्थान) से जयपुर ले जाया जा रहा 110 किलो मिलावटी पनीर नष्ट करवाया। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया गया। 29 सितंबर को राजस्थान के बानसूर और कोटपूतली में खाद्य विभाग ने 600 लीटर नकली दूध और 375 लीटर मिलावटी घी जब्त किया।

30 सितंबर को गुरुग्राम (हरियाणा) के फर्रुखनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग तथा सीएम फ्लाइंग की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों पर छापे मार कर 2000 किलो से अधिक मिलावटी पनीर और खोया (मावा) जब्त किया तथा सैंपल की रिपोर्ट आने से पहले बरामदगी वाले प्रतिष्ठानों को सील कर दिया। 30 सितंबर को कोटपूतली (राजस्थान) के विराटनगर में बड़ी कार्रवाई करते हुए अधिकारियों ने एक पिकअप से 1100 किलो सिंथेटिक पनीर बरामद करके उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया और एक आरोपी को हिरासत में लिया।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध, घी तथा पनीर जैसे खाद्य पदार्थों में मिलावट से पाचन तंत्र, लिवर तथा किडनी पर सीधा असर पड़ता है। मिलावटी वस्तुएं खाने से अनेक गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। मिलावटी घी तथा पनीर के सेवन से कैंसर तक भी हो सकता है।

प्रसंगवश

ज़ोहो: मजदूरी से असली IT क्रांति तक का सफर

आईटी सेक्टर के आने पर कहा गया था कि भारत में तकनीकी क्रांति आ गई है, लेकिन सच यह है कि वह ज़्यादातर आईटी मजदूरी की क्रांति थी, जहां भारतीय युवा पश्चिमी कंपनियों के लिए कोडिंग और सपोर्ट का काम करने लगे। मेहनत हमारी थी, मगर मालिकाना हक किसी और का था। श्रीधर वेंबू ने इस मानसिकता को चुनौती दी। उनकी कंपनी ज़ोहो सिर्फ एक बिजनेस मॉडल नहीं, बल्कि यह इस सोच की क्रांति है कि तकनीक का केंद्र गांव भी बन सकते हैं और प्रतिभा डिग्री या अंग्रेजी की मोहताज बिल्कुल नहीं।

वेंबू अमेरिका में रहकर करोड़ों कमा सकते थे, लेकिन उन्होंने ठान लिया कि अगर रोजगार गांव तक नहीं जा रहा, तो हम ही उद्योग गांव तक ले जाएंगे। जहां बाकी आईटी कंपनियां बड़े शहरों में टॉवर बना रही थीं, वहीं ज़ोहो ने तमिलनाडु के छोटे कस्बों और गांवों में दफ्तर खोले। वहां के युवाओं को ज़ोहो ने बिना डिग्री, बिना अंग्रेजी और महंगे कॉलेज के बिना खुद ट्रेनिंग देकर काम दिया। आज ज़ोहो के हजारों कर्मचारी ऐसे गांवों से आते हैं, जिनका आईटी से कोई संबंध पहले नहीं था।

उपेंद्र चौधरी

वरिष्ठ पत्रकार

ज़ोहो ने तीन बड़े बदलाव किए। असली टैलेंट की पहचान की। गांव के युवाओं को सिखाकर इंटरनेशनल प्रोडक्ट बनवाए गए। आउटसोर्सिंग नहीं, अपना प्रोडक्शन किया जाए। ज़ोहो ने माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसी कंपनियों को टक्कर देने वाले सॉफ़्टवेयर खुद तैयार किए। गांवों में रोजगार और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया जाए। इसके लिए शहरों को बोझ से बचाकर विकास को गांवों तक पहुंचाया गया।

जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर भारी टैरिफ लगाए, तो दुनिया की टेक कंपनियों में हड़कंप मच गया। सप्लाई चेन से लेकर सर्विस डिलीवरी तक सब पर असर पड़ा। कई कंपनियों ने लागत बढ़ने की वजह से विस्तार रोक दिया, लेकिन ज़ोहो ने इस संकट को मौका बना लिया। अमेरिकी और यूरोपीय कंपनियां चीन के विकल्प खोजने लगीं। ऐसे में भारत एक भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरा। फिर ज़ोहो जैसे स्वदेशी और स्वतंत्र मॉडल की ओर दुनिया का ध्यान गया।

ज़ोहो ने इस दौरान बिना विदेशी निवेश और किसी दबाव के अपने सॉफ्टवेयर प्रोडक्ट्स को अमेरिका, यूरोप और एशिया के बाजारों में मज़बूती से स्थापित किया। यहीं से यह साबित हुआ कि भारत सिर्फ 'बैक ऑफिस' नहीं, बल्कि नए वैश्विक समाधान का निर्माता है और उस निर्माण की जड़ें गांव में भी हो सकती हैं।

अभी तक भारतीय आईटी सेक्टर की पहचान यही थी कि 'काम हम करें, मालिकाना हक उनका हो।' वेंबू ने इसे उलट दिया। बिना विदेशी फंड और बिना शेयर मार्केट के दबाव के ज़ोहो आज 190 से ज़्यादा देशों में सेवाएं दे रहा है। अब यह संभव है कि सरकारी स्कूल का बच्चा ग्लोबल सॉफ्टवेयर बनाए। गांव की लड़की अंतर्राष्ट्रीय टीम संभाले। बिना एमबीए और आईआईटी के लोग प्रोडक्ट डिज़ाइनर बनें। कंपनी विदेशी निवेश के बिना भी बढ़े। यह दान नहीं, दूरदर्शी आत्मनिर्भरता के बूते संभव है।

पहली आईटी लहर ने भारत के शहरों को काम दिया। ज़ोहो वाली यह लहर भारत के गांवों को आत्मविश्वास दे रही है। इतना ही नहीं यह निम्नलिखित तीन मिथक को भी तोड़ती है। पहली, नवाचार सिर्फ शहरों में होता है। दूसरा टैलेंट की भाषा सिर्फ़ अंग्रेजी है और तीसरा सफलता के लिए निवेशक ज़रूरी हैं। ज़ोहो ने यह दिखाया कि लाभ, उत्पाद और अपना देसी मानव संसाधन को साथ लेकर भी विश्वस्तरीय सफलता हासिल की जा सकती है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

बजट फ्रेंडली ईवी स्कूटर

पेट्रोल के बढ़ते दामों और पर्यावरण संकट को देखते हुए बीते कुछ सालों से भारतीय ऑटो मार्केट में इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की डिमांड बढ़ती जा रही है। ऑटो कंपनियां भी अब स्टाइल से लेकर परफॉर्मेंस और पर्सनालिटी के बेहतरीन कॉम्बिनेशन वाले नए-नए मॉडल्स पेश कर रही हैं, जिससे इलेक्ट्रिक स्कूटर्स पर स्विच करने वालों को अब बजट, स्पीड या फिर फीचर्स को लेकर समझौता नहीं करना पड़ रहा है। ऐसे में अगर आप भी इलेक्ट्रिक स्कूटर्स खरीदने की प्लानिंग कर रहे हैं, तो आज हम आपको 2025 के पांच ऐसे स्कूटर्स के फीचर्स के बारे में बताएंगे, जो आपके और आपके पॉकेट के लिए बेस्ट रहेंगे।

एथर 450 एस

एथर 450 एस एक स्मार्ट, फीचर-लोडेड और प्रीमियम इलेक्ट्रिक स्कूटरों में से एक है। इस स्कूटर में कंपनी ने 2.9 केडब्ल्युएच का बैटरी पैक दिया है, जो एक एफिशिएंट मोटर के साथ आता है। इस मॉडल की मोटर 5.4 केडब्ल्यु बैटरी की पावर और 22 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह करीब 115 किमी की क्लेम्ड रेंज और 90 किमी प्रति घंटे की स्पीड देता है। इसकी कीमत कि बात करें तो, इस मॉडल की कीमत वेरिएंट और जगह के हिसाब से अलग-अलग है। इस मॉडल की एक्स-शोरूम कीमत 1,20,841 से 1.44 लाख रुपये है। इसमें 7-इंच का कलर एलसीडी डिस्प्ले दिया गया है। स्कूटर का डीपव्यू डिस्प्ले रीयल टाइम नेविगेशन, राइड मोड और कनेक्टेड फीचर्स ऑफर करता है।

हीरो विडा वी 2 प्रो

हीरो विडा वी 2 प्रो 3.94 केडब्ल्युएच बैटरी और 6 केडब्ल्यु मोटर से लैस है, जो 25 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। हीरो का यह स्कूटर सिंगल चार्ज में 165 किमी रेंज ऑफर करता है, जिसकी टॉप स्पीड 90 किमी प्रति घंटे है। इसमें रिमूवेबल बैटरी है, जिसे आप घर या ऑफिस कहीं भी आसानी से चार्ज कर सकते हैं। इसके अलावा इसमें 4 राइड मोड, रिजेनरेटिव ब्रेकिंग और एक बड़ा टीएफटी डिस्प्ले जैसे फीचर्स हैं। इसे आप 1.20 लाख की शुरुआती कीमत पर खरीद सकते हैं। हालांकि जगह के अनुसार कीमत बदल सकती है।

टीवीएस ऑरबिटर

टीवीएस ऑरबिटर एक किफायती और फीचर से लैस इलेक्ट्रिक स्कूटर है, जो एक बार चार्ज करने पर लगभग 115-158 किमी की रेंज कवर करता है। साथ ही 3.1 केडब्ल्युएच बैटरी और मिड-माउंटेड मोटर द्वारा ऑपरेटेड 68 किमी प्रति घंटे की टॉप स्पीड देता। फीचर्स की बात करें

तो एक मल्टी-कलर इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ आता है। यह ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, हिल-होल्ड असिस्ट, क्रूज कंट्रोल, यूएसबी चार्जिंग, टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन, थेफ्ट अलर्ट और ओटीए अपडेट सहित कई फीचर्स हैं। इसके अलावा यह 34 लीटर अंडरसीट स्टोरेज कैपेसिटी भी ऑफर करता है, जो दो हाफ फेस हेलमेट और डुअल राइड मोड को स्टोर करने में सक्षम है। इसकी एक्स शोरूम कीमत 99,000 रुपये है। जगह के अनुसार कीमत में बदलाव हो सकता है।

बजाज चेतक 3501

बजाज चेतक 3501 की 3.5 केडब्ल्युएच बैटरी 153 किमी तक चलती है। स्कूटर की टॉप स्पीड 73 किमी प्रति घंटे है। इसमें 35 एल अंडर सीट कैपेसिटी, एंटी थेफ्ट अलर्ट, ओवरस्पीड अलर्ट, आईपी 67-रेटेड बैटरी पैक और स्मार्टफोन कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं। इस स्कूटर की शुरुआती कीमत 1.22 लाख रुपये है। जगह के अनुसार गाड़ी की कीमत में बदलाव हो सकता है।

डैशकैम : सड़क सुरक्षा का स्मार्ट तरीका

भारत में सड़कों पर गाड़ियों की बढ़ती संख्या के साथ ही सड़क हादसों के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे माहौल में कार मालिकों के लिए अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यही वजह है कि अब लोग अपनी गाड़ियों में डैशकैम लगवाने की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं। यह छोटा सा कैमरा अब सिर्फ एक्सेसरी नहीं, बल्कि एक जरूरी सुरक्षा उपकरण बन चुका है। डैशकैम न सिर्फ आपकी ड्राइविंग को सुरक्षित बनाता है, बल्कि किसी भी विवाद में आपका मौन गवाह साबित होता है। यह एक बार का निवेश है, जो लंबी अवधि में आपकी सुरक्षा और मानसिक सुकून दोनों सुनिश्चित करता है।

क्या है डैशकैम

डैशकैम एक छोटा डिजिटल कैमरा होता है, जिसे आमतौर पर कार के डैशबोर्ड या विंडशील्ड पर लगाया जाता है। यह ड्राइविंग के दौरान लगातार वीडियो रिकॉर्ड करता है। किसी एक्सीडेंट, ट्रैफिक विवाद या सड़क पर हुई दुर्घटना की स्थिति में फुटेज महत्वपूर्ण सबूत के तौर पर काम आते हैं। कई देशों में डैशकैम फुटेज को कानूनी साक्ष्य के रूप में स्वीकार किया जाता है और अब भारत में भी इसके उपयोग को लेकर जागरूकता तेजी से बढ़ रही है।

क्यों जरूरी है कार में डैशकैम

डैशकैम का सबसे बड़ा फायदा यह है कि सड़क हादसे में अक्सर यह तय करना मुश्किल होता है कि गलती किसकी थी। ड्राइवर की या सामने वाले की। ऐसे में डैशकैम की वीडियो रिकॉर्डिंग विवाद को सुलझाने में निर्णायक साबित होती है। साथ ही यह इंश्योरेंस क्लेम प्रक्रिया को भी आसान बनाता है। कई बार कार पार्किंग में खरोंच लग जाए या कोई वाहन टकरा जाए, तो डैशकैम फुटेज से जिम्मेदारी तय करने में मदद मिलती है।

टिप्स

डैशकैम खरीदने से पहले जानें ये जरूरी बातें

हाई वीडियो क्वालिटी

कैमरे की रिजॉल्यूशन कम से कम फुल एचडी (1080 एमपी) या उससे बेहतर होनी चाहिए ताकि नंबर प्लेट और सड़क की डिटेल्स साफ दिखें।

स्टोरेज कैपेसिटी

बड़ी मेमोरी सपोर्ट वाला डैशकैम चुनें, जिससे पुरानी रिकॉर्डिंग को बार-बार डिलीट न करनी पड़े। कई मॉडल्स में लूप रिकॉर्डिंग फीचर होता है, जो पुराना डेटा खुद ही ओवरराइट कर देता है।

बैटरी और पावर सपोर्ट

सुनिश्चित करें कि कैमरे में अच्छा बैटरी बैकअप हो या वह कार के पावर सॉकेट से सीधे जुड़ सके।

जीपीएस और कनेक्टिविटी फीचर्स

जीपीएस वाला डैशकैम लोकेशन और स्पीड डेटा के साथ वीडियो सेव करता है। वहीं, वाई-फाई या ब्लूटूथ सपोर्ट से फुटेज मोबाइल में आसानी से ट्रांसफर किया जा सकता है।

नाइट विजन और वाइड एंगल लेंस

कम रोशनी में भी साफ रिकॉर्डिंग के लिए नाइट विजन और वाइड एंगल व्यू (120-170 डिग्री) वाले कैमरे ज्यादा कारगर रहते हैं।

डबल चैनल रिकॉर्डिंग

अगर बजट अनुमति देता है, तो फ्रंट और रियर दोनों व्यू रिकॉर्ड करने वाला डैशकैम खरीदें। इससे पीछे से होने वाली टक्करें भी रिकॉर्ड हो जाती हैं।



कार नहीं दे रही मनचाहा माइलेज अपनाएं ये उपाय

आज के समय में कार सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी है। भारत में लाखों लोग हर दिन कार से सफर करते हैं, लेकिन अक्सर उनकी शिकायत होती है कि गाड़ी का माइलेज उम्मीद से कम मिलता है। अक्सर सर्विस सेंटर जाकर भी कई बार कोई खास सुधार नहीं दिखता। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर बिना कोई अतिरिक्त खर्च किए कार का एवरेज कैसे बढ़ाया जा सकता है। आइए आपको बताते हैं कुछ आसान और असरदार टिप्स, जिसको अपनाकर आप अपनी कार का माइलेज बढ़ा सकते हैं।

नियमित सर्विस

आप अगर अपनी कार से अच्छा माइलेज चाहते हैं, तो उसकी सर्विसिंग में लापरवाही न करें। समय पर सर्विस न कराने से इंजन ऑयल खराब हो जाता है और ऑयल फिल्टर चोक होने लगता है। इससे इंजन पर दबाव बढ़ता है और फ्यूल खपत भी ज्यादा होती है। समय पर सर्विस कराने से इंजन की परफॉर्मेंस बनी रहती है और माइलेज बेहतर होता है।

टायर प्रेशर पर ध्यान दें

कार के टायरों में सही मात्रा में हवा होना माइलेज के लिए बेहद जरूरी है। अगर टायरों में हवा कम है, तो इंजन पर ज्यादा लोड पड़ता है और गाड़ी को चलाने में अधिक फ्यूल लगता है। इसलिए हफ्ते में एक बार टायर प्रेशर जरूर चेक करें और कंपनी द्वारा बताई गई सीमा के अनुसार हवा भरवाएं।

कंट्रोल स्पीड में चलाएं कार

गाड़ी को बहुत तेज चलाना ईंधन की खपत को बढ़ा देता है। बेहतर होगा कि कार को हमेशा नियंत्रित और नर्माल स्पीड में चलाएं। आमतौर पर 60 से 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार सबसे संतुलित मानी जाती है। इस स्पीड पर इंजन कम पावर लेता है और कार अच्छा एवरेज देती है।

बदलें छोटी-छोटी आदतें

ड्राइविंग के दौरान अचानक ब्रेक लगाना, ज्यादा एक्सीलेरेटर देना या क्लच को लगातार दबाए रखना। ये सब गलत आदतें हैं, जो माइलेज कम करती हैं। इसके अलावा, अगर कार लंबे समय तक खड़ी है, तो इंजन बंद कर दें। इससे फ्यूल बचेगा और एवरेज में सुधार होगा।

25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ेगा पर्यटन क्षेत्र

भोपाल। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पर्यटन क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 20 लाख करोड़ रुपये का योगदान देता है और इसके सालाना 25 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने की उम्मीद है। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने शनिवार को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित एमपी ट्रैवल मार्ट को संबोधित कर रहे थे।

अमृत विचार

बरेली, सोमवार, 13 अक्टूबर 2025

www.amritvichar.com

कारोबार

बिजनेस ब्रीफ

फ्लिपकार्ट को फेमा केस बंद करने का प्रस्ताव

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फ्लिपकार्ट को फेमा उल्लंघन का मामला बंद करने का प्रस्ताव दिया है। इसके लिए ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी को अपनी गलती स्वीकार करनी होगी और जुर्माना भरना होगा। ईडी ने पिछले हफ्ते फ्लिपकार्ट को फेमा (विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम) के कंपाउंडिंग नियमों के तहत यह विकल्प दिया था। एक सूत्र ने बताया कि ईडी ने फ्लिपकार्ट को कंपाउंडिंग का विकल्प दिया है। ईडी ने फ्लिपकार्ट से अपनी गलती स्वीकार करने, जुर्माना भरने और उससे जुड़े विक्रेता नेटवर्क को खत्म करने को कहा है।

भारत से 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात

नई दिल्ली। भारत ने इस साल सितंबर तक समाप्त हुए चीनी विपणन सत्र में लगभग 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है। चीनी व्यापार संगठन ऑल इंडिया शुगर ट्रेड एसोसिएशन (एआईएसटीए) ने रविवार को यह जानकारी दी। चीनी का विपणन सत्र अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। 2024-25 के लिए भारत में चीनी निर्यात की अनुमति 20 जनवरी 2025 को दी गई थी, जिसमें कुल 10 लाख टन चीनी निर्यात करने की मंजूरी शामिल थी। एआईएसटीए के अनुसार, मिलों ने 2024-25 के विपणन सत्र के फरवरी से सितंबर के बीच कुल 7.75 लाख टन चीनी का निर्यात किया है।

फिलिप्स भारत में लाएगी वैश्विक उत्पाद

मुंबई। वैश्विक स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी कंपनी फिलिप्स भारत में अपने पुरुष सौंदर्य और मातृ एवं शिशु देखभाल उत्पादों की श्रृंखला को मजबूत करना जारी रखेगी। इसके अलावा वह घरेलू बाजार में अपने वैश्विक उत्पादों की पेशकश को भी आगे बढ़ाएगी। फिलिप्स इंडिया ने यह भी कहा कि बाजार में उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की ओर रुझान तेजी से बढ़ रहा है और कंपनी प्रीमियम खंड में 75 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देख रही है। फिलिप्स पर्सनल हेल्थ के प्रमुख स्मित शुक्ला ने कहा कि हम पुरुषों की देखभाल और मां-बच्चे की देखभाल से जुड़े उत्पादों को नवाचार और सुधारों के साथ लगातार बेहतर बनाते रहेंगे।

स्वदेशी एआई को वित्तीय डेटा उपलब्ध कराएगा आईसीएआई

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ योजना पर चल रही बातचीत

कैंडोलिम (गोवा), एजेंसी

चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का शीर्ष निकाय, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई), भारत के स्वदेशी कृत्रिम मेधा (एआई) मॉडल को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (मेइटी) के साथ बातचीत कर रहा है। मंत्रालय देश का अपना बड़ा भाषा मॉडल (एलएलएम) विकसित करने के लिए काम कर रहा है। आईसीएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि संस्थान भारत में विकसित किए जाने वाले एलएलएम (बड़े भाषा मॉडल) को सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय और आर्थिक आंकड़े उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। आईसीएआई के चार लाख से अधिक सदस्य हैं।

अधिकारी ने बताया कि हम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के साथ बातचीत कर रहे हैं। आईसीएआई का प्रस्ताव है कि भारत में विकसित किए जा रहे एलएलएम को वित्तीय और आर्थिक डेटा उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने बताया कि संस्थान के पास कंपनियों के बही-खाते, ऑडिट रिपोर्ट जैसी प्रमाणित जानकारी है, जो एआई मॉडल के लिए उपयोगी हो सकती है। आईसीएआई का कहना है कि वे प्रामाणिक और सटीक वित्तीय डेटा देने में सक्षम हैं।

घरेलू एमडीपी के वित्तपोषण पर बन रही रिपोर्ट

देश में बड़ी स्वदेशी बहु-विषयक साझेदार फर्म (एमडीपी) की स्थापना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आईसीएआई एक रिपोर्ट तैयार कर रहा है। यह रिपोर्ट ऐसी फर्मों को वैश्विक स्तर पर अपनी क्षमताएं बढ़ाने के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराने पर केंद्रित होगी। विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के तहत सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि देश में ऐसी बहु-विषयक साझेदार फर्म तैयार की जाएं जो ऑडिटिंग और परामर्श सेवाओं को एक साथ प्रदान कर सकें और वैश्विक स्तर पर सक्रिय हों। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने रविवार को कहा कि सरकार के स्तर पर चर्चा हो रही है और संबंधित मुद्दों की समीक्षा की जा रही है। वैश्विक परामर्श और लेखा परीक्षा उद्योग का मूल्य लगभग 240 अरब अमेरिकी डॉलर है और इसमें विदेशी कंपनियों का दबदबा है। सरकार स्वदेशी पेशेवर सेवा क्षेत्र की बड़ी कंपनियां बनाने के प्रयास कर रही है, और विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते भारतीय कंपनियों के लिए विस्तार के नए अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।

दूरसंचार नेटवर्क विस्तार में स्थानीय प्राधिकरण बाधक

नई दिल्ली। दूरसंचार बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए जरूरी मंजूरियां देने में स्थानीय प्राधिकरणों की देरी, मनमाने शुल्क और असंगत प्रक्रियाओं के कारण डिजिटल नेटवर्क के विस्तार में बाधा आ रही है।

दूरसंचार राज्य मंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने शनिवार को यह बात कही। उन्होंने भारत मोबाइल कांग्रेस 2025 में राज्य के आईटी मंत्रियों के साथ एक बैठक में राज्य सरकारों से एकल खिड़की प्रणाली को चालू करने, समयबद्ध ढंग से मंजूरी देने, तर्कसंगत लागत आधारित शुल्क सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय निकायों के साथ सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने राज्य की आईटी नीतियों को नए विकास के साथ जोड़ने के लिए भी कहा। पेम्मासानी ने कहा कि राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन 2.0 ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं, जिसके तहत 2030 तक देश के सभी गांवों में 100 प्रतिशत ब्रॉडबैंड देने हैं।

महिला-पुरुष अंतर पाटने पर काम कर रहा एसबीआई

नई दिल्ली, एजेंसी

- महिला कर्मियों की संख्या 30 प्रतिशत करने का लक्ष्य

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने लैंगिक विविधता को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीति तैयार की है। बैंक का लक्ष्य पांच साल के भीतर अपने महिला कार्यबल को बढ़ाकर 30 प्रतिशत तक करने का है। एसबीआई के उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन) और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) किशोर कुमार पोलुदासु ने कहा कि अगर हम अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों की बात करें, तो महिलाएं लगभग 33 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल मिलाकर, वे कुल कार्यबल का 27 प्रतिशत हैं। इसलिए, हम इस प्रतिशत को बेहतर बनाने की दिशा में काम करेंगे ताकि विविधता और बेहतर हो सके।

उन्होंने कहा कि बैंक इस अंतर को पाटने और अपने कार्यबल में 30 प्रतिशत महिलाओं के अपने मध्यम अवधि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कदम उठा रहा है। एसबीआई के कुल कर्मचारियों की संख्या 2.4 लाख से अधिक है, जो देश के किसी भी संगठन और बैंकिंग उद्योग में सबसे अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि बैंक एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जहां महिलाएं सभी स्तरों पर आगे बढ़ सकें और लक्षित कार्यक्रमों के माध्यम से एसबीआई नेतृत्व, कार्य-जीवन संतुलन और कार्यस्थल पर सम्मान को बढ़ावा देता है।

पोलुदासु ने कहा कि बैंक कामकाजी माताओं के लिए क्रेश भत्ता प्रदान करता है। इसके अलावा मातृत्व अवकाश या विस्तारित बीमारी अवकाश से लौटने वाली महिला कर्मचारियों की सहायता के लिए परिवार संपर्क चलाता है।

निवेश को बढ़ावा देगा भारत-ब्रिटेन समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- विशेषज्ञ बोले-निर्यात के साथ कारोबार में भी होगी वृद्धि

भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौता देश के निर्यात को बढ़ावा देने और ब्रिटेन से निवेश आकर्षित करने में मदद करेगा। विशेषज्ञों ने यह राय जताई है। वृहद आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) पर 24 जुलाई को हस्ताक्षर किए गए थे और इसके अगले साल लागू होने की संभावना है।

डेलॉयट इंडिया के भागीदार गुलजार डिडवानिया ने कहा कि सीईटीए पर हस्ताक्षर से निर्यात को बढ़ावा मिलने, निवेश आकर्षित करने और कपड़ा, वाहन कलपुर्जा, जूते-चप्पल और फार्मास्युटिकल्स जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लगभग 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात के लिए शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच मिलने से भारत को लाभ होगा।

उन्होंने कहा कि समझौते का एक प्रमुख आकर्षण सेवा क्षेत्र भी है, जहां यह ब्रिटेन के बाजार में भारतीय आईटी, वित्तीय, स्वास्थ्य सेवा और पेशेवर सेवा प्रदाताओं के लिए व्यापक अवसर खोलेगा। इसके अतिरिक्त, डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता कुशल पेशेवरों की सुगम आवाजाही को सुगम बनाएगा, प्रतिभाओं की पारस्परिक मान्यता को बढ़ावा देगा और शिक्षा, नवोन्मेषण और अनुसंधान में सहयोग को मजबूत करेगा। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि यह समझौता 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 120 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा।

रल्हन ने कहा कि भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) प्रमुख क्षेत्रों, खासकर एमएसएमई और श्रम-प्रधान उद्योगों के लिए अभूतपूर्व अवसर खोलता है। यह न केवल शुल्क कम करता है, बल्कि सेवाओं और निवेश के लिए नियामकीय बाधाओं को भी कम करता है।

टाटा मोटर्स और मारुति की बाजार हिस्सेदारी बढ़ी

नई दिल्ली। टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी इंडिया की खुदरा बिक्री में पिछले महीने सालाना आधार पर बढ़ोतरी हुई है। वहीं दूसरी ओर सितंबर में हुंदै मोटर इंडिया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की बाजार हिस्सेदारी में गिरावट आई है।

- हुंदै और टोयटा किर्लोस्कर की घटी

टाटा की बाजार हिस्सेदारी पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़कर 13.75 प्रतिशत हो गई। पिछले साल टाटा ने 32,586 वाहन बेचे थे और कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 11.52 प्रतिशत रही थी। मारुति सुजुकी इंडिया ने सितंबर में कुल 1,23,242 वाहन बेचे, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 41.17 प्रतिशत हो गई। सितंबर, 2024 में कंपनी की बाजार हिस्सेदारी 40.83 प्रतिशत रही थी।

एनएसई पर रोज 17 करोड़ साइबर हमले

मुंबई, एजेंसी

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) को प्रतिदिन लगभग 17 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने को एक्सचेंज को चौबीसों घंटे काम करने के लिए 'साइबर योद्धाओं' की एक समर्पित टीम की आवश्यकता होती है। एनएसई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान एक दिन में सबसे अधिक 40 करोड़ साइबर हमलों का सामना करना पड़ा था। इसे डीडीओएस सिमुलेशन के रूप में डिजाइन किए गया था। हालांकि, साइबर हमलावर कर्मियों, मशीनों और उन्नत प्रौद्योगिकी के समन्वित प्रयासों के कारण कोई नुकसान नहीं पहुंचा पाए।

एनएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एक्सचेंज पर हर दिन लाखों साइबर हमले होते हैं। लेकिन हमारी तकनीकी टीमें, उनकी प्रणाली और तकनीक विशेष सॉफ्टवेयर का उपयोग करके चौबीसों घंटे इन हमलों का मुकाबला करती हैं। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों की संख्या प्रतिदिन 15 करोड़ से 17 करोड़ के बीच है, जिससे टीमों और प्रणालियों के लिए यह कार्य बेहद चुनौतीपूर्ण हो जाता है। दोनों साइबर सुरक्षा केंद्रों की तकनीकी टीमें लगातार सक्रिय रहती हैं और वित्तीय बाजार के बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर होने वाले हमलों को बेअसर करने और उन्हें रोकने के लिए उन्नत सॉफ्टवेयर से लैस हैं।

ट्रेडिंग सदस्यों की नियमित होती है ऑडिट

अधिकारी ने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष कर्मियों, मशीनों और तकनीक से युक्त मजबूत साइबर सुरक्षा संरचना, एनएसई के संचालन को सुरक्षित बनाती है। एनएसई ने अपने संचालन के लिए मजबूत आंतरिक साइबर सुरक्षा उपाय लागू किए हैं और एनएसई अकादमी के माध्यम से एक साइबर सुरक्षा बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चलाया जाता है। अधिकारियों के अनुसार, ट्रेडिंग सदस्यों को नियमित रूप से साइबर सुरक्षा और साइबर-जुझारू क्षमता ऑडिट करवाना पड़ता है, जिसके परिणाम एक्सचेंज को प्रस्तुत किए जाते हैं। सुरक्षा व्यवस्था में ई-मेल, बाहरी डेटा, पेन ड्राइव और डिस्ट्रिब्यूटिड डिनायल ऑफ सर्विस (डीडीओएस) हमलों से सुरक्षा के लिए सख्त प्रोटोकॉल शामिल हैं।

- योद्धाओं की टीम सुनिश्चित करती है निर्बाध परिचालन

आतिथ्य, यात्रा सेवाओं की मांग में जबर्दस्त उछाल

नई दिल्ली। दिवाली के लंबे सप्ताहांत से पहले इस त्योहारी मौसम में आतिथ्य और यात्रा सेवा प्रदाताओं की मांग में जबर्दस्त वृद्धि देखी जा रही है। शहरी और मनोरंजन स्थलों के लिए अच्छी बुकिंग दर्ज की गई है, और इंटरसिटी बस सेवाओं में बुकिंग का स्तर 95-100 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार मध्यम स्तर के होटल और मध्यम बाजार के घरेलू ग्राहकों के लिए एक प्रमुख प्रेरक के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे यात्रियों के लिए कम प्रसिद्ध स्थलों की खोज करना आसान हो गया है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि शुरुआती रुझानों से पता चलता है कि होटल में बुकिंग बढ़ी है। यह परिवार, दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और त्योहार मनाने के लिए यात्रियों के उत्साह को दर्शाता है।

राष्ट्रीय

संविधान ने सुनिश्चित किया है कि भारत मजबूत और एकजुट रहे

- महाराष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान प्रधान न्यायाधीश गवई बोले

रत्नागिरि, एजेंसी

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बीआर गवई ने रविवार को कहा कि संविधान ने यह सुनिश्चित किया है कि देश मजबूत और एकजुट रहे, जबकि पड़ोसी देश अशांति और उथल-पुथल का सामना कर रहे हैं।

महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले के मंडणगड तालुका में एक न्यायालय भवन का उद्घाटन करने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि यह भवन ऐसे क्षेत्र में बना है, जिसमें संविधान के मुख्य निर्माता और महान समाज सुधारक बाबासाहेब आंबेडकर का पैतृक गांव अंबावडे भी शामिल है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि युद्ध और शांति, दोनों ही स्थितियों में देश एकजुट रहा है और विकास के पथ पर अग्रसर रहा है। हमने आंतरिक आपातकाल भी देखा है, लेकिन हम मजबूत और एकजुट रहे हैं।

यह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के संविधान के कारण है, जो हमें उन पड़ोसी देशों से अलग करता है, जहां अशांति का माहौल है। श्रीलंका, बांग्लादेश और हाल में नेपाल में अशांति के कारण सरकारों में बदलाव हुआ है, साथ ही दंगों और आगजनी के कारण नागरिकों को बड़े पैमाने पर परेशानी का सामना करना पड़ा है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि कार्यपालिका और न्यायपालिका की शक्तियों के पृथक्करण के सिद्धांत से लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद की जाती है, फिर भी न्यायपालिका को सभी तक न्याय सुनिश्चित करने के लिए धन के संदर्भ में कार्यपालिका से सहयोग प्राप्त करना होता है। हाल में नासिक, नागपुर, कोल्हापुर और दरियापुर में न्यायालय भवनों का उद्घाटन हुआ है।

न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई

न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि पिछले 22 वर्षों में एक न्यायाधीश के रूप में, मैंने न्याय के विकेंद्रीकरण के लिए आवाज उठाई है और यह सुनिश्चित किया है कि कई न्यायिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं पूरी हों। मुझे सबसे अधिक संतोष कोल्हापुर सर्किट बेंच (मुंबई उच्च न्यायालय की) और यह मंडणगड न्यायालय भवन को देखकर हुआ है, जो दो वर्षों में बनकर तैयार हुआ है। इसे एक सपने के साकार होने जैसा बताते हुए प्रधान न्यायाधीश ने मंडणगड न्यायालय भवन परियोजना में तेजी लाने के लिए महाराष्ट्र सरकार को धन्यवाद दिया।

तस्कर से 2.82 करोड़ के सोने के बिस्कुट बरामद

कोलकाता। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास एक तस्कर को पकड़ा और उसके कब्जे से 20 किलोग्राम सोने के बिस्कुट जब्त किए। अर्धसैनिक बल द्वारा जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई।

शनिवार को जारी बयान में कहा गया कि होरंदीपुर सीमा चौकी पर तैनात बीएसएफ की 32वीं बटालियन को विश्वसनीय खुफिया जानकारी मिली कि सीमा के पास मुस्लिमपारा गांव का एक भारतीय नागरिक बांग्लादेश से लाए गए अवैध सोने की तस्करी होरंदीपुर इलाके से करने योजना बना रहा है। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात जवानों को सतर्क कर दिया गया। इसमें बताया गया कि शनिवार सुबह करीब छह बजे बीएसएफ जवानों ने बांस के घने जंगल के पीछे एक व्यक्ति को घूमते देखा।

लड़कियां रात में बाहर न घूमें : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार की घटना पर रविवार को दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए। कहा कि निजी कॉलेजों को छात्राओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। पुलिस को कड़ी से कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

दरअसल, दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा से सामूहिक बलात्कार मामले में भाजपा और अन्य विरोधी पार्टियां ममता सरकार पर सवाल उठा रही हैं। ओडिशा के सीएम ने भी बंगाल की सीएम से सख्त कार्रवाई करने की मांग की जिसके बाद ममता बनर्जी ने यह बयान दिया है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में मेडिकल छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार की कथित घटना को स्तब्धकारी करार दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बारिश और भूस्खलन की घटनाओं से प्रभावित उत्तर बंगाल में राहत एवं पुनर्वास कार्यों का जायजा लेने के लिए रवाना होने से पहले ममता ने कोलकाता हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार का ऐसी घटनाओं को कतई बर्दाश्त नहीं करने का रुख है। ममता ने कहा कि पीड़िता जिस संस्थान की छात्रा है, वह (संस्थान) भी इस घटना के लिए जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि निजी कॉलेजों को अपने परिसरों के भीतर और आसपास सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावास में रहने वाली छात्राओं, खासतौर पर राज्य के बाहर की छात्राओं को छात्रावास के नियमों का पालन करना चाहिए।

गैंगरेप मामले में तीन गिरफ्तार, एक हिरासत में

पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले में एक निजी मेडिकल कॉलेज की छात्रा से सामूहिक बलात्कार में संलिप्तता के आरोप में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस घटना में संदिग्ध भूमिका के कारण एक अन्य व्यक्ति को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों की पहचान अभी उजागर नहीं की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बेहद संवेदनशील मामला है और हम आगे की जानकारी बाद में देंगे। तीनों आरोपियों के मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि रविवार को पुलिस ने परानागंज काली बाड़ी श्मशान घाट से सटे जंगल में अपराध स्थल की घेराबंदी कर दी।

आरएटी की फिर जांच करेगी एयर इंडिया

मुंबई, एजेंसी

- डीजीसीए ने दिए निर्देश, बोइंग से भी मांगी रिपोर्ट

विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने एयर इंडिया से कहा है कि उन सभी विमानों में आरएटी (रैम एयर टर्बाइन) की दोबारा जांच की जाए, जिनके पावर कंडीशनिंग मॉड्यूल (पीसीएम) को एयरलाइन ने हाल में बदला है। सुरक्षा नियामक ने साथ ही अमेरिकी विमान विनिर्माता बोइंग से बिना कमांड वाले आरएटी की तैनाती के संबंध में लागू किए जाने वाले निवारक उपायों पर एक व्यापक रिपोर्ट मांगी है।

गौरतलब है कि हाल में एयर इंडिया 787 विमानों से जुड़ी दो घटनाओं में आरएटी प्रणाली सक्रिय हो गई थी। आमतौर पर विमान के दोनों इंजन, इलेक्ट्रॉनिक तंत्र और हाइड्रोलिक प्रणाली खराब होने पर आरएटी सक्रिय होता है। पायलटों के समूह फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने नागर विमानन मंत्री को एक पत्र लिखकर सरकार से एयर इंडिया के पूरे बी787 विमान बेड़े को उड़ान भरने से रोकने और एयरलाइन का विशेष ऑडिट करने का आग्रह किया है।डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एयर इंडिया को उन सभी विमानों के आरएटी की फिर से जांच करने की सलाह दी गई है, जिनके पीसीएम मॉड्यूल को हाल ही में बदला गया था। पीसीएम एक महत्वपूर्ण विद्युत घटक है, जो विमान की बिजली उत्पादन प्रणाली से विभिन्न ऑनबोर्ड प्रणालियों और उपकरणों में विद्युत शक्ति को भेजता और नियंत्रित करता है। बोइंग को पीसीएम मॉड्यूल में बदलाव के बाद दुनिया भर के विमान संचालकों से प्राप्त सेवा संबंधी किसी भी कठिनाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया है।

सबरीमला में सोना गायब होने में बोर्ड पर सवाल

कोच्चि। सबरीमला मंदिर के श्रीकोविल (गर्भगृह) से गायब हुए सोने को लेकर टीडीबी की सतर्कता रिपोर्ट ने 2019 के बोर्ड को सवालों के घेरे में ला दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि द्वारपालक (संरक्षक देवता) की मूर्तियों की सोना चढ़ी तांबे की चादरों को तत्कालीन बोर्ड के सदस्यों की जानकारी के बिना अतिरिक्त सोना चढ़ाए जाने के लिए चेन्नई ले जाना असंभव था। रिपोर्ट के आधार पर केरल उच्च न्यायालय ने विस्तृत जांच के लिए एक एसआईटी के गठन का निर्देश दिया था।

33 लाख छात्रों को पढ़ा रहे एकल-शिक्षक स्कूल

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश में ऐसे एक लाख विद्यालय, यूपी में सर्वाधिक छात्र नामांकित

देश भर में 33 लाख से ज्यादा छात्र एकल-शिक्षक वाले एक लाख से अधिक स्कूलों में नामांकित हैं। आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे अधिक है, जबकि इनमें से उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक छात्रों का नामांकन है।

शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में, देश में 1,04,125 स्कूल ऐसे थे जिनका संचालन एकल शिक्षक द्वारा किया जाता था, ऐसे स्कूलों में 33,76,769 छात्र नामांकित थे। यानी, औसतन प्रत्येक स्कूल में करीब 34 छात्र थे। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 प्राथमिक स्तर (कक्षा 1 से 5) पर 30:1 और उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) पर 35:1 का छात्र-शिक्षक अनुपात अनिवार्य करता है।

देश में सबसे अधिक 'एकल-शिक्षक' वाले स्कूल आंध्र प्रदेश में हैं, इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, एकल शिक्षक वाले स्कूलों में छात्रों के नामांकन के मामले में उत्तर प्रदेश इस सूची में शीर्ष पर है। उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्यप्रदेश का स्थान है। एकल शिक्षक वाले स्कूलों की संख्या 2022-23 के 1,18,190 से घटकर 2023-24 में 1,10,971 हो गई, जो लगभग छह प्रतिशत की गिरावट है।

शिक्षकों की तैनाती का किया जा रहा प्रयास

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सरकार स्कूलों के विलय और स्कूलों के एकीकरण, जिसे अक्सर स्कूलों का युक्तिकरण कहा जाता है, के माध्यम से उपलब्ध संसाधनों का सर्वोत्तम संभव उपयोग सुनिश्चित करने पर काम कर रही है। अधिकारी ने कहा कि एकल शिक्षक वाले स्कूल शिक्षण प्रक्रिया को बाधित करते हैं और इसलिए शिक्षकों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शून्य छात्र नामांकन वाले स्कूलों से एकल शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों को फिर से तैनात करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

वर्ल्ड ब्रीफ

सेशेल्स: पैट्रिक हर्मिनी होंगे नए राष्ट्रपति

विक्टोरिया। सेशेल्स में विपक्ष के नेता पैट्रिक हर्मिनी ने शनिवार को दूसरे चरण के मतदान में मौजूदा नेता वेवल रामकलावन को हराकर राष्ट्रपति पद का चुनाव जीत लिया। रविवार तड़के जारी आधिकारिक परिणाम के अनुसार, हर्मिनी को 52 .7 प्रतिशत वोट मिले, जबकि रामकलावन को 47 .3 प्रतिशत वोट मिले। हर्मिनी 'यूनाइटेड सेशेल्स पार्टी' का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने 2020 में सत्ता गंवाने से पहले चार दशकों तक देश का नेतृत्व किया था। रामकलावन ने लिनयोन डेमोक्रेटिक सेसेलवा पार्टी का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रपति पद के लिए दो सप्ताह पूर्व हुए मतदान में कोई स्पष्ट विजेता नहीं मिलने के बाद दूसरे चरण का मुकाबला हुआ था जिसमें मुख्य दावेदार रामकलावन और हर्मिनी थे।

सूडान : ड्रोन हमलों में 60 से ज्यादा की मौत

खार्तूम। पश्चिमी सूडान के एल फशर शहर में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स की ओर से ड्रोन हमलों में शनिवार को 60 से ज्यादा नागरिक मारे गए। एल फशर में प्रतिरोध समितियों के समन्वय ने एक बयान में कहा कि दार अल-अरक़म आश्रय स्थल को एक रणनीतिक ड्रोन और आठ से ज्यादा आग लगाने वाले बमों से निशाना बनाया गया, जिससे शवों के ढेर ऐसे बिखरे पड़े थे जिसका वर्णन करना मुश्किल है। एक चिकित्सा सूत्र ने बताया कि आरएसएफ ने सुबह दार अल-अरक़म आश्रय स्थल और ओमदुरमान इस्लामिक विश्वविद्यालय पर व्यवस्थित ड्रोन हमले किए, जिसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित 30 से ज्यादा नागरिक मारे गए।

चीनी दल ने फिलीपींस के जहाज को टक्कर मारी

मनीला। चीनी तट रक्षक के एक जहाज ने रविवार को विवादित दक्षिण चीन सागर में फिलीपीनी निवासियों के एक द्वीप के पास लंगर डाले फिलीपींस सरकार के एक जहाज पर पहले तो जोरदार पानी की बौछार की और फिर उसे टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि इस घटना में फिलीपींस के मछुआरों को सहायता प्रदान करने वाले मत्स्य बेड़े का हिस्सा रहे 'बीआरपी दातु पगबुया' जहाज के फिलीपीनी चालक दल के सदस्यों में से किसी को भी चोट नहीं आई। मनीला, बीजिंग और चार अन्य देशों के बीच लंबे समय से जारी क्षेत्रीय विवादों के बीच ताजा घटना में चीन के तट रक्षक बल ने फिलीपींस के कब्जे वाले थिटू द्वीप के पास पगबुया को निशाना बनाया।

नेपाल: सोने की तस्करी में पकड़े गए प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष महरा

कांठमांडू, एजेंसी

● महरा पर 8.5 करोड़ के सोने की तस्करी में लिप्त होने का है आरोप

नेपाल के प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष कृष्ण बहादुर महरा को सोने की तस्करी में कथित संलिप्तता को लेकर रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

नेपाल पुलिस के अनुसार, नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के 67 वर्षीय उपाध्यक्ष को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने ललितपुर मेट्रोपॉलिटन सिटी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि महरा को 8.55 करोड़ नेपाली रुपये मूल्य का सोना बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, जिसे तीन साल पहले त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रखा गया था। तब दुबई से आ रहे एक चीनी नागरिक को काठमांडू हवाई अड्डे पर इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट के अंदर छिपाकर सोने की तस्करी करने पर गिरफ्तार किया गया था। महरा को उस वक्त बाजार में सोना बेचने में आपराधिक गिरोहों और हवाई अड्डा के कुछ अधिकारियों की मदद में लिप्त पाया गया था। प्रतिनिधि सभा भारतीय लोकसभा की तरह नेपाल में संसद का निचला सदन होती है।

महाशक्तियों के बीच गहराता शीतयुद्ध

चीन और अमेरिका

विश्व की दो सबसे बड़ी महाशक्ति चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के मुख्य कारण तकनीकी और आर्थिक प्रतिस्पर्धा के साथ चीन की सैन्य शक्ति में वृद्धि है। चीन का दुर्लभ खनिजों पर नियंत्रण है। माना जा रहा है कि चीन ने तकनीकी वर्चस्व पर अमेरिका के नियंत्रण को रोकने के लिए ही दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है, क्योंकि इन खनिजों का उपयोग उन्नत प्रौद्योगिकियों के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। इसी वजह से व्यापार युद्ध में एक-दूसरे पर पहले से हावी होने की कोशिश कर रहे इन दोनों देशों के बीच एकाएक टकराव और बढ़ गया है। दुनिया में दुर्लभ खनिजों के उत्पादन में चीन का प्रभुत्व है और उसने इसके निर्यात पर सख्ती बढ़ाई है। अमेरिका ने जवाब में चीन पर 100% अतिरिक्त टैरिफ लगाया है जिसका चीन की निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ सकता है। इस नए टकराव ने वैश्विक अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है।

दुर्लभ खनिजों पर सख्ती क्यों

- चीन ने इन खनिजों के निर्यात पर सख्ती इसलिए बढ़ाई है ताकि वह अपनी भूराजनीतिक शक्ति बढ़ा सके और अमेरिका जैसे देशों पर दबाव डाल सके।
- यह जवाबी कार्रवाई भी है। अमेरिका ने चीन की कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए तो चीन ने महत्वपूर्ण खनिजों का निर्यात नियंत्रित करके दबाव बनाया।
- चीन का तर्क है कि ये खनिज सैन्य और नागरिक उपयोग दोनों तरह के उत्पादों में इस्तेमाल होते हैं। अमेरिका इनका सैन्य इस्तेमाल ज्यादा कर रहा है।
- चीन खनन से होने वाले प्रदूषण और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने का हवाला भी दे रहा है। हालांकि इसे उसका बहाना माना जा रहा है।

उत्पादन की स्थिति

- दुर्लभ खनिजों के उत्पादन पर हावी चीन वैश्विक उत्पादन के 61% का खनन करता है और विश्व के 92% से अधिक प्रसंस्करण को नियंत्रित करता है।
- हालांकि कुछ अन्य देशों में भी दुर्लभ खनिजों के भंडार हैं। अमेरिका के माउंटेन पास में एक खदान है, लेकिन यह वैश्विक मांग को पूरा नहीं कर सकती।
- दुर्लभ खनिजों पर चीन की एकाधिकार जैसी स्थिति ने वैश्विक आपूर्ति शृंखला को बहुत कमजोर बना दिया है, इस कारण दुनिया चीन पर निर्भर हो गई है।

चीन पर असर : भारी टैरिफ के कारण विदेशी कंपनियां चीन में निवेश करने से हिचकिचाएंगी।

तनाव के मुख्य कारण

- तकनीकी प्रतिस्पर्धा सबसे प्रमुख, दोनों देश सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य हाईटेक क्षेत्रों में वर्चस्व के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।
- आर्थिक प्रतिस्पर्धा के चलते अमेरिका चीन के बड़े व्यापार घाटे से चिंतित है और टैरिफ लगाकर चीन के निर्यात को काबू करने का प्रयास कर रहा है।
- अमेरिका की सुरक्षा चिंताएं भी एक कारण है। चीन की बढ़ती सैन्य शक्ति और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को लेकर अमेरिका की चिंता बढ़ रही है।

टकराव का दुनिया पर असर

- दुनिया की अर्थव्यवस्था इन दोनों देशों पर बहुत निर्भर है। इस टकराव से वैश्विक आपूर्ति शृंखला में बड़े व्यवधान आ सकते हैं, जिससे कई उद्योगों पर बुरा असर पड़ेगा।
- व्यापार युद्ध से वैश्विक स्तर पर आर्थिक विकास पर असर पड़ सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था में स्थिरता खत्म हो सकती है।
- निवेश में बदलाव की भी संभावना बढ़ेगी। कंपनियां स्वाभाविक रूप से निर्भरता कम करने के लिए चीन से बाहर वैकल्पिक उत्पादन स्थलों की तलाश करेंगी।

भारत के लिए संकेत

- भारत के लिए यह एक अवसर हो सकता है क्योंकि अमेरिका समेत कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए वैकल्पिक आपूर्ति शृंखला तलाश रहे हैं।
- भारत-अमेरिका हिंद महासागर में चीन की बढ़ती शक्ति का मुकाबला करना चाहते हैं। भारत को अमेरिका के साथ रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने का मौका मिलेगा।

गाजा युद्ध: मिस्र में हो रही शांति वार्ता में भाग लेने को भारत को भी निमंत्रण

ट्रंप और अब्देल फतेह करेंगे अध्यक्षता, यूएन महासचिव गुटेरेस भी लेंगे हिस्सा

काहिरा, एजेंसी

युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद गाजा में घरों को लौटते फिलिस्तीनी।

इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए मिस्र में सोमवार को आयोजित हो रहे शांति सम्मेलन में भारत सहित करीब 20 देशों और गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। गाजा पट्टी में शांति लाने के मकसद से मिस्र के मशहूर पर्यटक स्थल शर्म-अल-शेख में सोमवार को होने जा रहे इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस को भी न्योता भेजा गया है।

द टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के मुताबिक इस बेहद महत्वपूर्ण सम्मेलन में आमंत्रित किए गए देशों में भारत का नाम भी शामिल है। उसने सीसी के कार्यालय के हवाले से बताया कि यह शिखर सम्मेलन क्षेत्र में शांति के लिए ट्रंप के नजरिए और वैश्विक संघर्षों को खत्म करने की उनकी लगातार की जा रही कोशिशों के अनुरूप है। इसका मकसद गाजा में चल रही जंग को खत्म करना, पश्चिम एशिया में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय सहयोग एवं सुरक्षा का एक नया अध्याय शुरू करना है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने बताया कि शिखर सम्मेलन में गाजा में युद्ध समाप्त करने संबंधी एक दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। इस शिखर सम्मेलन को 'शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन-गाजा में युद्ध की समाप्ति के लिए समझौता' नाम दिया गया है। गुटेरेस के कार्यालय ने उनके इसमें भाग लेने की पुष्टि की है।

वार्ता के बाद हस्ताक्षर समारोह

ब्रिटेन सरकार का कहना है कि इस शिखर सम्मेलन में गाजा शांति योजना पर एक 'हस्ताक्षर समारोह' भी शामिल होगा, जो दो साल के संघर्ष और रक्तपात के बाद इस क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक मोड़ होगा। यह शिखर सम्मेलन हाल के दिनों में शर्म अल-शेख में गहन परोक्ष वार्ता के बाद इजराइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम और कैदियों की अदला-बदली पर बनी सहमति के बाद हो रहा है। बीते दो साल से चल रही इस जंग में 67,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

कई यूरोपीय नेता होंगे शामिल, भारत की ओर से जाएंगे कीर्तिवर्धन सिंह

इस सम्मेलन में अरब, मुस्लिम, एशियाई और यूरोपीय देशों के नेताओं को आमंत्रित किया गया है। उनके अलावा कई यूरोपीय नेताओं ने शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए मिस्र आने की पुष्टि कर दी है। इनमें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा भी उपस्थित रह सकते हैं। इनके अलावा ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन, जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय, बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भी इसमें शामिल होने की उम्मीद है। भारत की ओर से विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

क्या होगा आगे... कैदियों को रिहा करेगा हमास निरस्त्रीकरण और शासन पर जारी रहेगी वार्ता

इजराइली रिपोर्टों के अनुसार ट्रंप की योजना के मुताबिक समझौते की शर्तों के तहत इजराइली सेना ने गाजा के अंदर एक हद तक अपनी वापसी पूरी कर ली है। अगले तीन दिनों में हमास को अभी भी बंद सभी 48 कैदियों को रिहा करना होगा, जिनमें से लगभग 20 के जीवित होने का अनुमान है। उम्मीद है कि इजराइल और हमास ट्रंप की योजना के अगले चरणों पर चर्चा जारी रखेंगे, जिसमें हमास निरस्त्रीकरण, युद्धोत्तर प्रशासन और नए संघर्ष को रोकने के लिए सुरक्षा गारंटी जैसे विवादास्पद मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इस बीच युद्धविराम जारी रहेगा।

सबसे बड़ी नौका दौड़

इटली की ट्राइस्टे की खाड़ी में रविवार को हजारों लोगों ने पारंपरिक बारकोलाना रेगाटा में भाग लिया। यह दुनिया की सबसे बड़ी नौका दौड़ है जो हर साल अक्टूबर में होती है। इसे एक बड़े समुद्री उत्सव की तरह संगीत और मनोरंजन के साथ मनाया जाता है।

मिस्र में हुई कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत

काहिरा। मिस्र के लाल सागर स्थित शर्म अल शेख में रिसॉर्ट जाते समय शनिवार को एक कार दुर्घटना में कतर के तीन राजनयिकों की मौत हो गई।

अधिकारियों ने बताया कि शर्म अल-शेख से लगभग 50 किमी दूर एक वाहन के पलट जाने से दो अन्य राजनयिक घायल हो गए। कतर की प्रोटोकॉल टीम के ये राजनयिक हमास और इजराइल के बीच युद्ध विराम होने का जश्न मनाने शहर जा रहे थे। कतर ने मिस्र और अमेरिका के साथ मिलकर मध्यस्थता की थी। तुर्किये भी शर्म अल-शेख में हुई वार्ता में शामिल हुआ था। इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता लागू होने के बाद बंधकों और सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया गया।

चीन की अमेरिका को चेतावनी, 100% टैरिफ का कड़ा जवाब देंगे

बीजिंग, एजेंसी

● कहा- टैरिफ की धमकी देकर चीन के साथ नहीं बैठ सकता तालमेल

चीन ने दुर्लभ खनिज और ऐसी दूसरी वस्तुओं के निर्यात पर अंकुश से जुड़े फैसले का बचाव करते हुए इसे वैश्विक शांति की रक्षा के लिए एक वैध कदम बताया है, साथ ही अमेरिका को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीनी निर्यात पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाने की अपनी धमकी पर कायम रहते हैं तो वह इसका ठोस जवाब देगा।

चीन ने बृहस्पतिवार को दुर्लभ खनिज, लिथियम बैटरी और दुर्लभ खनिज आधारित सामग्री के खनन व प्रसंस्करण से संबंधित तकनीकों और उपकरणों के निर्यात पर नयी पाबंदियों की घोषणा की थी। तत्काल प्रभावी हुईं इन पाबंदियों के दायरे में उत्पादन प्रौद्योगिकियों का विदेशी हस्तांतरण भी आता है। बीजिंग ने कहा कि यह निर्णय इस चिंता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कुछ विदेशी कंपनियां सैन्य उद्देश्यों के लिए चीन से प्राप्त सामग्रियों का उपयोग कर रही हैं। चीन के इस कदम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने एक नवंबर से चीनी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसके बाद दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार युद्ध फिर से शुरू हो गया।

गलत रास्ता छोड़े और वार्ता से दूर करे मतभेद

चीन ने कहा, हम व्यापार युद्ध से नहीं डरते। अमेरिका अपनी गलत प्रथाओं को तुरंत सुधारे और दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच फोन कॉल के दौरान बनी महत्वपूर्ण सहमति का पालन करे और वार्ता और पारस्परिक सम्मान एवं समान परामर्श के माध्यम से व्यापार मतभेदों को हल करे। बयान में कहा गया, अगर अमेरिका गलत रास्ते पर जाने पर अड़ा रहता है तो चीन निश्चित रूप से अपने वैध अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाएगा।

ट्रंप की धमकी से जुड़े एक प्रश्न का उत्तर देते हुए चीनी वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को एक बयान में अमेरिका पर राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा को बढ़ाचढ़ाकर पेश करने का आरोप लगाया। कहा, जानबूझकर भारी टैरिफ लगाने की धमकी देना चीन के साथ तालमेल बिठाने का सही तरीका नहीं है।

ट्रंप का आदेश, जितना भी पैसा है उससे पहले सैनिकों को दें वेतन

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रक्षा मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी वित्त पोषण रुकने के कारण हुए 'शटडाउन' के बावजूद अमेरिकी सैनिकों को बुधवार को वेतन देने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करे।

ट्रंप ने कहा कि यह एक अल्पकालिक उपाय है जो उन लाखों संघीय कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा जिन्हें छुट्टी पर भेज दिया गया है। राष्ट्रपति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि वह इसलिए कदम उठा रहे हैं क्योंकि हमारे बहादुर सैनिकों को निर्धारित 15 अक्टूबर को उनका वेतन नहीं मिल पाएगा। ट्रंप ने डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं को दोषी ठहराते हुए कहा कि वह कमांडर-इन-चीफ के रूप में अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को 15 अक्टूबर को सैनिकों को वेतन दिलाने के लिए सभी उपलब्ध धनराशि का उपयोग करने का निर्देश दे रहे हैं।

यूक्रेन की पावर ग्रिड पर रूस ने फिर किया हमला

सर्दी से पहले यूक्रेन का ऊर्जा ढांचा ठप करने के अभियान के तहत बनाया निशाना

कीव, एजेंसी

जेलेंस्की ने की रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने की मांग

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, रूस हमारे शहरों और समुदायों के खिलाफ अपना हवाई आतंक जारी रखे हुए है, हमारे ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर रहा है। कहा, रूस ने पिछले सप्ताह यूक्रेन के खिलाफ 3,100 से अधिक ड्रोन, 92 मिसाइलें और लगभग 1,360 ग्लाइड बम दागे हैं। ज़ेलेंस्की ने रूसी तेल के खरीदारों पर और कड़े प्रतिबंध लगाने का भी आह्वान किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, रूसी तेल के खरीदार जो इस युद्ध को वित्तपोषित करते हैं, उनके के खिलाफ प्रतिबंध, टैरिफ और संयुक्त कार्रवाई, सभी मुद्दों पर बातचीत जारी रहनी चाहिए।

रूस ने रविवार रात यूक्रेन की पावर ग्रिड पर हमला किया ताकि सर्दियों से पहले यूक्रेनी ऊर्जा बुनियादी ढांचे को ठप कर दिया जाए। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब मॉस्को अमेरिका की ओर से यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें दिए जाने की संभावना पर गहरी चिंता जता चुका है।

कीव के क्षेत्रीय गवर्नर मायकोला कलाश्निक ने कहा कि क्षेत्र में एक सबस्टेशन पर रूसी हमलों में यूक्रेन की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी डीटीईके के दो कर्मचारी घायल हो गए। यूक्रेन के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि डोनेट्स्क, ओडेसा और चेर्निहीव क्षेत्रों में भी ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हमला किया गया। ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि उन्होंने यूक्रेन को टॉमहॉक मिसाइल उपलब्ध कराने के बारे में एक तरह से निर्णय ले लिया है, हालांकि उन्होंने इस बारे में विस्तार से कुछ नहीं बताया। यूक्रेन का एक वरिष्ठ प्रतिनिधिमंडल इस सप्ताह अमेरिका की यात्रा करने वाला है।

इस बीच, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने एक टिप्पणी में कहा, टॉमहॉक का विषय बेहद चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, यह वाकई एक बहुत नाटकीय क्षण है क्योंकि हर तरफ से तनाव बढ़ रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी सहयोगी एवं बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको ने भी रविवार को कहा कि उन्हें संदेह है कि अमेरिका यूक्रेन को टॉमहॉक क्रूज मिसाइलें देगा। मुझे लगता है कि हमें शांत रहने की जरूरत है।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 अक्टूबर, सोमवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 12 .24 तक तत्पश्चात अष्टमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- आर्द्रा 12 .26 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

मेष — आज नए मित्र बन सकते हैं। अपनी भावी योजनाओं को लेकर थोड़े कन्फ्यूज हो सकते हैं। धार्मिक यात्रा विशेष रूप से सुखद रहेगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति विश्वास बनाए रखें। व्यापार में उन्नति के अवसर मिलेंगे।

वृष — आज अपने व्यक्तिगत कार्यों को अत्यधिक महत्व देंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करने के लिए दिन उत्तम है। किसी महत्वपूर्ण बात को लेकर परिवार में चर्चा हो सकती है। परिजनों के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।

मिथुन — आज व्यवसाय को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। धन लाभ के बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे। विदेश से जॉब के अवसर मिलने की संभावना है। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। बुद्धिमान लोगों के बीच आपका दायरा मजबूत होगा।

कर्क — आज आपके ऊपर अत्यधिक जिम्मेदारियां रहेंगी। व्यवसाय में अपने खर्चों पर नियंत्रण करने का दबाव रहेगा। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाए रखें। वैवाहिक जीवन में थोड़ी उथल-पुथल होने की संभावना है।

सिंह — आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए काफी अच्छा रहेगा। आपके ऊपर पुराने ऋण को चुकाने का दबाव हो सकता है। आप कुछ नया सीखने को लेकर प्रेरित रहेंगे। संपत्ति के क्रय-विक्रय से बेहतरीन लाभ मिलेगा।

कन्या — आज गुप्त शत्रुओं की वजह से कुछ समस्या हो सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। दूसरों के झगड़ों में मध्यस्थता न करें। कारोबार में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रबंधन से जुड़े लोगों का काम बढ़ने वाला है।

तुला — आज महिलाओं का स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। विद्यार्थियों को शिक्षा में शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। संतान का व्यवहार आपके प्रति काफी अच्छा रहेगा। उच्च अधिकारियों से आपको बड़ा लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों का भरपूर आनंद लेंगे।

वृश्चिक — आज आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। मेहनत के बल पर आपको सफलता मिलेगी। वैवाहिक जीवन में तनाव होने की संभावना है। आपको कुछ कार्य ऐसे करने पड़ सकते हैं, जिनकी आपको अपेक्षा भी नहीं थी।

धनु — आज शाम को आपके कुछ काम बिगड़ सकते हैं। ऐसा भी हो सकता है कि आप जिनके साथ अच्छा करें वही आपको महत्व न दें। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं, तो आपको सफलता मिलेगी। नजदीकी व्यक्तियों के साथ किसी गंभीर विषय पर चर्चा करेंगे।

मकर — आज लोन से जुड़े हुए अटके काम शुरू हो सकते हैं। नए कारोबार की शुरुआत करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। विपरीत परिस्थितियों में फंसे लोगों की सहायता कर सकते हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

कुंभ — आज विवादों का समाधान निकल सकता है। अपने निर्णयों को दूसरों पर आरोपित न करें। किसी को उधार धन न दें। बेरोजगार लोगों को अपनी जॉब की चिंता हो सकती है। उच्च पदासीन लोगों के साथ अपना व्यवहार अच्छा रखें।

मीन — आज आयात-निर्यात के कारोबार में तेजी आएगी। नौकरी में अधिकारी वर्ग आपकी अनदेखी कर सकते हैं। अपनी जीवनशैली को सुधारने के लिए धन खर्च करेंगे। साहित्य और लेखन की दिशा में आपकी रुचि बढ़ सकती है।

सुडोकू-128

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

8				1	5			6
		2		3	7		5	
	1					3	2	
	9		8			5		
		6				4		
		7			2		1	
	3						8	
	2		1	6				
4	7							3

सुडोकू - 127 का हल

6	3	7	9	4	2	5	8	1
8	5	4	7	6	1	9	3	2
1	2	9	5	8	3	4	6	7
9	6	3	4	7	8	2	1	5
5	8	1	3	2	9	7	4	6
7	4	2	1	5	6	8	9	3
2	9	6	8	1	7	3	5	4
4	1	8	2	3	5	6	7	9
3	7	5	6	9	4	1	2	8

एसीए वीडीसीए स्टेडियम में मेरे नाम पर एक स्टैंड होना गर्व की बात है। मैं आंध्र प्रदेश सरकार और आंध्र प्रदेश क्रिकेट संघ को धन्यवाद देती हूं। विशाखापत्तनम का मेरे दिल में विशेष स्थान है, जहां मैने खेल को सीखने, अपने कौशल को निखारने के लिए घंटो मेहनत की है।
-पूर्व कप्तान मिताली राज

स्टेडियम

बरेली, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

हमें मैच को पांचवें दिन तक खींचना होगा: पियरे

नई दिल्ली : दिल्ली के फिरोजशाह कोटला मैदान पर खेले जा रहे तीसरे टेस्ट के शुरुआती तीन दिन तक पिच ज्यादातर बल्लेबाजों के लिए मददगार रही है। ऐसे में वेस्टइंडीज के बाएं हाथ के स्पिनर खारी पियरे को उम्मीद है कि उनकी टीम के पास मैच को पांचवें दिन तक ले जाने का मौका है। पियरे ने कहा मुझे लगता है कि पिच अभी भी अच्छी है, कभी-कभी गेंद स्पिन हो रही है। पियरे ने भारतीय स्पिनरों को विकेट लेने में हो रही परेशानी का जिक्र करते हुए कहा अगर पिच ऐसे ही बनी रही, तो हमारे बल्लेबाजों को टिकने और रन बनाने का भरपूर मौका मिलेगा। हम पांचवें दिन तक मैच खींच सकते हैं।अभी यह बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच है, लेकिन जैसे ही हम चौथे दिन के अंतिम सत्र या पांचवें दिन पहुंचेंगे, मुझे लगता है कि पिच काफी टूटेगी, गेंद नीची रहेगी और थोड़ा ज्यादा स्पिन भी करेगी।

पिच बल्लेबाजी के लिए आसान हो गई : डोएशे

नई दिल्ली : भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रेयान टेन डोएशे ने स्वीकार किया कि पिच के धीमा होने से बल्लेबाजी आसान हो गई है, जिससे भारतीय स्पिनरों को चौथे दिन काफी मेहनत करनी पड़ेगी। भारत ने रविवार को वेस्टइंडीज को फालोऑन खेलने पर मजबूर किया, पर जॉन कैंपबेल और शाई होप ने भारतीय स्पिनरों का डटकर सामना करते हुए दूसरी पारी को मजबूती दी। हमें लगा था कि पिच धीरे-धीरे और खराब होती जाएगी और दिन के अंत तक बल्लेबाजों के लिए मुश्किल बढ़ जायेगी पर ऐसा लग रहा है कि यह और भी धीमी हो गई है। गेंदबाजों के लिए अब गति हासिल करना चुनौतीपूर्ण हो गया है।

फॉलोऑन के बाद कैंपबेल और होप ने वेस्टइंडीज को संभाला

पारी की हार से बचने के लिए अभी 97 रन और बनाने होंगे, आज परिणाम आने की संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल और शाई होप के अर्धशतकों के साथ दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी के दम पर वेस्टइंडीज की टीम भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच को चौथे दिन खींचने में सफल रही।

वेस्टइंडीज फालोऑन मिलने के बाद रविवार को तीसरे दिन स्टंप्स तब अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 173 रन बना लिए। टीम को पारी की हार से बचने के लिए अभी और 97 बनाने होंगे। स्टंप्स के समय कैंपबेल 87 और होप 66 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। मैच में भारत का पलड़ा अब भी काफी भारी है लेकिन कैंपबेल की आत्मविश्वास से भरी पारी से दिन का तीसरा सत्र वेस्टइंडीज के नाम रहा। यह पूरी श्रृंखला का पहला ऐसा सत्र है जो वेस्टइंडीज के नाम रहा।

कैंपबेल ने 145 गेंद की पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। खासकर कुलदीप यादव के खिलाफ आक्रामक रूख अपनाया। उनकी और होप की साझेदारी से वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों का न्यूजीलैंड के आगामी दौरे से पहले हौसला बढ़ेगा। इससे पहले शुरुआती दो सत्र में कुलदीप ने अपनी कलात्मकता का नजारा पेश करते हुए पांच विकेट झटककर वेस्टइंडीज की पहली पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत पहली पारी में चार विकेट पर 140 रन से की लेकिन आधे घंटे के खेल के बाद कुलदीप ने शानदार गेंद पर शाई होप (36) को बोल्ड कर भारत के दबदबे को मजबूत किया। वेस्टइंडीज की पहली पारी 81.5 ओवर में 248 रन पर सिमटी।

पहली पारी में 270 रन की बढ़त होने के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान शुभमन गिल ने वेस्टइंडीज को फालोऑन करने को कहा। चाय के विश्राम से पहले मोहम्मद सिराज ने सपाट पिच पर तेगनारायण चंद्रपॉल (10) को और एक तेज शॉर्ट गेंद फेंकी, जो अपने पुल-शॉट पर नियंत्रण नहीं रख पाए। कप्तान शुभमन गिल ने डाइव लगाकर कैच लपक कर उनकी पारी का अंत किया।

एलिस अथानजे (सात) को वाशिंगटन सुंदर ने एक बेहतरीन ऑफ स्पिन लेती गेंद पर आउट किया। दूसरे सत्र की शुरुआत में जसप्रीत बुमराह ने खारी पियरे को बोल्ड कर मैच में पहली सफलता हासिल की। इसके बाद कुलदीप ने जेडेन सील्स को पगबाधा कर टेस्ट करियर के 15वें टेस्ट में पांचवीं बार पांच विकेट पूरे किये। दिन के शुरुआती सत्र में कुलदीप ने अपनी फिरकी के जादू से वेस्टइंडीज के मध्यक्रम को झकझोर दिया।

वेस्टइंडीज के जॉन कैंपबेल और शाई होप ने तीसरे दिन हार टाल दी। एजेंसी

वेस्टइंडीज

173/2 (दूसरी पारी) (49 ओवर)

जॉन कैंपबेल खेल रहे हैं	87
तेगनारायण का गिल बो सिराज	10
एलिस अथानजे बो सुंदर	07
शाई होप खेल रहे हैं	66

गेंदबाजी : सिराज 6-2-10-1, जडेजा 14-3-52-0, वाशिंगटन 13-3-44-1, कुलदीप 11-0-53-0, बुमराह 4-2-9-0, जायसवाल 1-0-3-0

जेडेन सील्स पर जुर्माना लगा

नई दिल्ली : वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडेन सील्स को भारत के खिलाफ यहां खेल जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन आईसीसी के लेवल एक आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके साथ ही उन्हें एक डिमेरिट अंक भी दिया गया है। यह घटना शुक्रवार को भारत की पहली पारी के 29वें ओवर में घटी जब सील्स ने गेंदबाजी करने के बाद गेंद को बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की ओर फेंक दिया जिससे गेंद उनके पैड पर लगी।

कुलदीप ने पांच विकेट लेते ही रचा इतिहास दिग्गजों की बराबरी की

नई दिल्ली, एजेंसी

कुलदीप यादव जब मैदान पर उतरते हैं, तो बल्लेबाजों के लिए मुसीबतें दूर नहीं होतीं। आज, भारत के बाएं हाथ के कलाई के जादूगर ने दिल्ली टेस्ट के तीसरे दिन अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में वेस्टइंडीज को स्तब्ध करते हुए, एक शानदार प्रदर्शन किया। सिर्फ 15 टेस्ट मैचों में, कुलदीप पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं, जो दिग्गज जॉनी वार्डल के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेते हैं, हालाँकि वार्डल ने यह कारनामा 28 मैचों में किया था। अब उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ी शीर्ष पर हैं, और कुलदीप इसे सम्मान की तरह मानते हैं। निर्णायक क्षण शानदार अंदाज में आया जब जेडन सील्स एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। कुलदीप की चतुराई से छिपाई गई गुगली, बल्ले के पास से फिसली, पैड से टकराई और स्टंप्स को चकनाचूर कर गई। सील्स ने रिव्यू लिया, लेकिन रीप्ले से कोई शक नहीं रहा कि वह आउट हो गए। सटीक। निर्दयी। विशुद्ध कलाकारी। उस विकेट ने कुलदीप के पांच विकेट पूरे कर दिए और हर बल्लेबाज को एक कड़ी चेतावनी दे दीः उनका सामना करना एक ऐसी जंग है जिसे आप हल्के में नहीं ले सकते।

15 टेस्ट मैचों में पांच बार पांच विकेट ले चुके हैं

19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से लिए 33 विकेट

सभी फॉर्मेट में है शानदार रिकॉर्ड

सभी फॉर्मेट में, कुलदीप तूफान की तरह हैं। चार टेस्ट मैचों में, उन्होंने 33.8 के स्ट्राइक रेट से 19 विकेट लिए हैं; 19 वनडे मैचों में, 27.3 के स्ट्राइक रेट से 33 विकेट; और टी20 में, नौ मैचों में 12.7 के स्ट्राइक रेट से 17 विकेट। यह किस्मत नहीं है-यह महारत है, कलात्मकता है, इसका पूरा पैकेज है। वेस्ट इंडीज ने कोशिश की, उन्होंने सचमुच कोशिश की, लेकिन कुलदीप ने उन्हें हर गेंद पर अंदाज़ा लगाने पर मजबूर कर दिया। फ्लाइट, टर्न, छकाना, सब कुछ उनके पास था। स्टेडियम में तालियाँ बजीं, टीम ने तालियाँ बजाईं, और कुलदीप ऐसे चले गए जैसे उन्होंने अभी-अभी यह बयान दिया हो: मैं यहां हूं। मैं घातक हूं। और मैं महान खिलाड़ियों में से एक हूँ। टेस्ट में अब भारत का पलड़ा भारी है, और कुलदीप का यह स्पेल उन प्रदर्शनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा जो सिर्फ़ मैच नहीं जिताते, बल्कि करियर भी तय करते हैं।

स्मृति मंधाना।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को तीन विकेट से हराया

विशाखापत्तनम, एजेंसी

ऐनाबेल सदरलैंड (पांच विकेट) और सोफी मोलिन्यू (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद एलिसा हीली (142) की शतकीय और एलिसा पैरी (नाबाद 47) की पारियों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला एकदिवसीय विश्वकप के मुकाबले में छह गेंदे शेष रहते भारतीय टीम को तीन विकेट से हरा दिया।

331 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए अलिसा हीली और फीबी लिचफिल्ड की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 85 रनों की साझेदारी की। 12वें ओवर में श्री चारणी ने चिलफिल्ड (40) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद दीप्ति शर्मा ने बेनी मूथ (चार) और उसके बाद श्री चारणी ऐनाबेल सदरलैंड (शून्य) को आउट कर मैच पर बनाने का प्रयास किया। हालांकि इस दौरान एक छोर थामे अलिसा हीली रन बनाती रही। 39वें ओवर में श्री चारणी ने अलिसा हीली को आउट किया। हीली ने 107 गेंदों में 21 चौके और तीन छक्के लगाते हुए 147 रनों की पारी खेली। एश्ली गार्डनर (45) को अमनजोत कौर ने बोल्ड आउट किया। तालिया मैक्ग्रा (12) को दीप्ति शर्मा तथा सोफी मोलिन्यू (18) को अमनजोत कौर ने आउटकर ऑस्ट्रेलिया को सातवां झटका देकर मैच को रोमांचक बना दिया। इसके बाद चोटिल होकर रिटायर्ड हुई एलिस पेरी मैच को बचाने मैदान में उतरी। 49वें ओवर की आखिरी गेंद पर एलिस पेरी ने छक्का लगाकर ऑस्ट्रेलिया को तीन विकेट से जीत दिला दी। पेरी ने 52 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (नाबाद 47) रन बनाये। किम गार्थ 14 रन बनाकर नाबाद रही। भारत के लिए श्री चारणी ने तीन विकेट लिये। अमनजोत कौर और दीप्ति शर्मा को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 155 रनों की शतकीय साझेदारी कर बड़े स्कोर की नींव रखी। 25वें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने शतक की ओर बढ़ रही स्मृति मंधाना को आउटकर भारत को पहला झटका दिया। स्मृति मंधाना ने 66 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए 80 रनों की पारी खेली। इसके बाद 31वें ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड ने प्रतिका रावल 75 को अपना शिकार बना लिया।

रावल ने अपनी पारी में 10चौके और एक छक्का लगाया। कप्तान हरमनप्रीत कौर (22), हरलीन देओल (38), जेमिमाह रोड्रिग्स (33), रिचा घोष (32) और अमनजोत कौर 16 रन बनाकर आउट हुई। सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम को 48.5 ओवर में 330 के स्कोर पर रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर ऐनाबेल सदरलैंड ने पांच विकेट लिये। सोफी मोलिन्यू को तीन विकेट मिले। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली व एलिसा पैरी ने शानदार पारी खेली। एजेंसी

भारत

330/10 (48.5 ओवर)

प्रतिका का पैरी बो सदरलैंड	75
मंधाना का लिचफील्ड बो मोलिनू	80
हरलीन का सदरलैंड बो मोलिनू	38
हरमनप्रीत का मोलिनू बो शूट	22
जेमिमा का मूनी बो सदरलैंड	33
रिचा घोष का सब बो सदरलैंड	32
अमनजोत का मोलिनू बो गार्डनर	16
दीप्ति शर्मा का मूनी बो मोलिनू	01
स्नेह राणा नाबाद	08
क्रांति गौड़ का सब बो सदरलैंड	01
श्री चरणी बो सदरलैंड	00

गेंदबाजी : किम गार्थ 5-0-35-0, मेगान शूट 6.1-0-37-1, एशले गार्डनर 7-0-40-1, सोफी मोलिनू 10-1-75-3, अनाबेल सदरलैंड 9.5-0-40-5, तहलिया मैकग्रा 4.5-0-43-0, अलाना किंग 6-0-49-0

अंक तालिका

देश	मैच	जीत	हार	अनिर्णीत	अंक	रन रेट
ऑस्ट्रेलिया	4	3	0	1	7	1.353
इंग्लैंड	3	3	0	0	6	1.864
भारत	4	2	2	0	4	0.682
द.अफ्रीका	3	2	1	0	4	-0.888
न्यूजीलैंड	3	1	2	0	2	-0.245
बांग्लादेश	3	1	2	0	2	-0.357
श्रीलंका	3	0	2	1	1	-1.526
पाकिस्तान	3	0	3	0	0	-1.887

दक्षिण अफ्रीकी टीम जीत की लय जारी रखने उतरेगी

समय अपहान 3:00 बजे से

विशाखापत्तनम : दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार दो जीत से महिला वनडे विश्व कप में अपने अभियान को शानदार अंदाज में पटरी पर लाने के बाद सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश करेगी। अपने पहले मैच में इंग्लैंड से 10 विकेट की करारी हार झेलने के बाद दक्षिण अफ्रीका महिला टीम ने न्यूजीलैंड और मेजबान भारत पर दमदार जीत दर्ज कर शानदार वापसी की है। इन दो जीतों से टीम का आत्मविश्वास काफी बढ़ गया है। टीम अंक तालिका में चौथे (-0.888 के नेट रन रेट के साथ) स्थान पर है।

कप्तान लॉरा वोल्वार्ड्ट, मारिजन काप, ताजमिन ब्रिट्स, सुने लुस और अयाबोंगा खाका जैसी खिलाड़ियों से सजी द.अफ्रीका की टीम कागजों पर काफी मजबूत नजर आती है। इंग्लैंड के खिलाफ 69 रनों पर ऑल आउट होने के बाद, उनका शीर्ष क्रम शानदार फॉर्म में है। ब्रिट्स और लुस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

अरशद नदीम के कोच पर लगा आजीवन प्रतिबंध

लाहौर : पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक एथलीट अरशद नदीम के लंबे समय से कोच सलमान इकबाल पर रविवार को देश के एथलेटिक्स महासंघ ने पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने के आरोप में आजीवन प्रतिबंध लगा दिया। वह इस संघ के अध्यक्ष हैं।

आजीवन प्रतिबंध के तहत इकबाल किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि में भाग नहीं ले सकते और कोचिंग भी नहीं दे सकते हैं और किसी भी स्तर पर कोई पद पर काबिज नहीं हो सकते हैं। पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (पीएएएफ) ने इकबाल पर पंजाब संघ के चुनाव कराकर उल्लंघन करने का आरोप लगाया है जो अगस्त में हुए थे। सितंबर में एक जांच समिति का गठन किया गया था, जिसकी सिफारिश पर कार्रवाई की गई।

भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर दूसरी जीत दर्ज की

जोहोर (मलेशिया), एजेंसी

सुल्तान जोहोर कप

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में अपना अजेय अभियान जारी रखा। भारत के लिए अर्शदीप सिंह (दूसरे मिनट), पीबी सुनील (15वें मिनट), अरिजीत सिंह हुंडल (26वें मिनट) और आर कुमुर (47वें मिनट) ने गोल किए जबकि न्यूजीलैंड के लिए गस नेल्सन (41वें मिनट) और ऐडन मैक्स (52वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने इससे पहले टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से हराया था।

भारत ने पहला गोल शुरुआती क्वार्टर के दूसरे मिनट में कर दिया जिसमें अर्शदीप ने आसान मौके को गोल में बदल दिया। उन्होंने दाईं ओर से सर्कल में तेजी से दौड़ लगाई और शॉट लगाया, लेकिन शुरुआत में न्यूजीलैंड के गोलकीपर ने इसे बचा लिया लेकिन वह रिबाउंड पर गोल करने में कामयाब रहे। क्वार्टर के आखिरी मिनट में भारत ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जब ड्रैगफ्लिकर और कप्तान रोहित ने गेंद सुनील को पास की और सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर पर एक बेहतरीन वैरिएशन से गोल कर दिया। भारत को दूसरे क्वार्टर में एक मौका तब मिला जब सर्कल में अरिजीत ने तेजी से घूमकर गोल पर एक सफल शॉट लगाकर स्कोर 3-0 कर दिया। न्यूजीलैंड ने आखिरकार तीसरे क्वार्टर में नेल्सन की बदौलत 41वें मिनट में खाता खोला। आर कुमुर ने 47वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को अंतिम क्वार्टर में 4-1 की बढ़त दिला दी।

एआईएफएफ ने दो विवादास्पद अनुच्छेदों को नहीं अपनाया

नई दिल्ली : अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने रविवार को अपनी विशेष आम सभा (एसजीएम) की बैठक में उच्चतम न्यायालय द्वारा मंजूर किए संविधान को अपनाया, लेकिन दो विवादास्पद अनुच्छेदों को छोड़ दिया है जो शीर्ष अदालत के समक्ष लंबित हैं।

उच्चतम न्यायालय ने 19 सितंबर को न्यायाधीश एल नागेश्वर राव द्वारा तैयार किए गए एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ मंजूरी दे दी थी और महासंघ को इसे चार हफ्तों के भीतर अपनाने का निर्देश दिया था। लेकिन संविधान के मसौदे के दो अनुच्छेद शीर्ष अधिकारियों के लिए सिरदर्द बन गए थे और एआईएफएफ ने इन दो नियमों पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया।

दिल्ली हॉफ मैराथन | दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला

कीनिया के मटाटा और रेंगरुक बने चैंपियन

नई दिल्ली, एजेंसी

कीनिया के लंबी दूरी के धावक एलेक्स मटाटा और लिलियन कासैट रेंगरुक ने रविवार को वेदांत दिल्ली हॉफ मैराथन में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग की एलीट दौड़ जीतीं। पिछले साल यहां दूसरे स्थान पर रहे।

मटाटा ने रविवार को 59 मिनट 50 सेकंड का समय निकालकर बोयेलिन टेशागर (एक घंटा 22 सेकंड) और जेम्स किपकोगी (एक घंटा 25 सेकंड) को पछाड़ा। दोनों विजेताओं को 27,000 डॉलर का पुरस्कार मिला। रेंगरुक ने एक घंटे सात मिनट 20 सेकंड का समय निकालकर महिला वर्ग का खिताब जीता। इथियोपिया की जोड़ी मेलाल सियूम बिरातु (एक घंटा सात मिनट 21 सेकंड) और मुलत टेकले (एक घंटा सात मिनट 29 सेकंड) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता के दूत और नौ बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता कार्ल लुईस ने समापन रेखा पर विजेताओं का स्वागत किया। हॉफ मैराथन, ओपन 10के चैंपियंस विद डिसेबिलिटी रन सीनियर सिटीजन रन और ग्रेट दिल्ली रन सहित विभिन्न श्रेणियों में 40,000 से अधिक धावकों ने दिल्ली की सड़कों पर दौड़ लगाई। मटाटा ने दौड़ की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए इथोपिया के टेशागर और हमवतन किपकोगी को आसानी से पछाड़ा।

दिल्ली हॉफ मैराथन में पुरुषों की एलीट ओवरऑल श्रेणी की दौड़ में शीर्ष तीन स्थान हासिल करने वाले धावक केन्याई एलेक्स मटाटा (बीच में), इथियोपिया के बोयेलिन टेशगर (दाएं) और उनके पूर्व हमवतन जेम्स की पकोगी। एजेंसी

भारतीयों में अभिषेक और सीमा विजयी

नई दिल्ली : अभिषेक पाल ने रविवार को वेदांता दिल्ली हॉफ मैराथन में तीसरी बार जीत हासिल की, जबकि सीमा ने अपने पहले ही मुकाबले में प्रभावित किया। इंडियन एलीट प्रतियोगिता में अनुभव और उभरती प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ, जहां अभिषेक पाल और सीमा ने 4,00,000 रुपये का नकद पुरस्कार जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया। पाल ने पुरुषों की दौड़ में 1:04:17 का समय लेकर जीत हासिल की, जबकि सीमा ने महिलाओं के वर्ग में 1:11:23 का समय लेकर आसानी से जीत हासिल की। यह जीत अभिषेक की दिल्ली हाफ मैराथन में तीसरी जीत थी, जबकि सीमा ने अपने पदार्पण में ही बाजी मारी।